WWW.NAVPRADESH.COM

दैनिक नव प्रदेश

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर... 3 | राजधानी 4 | अभिव्यक्ति 8 | छत्तीसगढ़ 11 | कारोबार

बिलासपुर, रविवार, 28 जुलाई 2024 श्रावण कृष्ण पक्ष - अष्टमी, विक्रम संवत -2081 / वर्ष-10 अंक- 108 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए RNI NO.CHHHIN/2015/62431 रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

## आज बेबाक

उत्तरप्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और दोनों उपमुख्यमंत्री के बीच कुछ तो गड़बड़ चल रही है। जिसपर चिलमन पड़ी है। न साफ कुछ नजर आ रहा है न ही पूरी तरह छिप पा रहा है। बहरहाल इस खींचतान पर पर्दा डालने के लिए भाजपा के बड़े नेता वहीं घिसा पिटा डॉयलाग मार रहे है कि भाजपा एक लोकतांत्रिक पार्टी है। जिसमें छोटे मोटे मतभेद होना स्वाभाविक है। जिस पार्टी में भी अंतरकलह गहराता है वह यही कहती है कि वह एक लोकतांत्रिक पार्टी है इसलिए ऐसा हो रहा है। अच्छी बात है। कहीं तो लोकतंत्र सुरक्षित है।

### भोपाल तरबतर, कई स्थानों पर जलभराव

**भोपाल (वार्ता)।** झीलों की नगरी मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल लगातार हो रही बारिश से तरबतर हो गयी। यहां पिछले दो दिनों से सावन की झड़ी लगी है, जिसके चलते अनेक स्थानों पर जलभराव की स्थिति निर्मित हो गयी। आज भी सुबह से हो रही बारिश से राजधानी पानी पानी हो गयी।

### हादसाः एक ही परिवार के 8 की मौत

**अनंतनाग।** दक्षिणी कश्मीर के अनंतनाग जिले के डकसुम में शनिवार को भीषण सड़क हादसे में एक

ही परिवार के आठ लोगों की मौत हो गई है। सभी लोग किश्तवाड़ के रहने वाले बताए जा रहे हैं। जानकारी के अनुसार परिवार किश्तवाड़ से सिंथन टॉप होते हुए मारवाह की ओर जा रहा था। पुलिस ने बताया मरने वालों में पांच बच्चे, दो महिलाएं और एक पुरुष शामिल हैं। इनकी पहचान कर ली गई है। 1. इम्तियाज राथर पुत्र गुलाम रसूल राथर निवासी किश्तावर, उम्र 45 2. अफरोजा बेगम पत्नी इम्तियाज अहमद राथर निवासी किश्तावर, उम्र 40 3. रेशमा पत्नी माजिद अहमद, उम्र 40 4. अरीबा इम्तियाज पुत्री इम्तियाज अहमद, उम्र 12 5. अनिया जान पुत्री इम्तियाज अहमद, उम्र 10 6. अबान इम्तियाज पुत्री इम्तियाज, उम्र 6 7. मुसैब माजिद पुत्र माजिद अहमद, उम्र 16 8. मुशैल माजिद पुत्र माजिद अहमद, उम्र 8।

### वक्फ बोर्ड के सदस्य की नियुक्ति पर रोक

**बिलासपुर/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने राज्य वक्फ बोर्ड में मनोनीत सदस्य की नियुक्ति पर रोक लगा दी है। न्यायमूर्ति पीपी साहू की एकल पीठ ने कहा है कि वक्फ बोर्ड में मुतवल्लियों का चुनाव नहीं हुआ है। ऐसे में नियुक्ति पर रोक लगाई जाती है। याचिका में वक्फ बोर्ड के सदस्य डॉ. सलीम राज के मनोनयन को चुनौती दी गई है। बिलासपुर निवासी मुतवल्ली मोहम्मद इजराइल ने अपने वकील के माध्यम से न्यायालय में याचिका दायर की है। इसमें उन्होंने वक्फ बोर्ड के सदस्य के पद पर डॉ. सलीम राज की नियुक्ति पर आपत्ति की है। साथ ही कहा है कि राज्य सरकार वक्फ बोर्ड के सदस्य के रूप में सांसद, विधायक और बार के सदस्य का मनोनयन कर सकती है। लेकिन, डॉ. सलीम राज न तो सांसद हैं और न ही विधायक हैं। वह वकील भी नहीं है। फिर भी उनकी नियुक्ति की गई है।

### गाजा पट्टी में मरने वाले की संख्या 200

**गाजा (वार्ता)।** निकट पूर्व में फिलिस्तीन शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र राहत एवं कार्य एजेंसी (यूएनआरडब्ल्यूए) ने कहा कि इजरायल और हमास के बीच संघर्ष की शुरुआत के बाद से गाजा पट्टी में मारे गए उसके कर्मचारियों की संख्या बढ़कर 199 हो गई है। यूएनआरडब्ल्यूए ने एक बयान में कहा कि युद्ध शुरू होने के बाद से गाजा में यूएनआरडब्ल्यूए के 199 सहयोगी मारे गए हैं। इसने कहा कि गाजा पट्टी में अस्पतालों और स्वास्थ्य सुविधाओं में लगभग 1,100 कर्मचारी लगातार काम कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि 7 अक्टूबर, 2023 को, हमास ने इजराइल के खिलाफ बड़े पैमाने पर रॉकेट हमला किया और नागरिकों और सैन्य ठिकानों दोनों पर हमला करते हुए सीमा का उल्लंघन किया।

पीएम मोदी की अध्यक्षता में हुई नीति आयोग की बैठक

# युवाओं को योग्य बनाने का लक्ष्य रखना चाहिए : मोदी

### 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने पर केंद्रित थी बैठक

**नई दिल्ली(ए.)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में नीति आयोग की नौवीं शासी परिषद की बैठक दिल्ली में शनिवार को हुई। बैठक में पीएम मोदी ने कहा कि, भारत एक युवा देश है। यह अपने कार्यबल के कारण पूरी दुनिया के लिए एक बड़ा आकर्षण है। हमें अपने युवाओं को एक कुशल और रोजगार योग्य कार्यबल बनाने का लक्ष्य रखना चाहिए। विकसित भारत 2024 बनाने के लिए कौशल, अनुसंधान, नवाचार और नौकरी आधारित ज्ञान पर जोर देना जरूरी है।

पीएम मोदी ने कहा कि, एनईपी, मुद्रा, पीएम विश्वकर्मा, पीएम सुविधा जैसी योजनाओं और आपराधिक न्याय प्रणाली में सुधार आदि का उपयोग भारतीय समाज और अर्थव्यवस्था में परिवर्तनकारी बदलाव लाने के लिए किया जाना चाहिए। बैठक में पीएम मोदी राज्यों के मुख्यमंत्रियों और केंद्र शासित प्रदेशों के उप राज्यपालों से कहा कि, 'वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनाना हर भारतीय की महत्वाकांक्षा है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने में राज्य सक्रिय भूमिका निभा सकते हैं क्योंकि वे सीधे लोगों से जुड़े हुए हैं।00 नीति आयोग की गवर्निंग काउंसिल की यह बैठक 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने पर केंद्रित थी। इस बैठक का उद्देश्य केंद्र और राज्य सरकारों के बीच सहभागी संचालन तथा सहयोग को बढ़ावा देना, वितरण तंत्र को मजबूत करके ग्रामीण और शहरी दोनों आबादी के लिए जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाना था। नीति आयोग की शीर्ष संस्था गवर्निंग काउंसिल में सभी राज्यों के मुख्यमंत्री, केंद्र शासित प्रदेशों के उप राज्यपाल और कई केंद्रीय मंत्री शामिल हैं। प्रधानमंत्री नीति आयोग के चेयरमैन हैं। बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी नीति आयोग की बैठक को बीच में ही छोड़कर बाहर चली गईं। उन्होंने कहा कि उन्हें महज पांच मिनट बोलने के बाद रोक दिया गया।

### नीति आयोग की बैठक से विरोध स्वरूप बाहर निकलीं

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में शनिवार को राजधानी में नीति आयोग की बैठक में शामिल हुईं पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी बैठक बीच में ही छोड़कर बाहर निकल गईं। बनर्जी ने बाहर आकर मीडियाकर्मियों से कहा उन्होंने कार्यवाही के संचालन को लेकर अपना विरोध जताते हुए बैठक से निकली से। मुख्यमंत्री बनर्जी ने कहा कि बैठक में उन्हें बोलने का पूरा मौका नहीं दिया गया। सुश्री बनर्जी ने कहा, 'ये कैसे चल सकता है? राष्ट्रपति भवन के सांस्कृतिक केंद्र में हो रही बैठक से निकलने के बाद सुश्री बनर्जी ने कहा, 'मैंने बैठक का बहिष्कार किया है। श्री चंद्रबाबू नायडू को बोलने के लिए 20 मिनट दिए गए, असम, गोवा, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री ने 10-12 मिनट तक बात की।

## प्रसंगवश

*नव प्रदेश की खबर का असर*

### साधुवाद की पात्र है साय सरकार

**यशवंत धोटे**

भारतीय सेना में अग्नि वीरों की भर्ती को लेकर कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी पार्टियां लगातार आपत्ति उठा रहीं हैं। ऐसे में चार साल की सेवा के बाद रिटायर होने वाले युवाओं के भविष्य को लेकर दैनिक नव प्रदेश भी लगातार इस मुद्दे पर समाचार और विचार सामने रखता रहा है। सरकार को सुझाव भी देता रहा है। जब केन्द्र सरकार ने पहले पहल केन्द्रीय सुरक्षा बलों में अग्नि वीरों को दस प्रतिशत आरक्षण देने का निर्णय लिया था तब उसका स्वागत करते हुए हमने अपनी संपादकीय टिप्पणी में सर्वप्रथम यह सुझाव दिया था कि विभिन्न राज्यों के पुलिस महकमें में भी अग्नि वीरों को आरक्षण दिया जाना चाहिए और भाजपा शासित राज्यों में ऐसी पहल होनी चाहिए। हमें खुशी हुई जब 13 जुलाई के अंक में अग्नि वीरों को आरक्षण देने का फैसला स्वागतेय शीर्षक से प्रकाशित हमारी संपादकीय टिप्पणी में दिए गए सुझाव के अनुरूप हरियाणा की नायब सिंह सैनी सरकार ने वहां पुलिस विभाग में अग्नि वीरों को दस प्रतिशत आरक्षण देने का फैसला लिया। इस फैसले का भी स्वागत करते हुए हमने नव प्रदेश के 19 जुलाई के अंक में अग्नि वीरों को छत्तीसगढ़ पुलिस में भी मिले आरक्षण शीर्षक से प्रकाशित अपनी टिप्पणी में विष्णु देव सरकार को सुझाव दिया था कि वह छत्तीसगढ़ में न सिर्फ पुलिस विभाग में बल्कि वन विभाग, जेल विभाग और आबकारी विभाग में भी अग्नि वीरों को दस प्रतिशत आरक्षण प्रदान करे। हमारे इस सुझाव पर साय सरकार ने सहमति की मुहर लगा दी है। इसके लिए साय सरकार साधुवाद की पात्र है।

# छत्तीसगढ़ 2047 तक विकसित भारत में प्रमुख भूमिका निभाएगाः सीएम साय

### नीति आयोग की गवर्निंग काउंसिल की नौवीं बैठक में शामिल हुए मुख्यमंत्री

**नई दिल्ली(ए.)।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने नीति आयोग की गवर्निंग काउंसिल की नौवीं बैठक में राज्य की विकास योजना प्रस्तुत की। उन्होंने छत्तीसगढ़ के विकास के लिए प्रस्तावित योजनाओं को साझा किया, जो विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को साकार करने में राज्य की भूमिका को स्पष्ट करती हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि, छत्तीसगढ़ 2047 तक विकसित भारत में प्रमुख भूमिका निभाएगा।

मुख्यमंत्री साय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को राज्य की प्राथमिकताओं और विकास के लिए किये जा रहे प्रयासों की जानकारी दी, जिसमें शिक्षा, मानव संसाधन विकास, स्वास्थ्य, और तकनीकी उन्नति पर जोर दिया गया। वर्तमान ❑ शेष पृष्ठ 6 पर

# विदेशों में पढ़ने का सपना जानलेवा

### 5 साल में विदेश में पढ़ाई करने वाले 633 भारतीय छात्रों की गई जान

**नई दिल्ली(ए.)।** भारतीय छात्रों का विदेशों में पढने का सपना जानलेवा साबित हो रहा है। हर साल हजारों भारतीय छात्र अलग-अलग देशों में पढने के लिए देश से बाहर निकलते हैं। मगर, उनकी मौत की घटनाओं पर सुरक्षा को लेकर सवाल उठ रहे हैं। इस बीच संसद में मानसून सत्र के दौरान विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने लोकसभा में कहा कि पिछले 5 सालों में प्राकृतिक कारणों सहित विभिन्न कारणों से विदेश में भारतीय छात्रों की मौत की 633 घटनाएं हुईं। संसद में मॉनसून सत्र के दौरान एक प्रश्न का लिखित जवाब देते हुए विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने 172 मामलों के साथ कनाडा सबसे पहले स्थान पर रखा. कीर्ति वर्धन सिंह ने बताया कि इस अवधि में हमलों के कारण कुल 19 भारतीय छात्रों की मौत हुई, जिनमें सबसे ज्यादा 9 मौतें कनाडा में ❑ शेष पृष्ठ 6 पर

### 2019 से 633 छात्रों की मौतें

मोदी सरकार के मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने शुक्रवार (26 जुलाई) को एक प्रश्न के लिखित उत्तर में जवाब देते हुए बताया कि मंत्रालय के पास उपलब्ध सूचना के अनुसार पिछले 5 सालों में प्राकृतिक कारणों, दुर्घटनाओं और मेडिकल इमरजेंसी जैसी स्थितियों सहित विभिन्न कारणों से विदेश में भारतीय छात्रों की मौतों की 633 घटनाएं हुई हैं।

विदेश मंत्री ने लाओस के पीएम से की मुलाकात

# भारतीय नागरिकों की तस्करी के मुद्दे पर की चर्चा

**वियनतियाने/ नई दिल्ली (वार्ता)।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने शनिवार को लाओस के प्रधानमंत्री सोनेक्साय सिफांडोन से मुलाकात की। इस दौरान विदेश मंत्री ने दक्षिण पूर्व एशियाई देश में साइबर घोटाला केंद्रों के जरिए भारतीय नागरिकों की तस्करी का मुद्दा उठाया तथा रक्षा एवं ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में विकास साझेदारी और सहयोग पर चर्चा की।

विदेश मंत्रालय ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट किया, विदेश मंत्री आसियान की बैठक के लिए लाओस में हैं, उन्होंने कंबोडियाई और थाईलैंड के विदेश मंत्रियों के साथ भारतीय नागरिकों की तस्करी के मुद्दे पर भी चर्चा की।डॉ जयशंकर ने एक्स पर कहा, लाओस के पीएम सोनेक्से सिफांडोन से मुलाकात करते हुए खुशी हो रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से हार्दिक बधाई दी। रक्षा, विरासत संरक्षण, ऊर्जा, डिजिटल और क्षमता निर्माण में हमारी विकास साझेदारी और सहयोग पर चर्चा की। हमारे घनिष्ठ संबंधों को और मजबूत करने के लिए उनके मार्गदर्शन को महत्व दिया, जो साझा सभ्यतागत जुड़ाव में ❑ शेष पृष्ठ 6 पर

# रिंग ऑफ फ्लेम्स के साथ हुआ पेरिस ओलंपिक का आगाज

### सिंधू-कमल ने की भारतीय दल की अगुवाई

**पेरिस।** सीन नदी पर नावों में परेड करते खिलाडिय़ों की मनोहारी छवियों के बीच परंपरा से हटकर हुए 33वें ओलंपिक खेलों के रंगारंग उद्घाटन समारोह में शुक्रवार को फ्रांस ने अपनी सांस्कृतिक विविधता, क्रांति के इतिहास, वास्तुकला की शानदार विरासत की बानगी दुनिया के सामने पेश की। आम तौर पर स्टेडियम में होने वाली देशों की परेड की परंपरा से अलग यहां छह किलोमीटर की परेड आस्टरलिज ब्रिज से शुरू हुई जिसमें 85 नावों में 205 देशों के 6800 से अधिक खिलाड़ी सवार थे और एक शरणार्थी ओलंपिक टीम भी थी। भारतीय दल की अगुवाई दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी वी सिंधू और टेबल टेनिस दिग्गज अचंत शरत कमल ने की। भारतीय दल 84वें नंबर पर आया। महिला खिलाडियों ने राष्ट्रीय ध्वज के तीन ❑ शेष पृष्ठ 6 पर

## कुपवाड़ा में एक घुसपैठिया ढेर, एक अधिकारी समेत पांच जवान घायल

**श्रीनगर(वार्ता)।** जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में नियंत्रण रेखा के करीब माछिल सेक्टर के कुमकारी इलाके में शनिवार को सेना के सतर्क जवानों ने एक घुसपैठिया को मार गिराया, लेकिन दोनों ओर से हुई गोलीबारी में सेना के एक अधिकारी सहित पांच जवान घायल हो गये।अधिकारियों ने आज यहां यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि माछिल सेक्टर के कुमकारी सेक्टर में आज सुबह सतर्क भारतीय सेना के जवानों ने बॉर्डर एक्शन टीम (बीएटी) की कार्रवाई को नाकाम कर दिया है। जिसमें पाकिस्तानी घुसपैठिया मारा गया है। सेना श्रीनगर स्थित चिनार कोर ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, नियंत्रण रेखा पर माछिल सेक्टर के कुमकारी में एक अग्रिम चौकी पर गोलीबारी ❑ शेष पृष्ठ 6 पर

## पंप सुधारने कुएं में उतरे तीन लोगों की मौत

**बेमेतरा/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ के बेमेतरा जिले में एक दर्दनाक हादसा हुआ है। नवागढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम कुआं में कुएं के अंदर पंप सुधारने के लिए उतरे तीन लोगों की मौत हो गई है। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया है। घटना की सूचना पर नवागढ़ पुलिस व नवागढ़ तहसीलदार विनोद बंजारे मौके पर पहुंच गए हैं। पुलिस मामले में आगे की कार्रवाई करने में जुटी हुई है। नवागढ़ तहसीलदार विनोद बंजारे ने बताया कि खेत के कुंए में पहले से पंप लगा हुआ था। इसे सुधारने के लिए सबसे पहले दो लोग उतरे थे। इसके बाद वो वापस नहीं आए।

फिर तीसरा व्यक्ति कुएं में उतर गया, वो भी वापस नहीं आया। मौके पर रेस्क्यू के लिए दुर्ग से एसडीआरएफ की टीम को बुलाया गया है। उनके आने के बाद कुएं के अंदर ❑ शेष पृष्ठ 6 पर

## गरमा - गरम

## चिंतन

*लोकतंत्र की भावना को आघात पहुंचा रहा सदन में अशोभनीय व्यवहार*

# आपकी उपस्थिति का मतलब यह नहीं है कि आप हिट-एंड-रन रणनीति अपनाएं

### सांसदों पर जमकर बरसे जगदीप धनखड़

**नई दिल्ली(ए.)।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शनिवार को कहा कि राजनीतिक लाभ उठाने के लिए सदन की कार्यवाही के दौरान अशोभनीय व्यवहार लोकतंत्र की भावना को आघात पहुंचाता है। इस दौरान उन्होंने इस बात पर भी दुख जताया कि आजकल सदस्य दूसरों के विचारों को सुनने को बिल्कुल तैयार नहीं हैं।

### ओरिएंटेशन कार्यक्रम में नए राज्यसभा सदस्यों को दी सलाह

राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने एक ओरिएंटेशन कार्यक्रम में नए राज्यसभा सदस्यों से कहा- आप दूसरों के विचारों से असहमत होने के लिए स्वतंत्र हैं। लेकिन दूसरे के दृष्टिकोण को नजरअंदाज करना संसदीय परंपरा का हिस्सा नहीं है।

उन्होंने कहा कि कुछ सदस्य अखबारों में जगह पाने की कोशिश करते हैं और सदन से बाहर निकलने के तुरंत बाद मीडिया में बयान देते हैं और लोगों का ध्यान खींचने के लिए सोशल मीडिया का भी इस्तेमाल करते हैं।

### सदस्यों के व्यवहार से दुखी नजर आए सभापति

उन्होंने आगे कहा कि कुछ सदस्य सदन में अपने भाषण से एक मिनट पहले आते हैं और भाषण खत्म होने के तुरंत बाद चले जाते हैं।

आपकी उपस्थिति का मतलब यह नहीं है कि आप हिट-एंड-रन रणनीति अपनाएं। उपराष्ट्रपति ने कहा कि संसद संवैधानिक मूल्यों और स्वतंत्रता का गढ़ रही है। उन्होंने कहा कि कई बार समस्याएं आई हैं, लेकिन सदन के नेताओं ने बुद्धिमता का प्रयोग करते हुए रास्ता दिखाया है।

### आपातकाल के समय को भी धनखड़ ने किया याद

उन्होंने सदस्यों से कहा, लेकिन अब स्थिति चिंताजनक है। अभद्र व्यवहार को राजनीतिक हथियार के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है, जो लोकतंत्र की भावना पर आघात है। इस दौरान उन्होंने ने अपने भाषण में आपातकाल के दौर का भी जिक्र किया, उन्होंने कहा कि- केवल एक दर्दनाक, हृदय विदारक काला दौर रहा है, जब आपातकाल की घोषणा की गई थी। उस समय हमारा संविधान केवल कागज बनकर रह गया था। इसे फाड़ दिया गया था और नेताओं को जेल में डाल दिया गया था।

### राजनीति करना स्वस्थ प्रजातंत्र के लिए जरूरी

राज्यसभा के सभापति ने कहा कि हम संसदीय प्रणाली को राजनीतिक दल की भूमिका से आकलन कर के नहीं देख सकते। राजनीति का स्थान है, राजनीति करनी होती है। राजनीति करना स्वस्थ प्रजातंत्र के लिए आवश्यक है। लेकिन राष्ट्र से जुड़े हुए मुद्दों को देखकर, राष्ट्रहित को देखकर, राष्ट्रवाद को समर्पित करते हुए।



## बर्फानी के दर्शन के लिये 1771 तीर्थयात्रियों का नया जत्था रवाना

*जम्मू (वार्ता)। दक्षिणी कश्मीर में हिमालय में स्थित पवित्र अमरनाथ गुफा के दर्शन करने के लिये करीब 1771 तीर्थयात्रियों का एक नया जत्था 'बम बम भोले' की गूंज के साथ शनिवार को यहां भगवती नगर यात्री निवास आधार शिविर से रवाना हुआ। जानकारी के अनुसार करीब 1771 तीर्थयात्री 63 वाहनों के बेड़े में पहलगाम और बालटाल दोनों मार्गों के लिए रवाना हुये। इनमें से 772 तीर्थयात्री बालटाल के लिए और 999 तीर्थयात्री पहलगाम के लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच आधार शिविर से रवाना हुये। श्रद्धालुओं के 'बम बम भोले' मंत्र के तेज उच्चारणों से वातावरण आनंदमय हो गया। उल्लेखनीय है कि पिछले साल 4.5 लाख से अधिक तीर्थयात्रियों ने बाबा बर्फानी के स्वनिर्मित शिवलिंग के दर्शन दर्शन किये थे।इस साल वार्षिक अमरनाथ यात्रा 29 जून को शुरू हुई थी और यह 52 दिनों तक चलेगी। श्री अमरनाथ यात्रा 19 अगस्त को समाप्त होगी।*

### राज्यों ने अग्निवीरों के लिए क्या-क्या ऐलान किए

# कहीं पुलिस भर्ती में 10% आरक्षण, कहीं उम्र सीमा में 3 साल की छूट

**नई दिल्ली/ए.।** अग्निपथ भर्ती योजना को लेकर अब राजस्थान सरकार ने बड़ी छूट की घोषणा की है। राजस्थान में रिटायर्ड अग्निवीरों को स्टेट पुलिस सहित अन्य सरकारी नौकरियों में आरक्षण मिलेगा। इससे पहले उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, गुजरात सहित कई राज्य अग्निवीरों के लिए आरक्षण का ऐलान कर चुके हैं। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जेल और वन रक्षकों और स्टेट पुलिस की भर्ती में अग्निवीरों के लिए आरक्षण की घोषणा की है। इससे पहले उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी कहा था कि अग्निवीर जब अपनी सेवा के बाद वापस आएंगे तो उन्हें यूपी सरकार पुलिस सेवा में, क्क्रष्ट में प्राथमिकता के आधार पर समायोजन की सुविधा दी जाएगी। उनके लिए उत्तर प्रदेश पुलिस में एक निश्चित आरक्षण की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

**मध्य प्रदेश ने भी किया आरक्षण का ऐलानः** कारगिल विजय दिवस के मौके पर सीएम मोहन यादव ने भी अग्निवीर जवानों को पुलिस और राज्य सशस्त्र बलों में आरक्षण देने की घोषणा की थी। मोहन यादव ने कहा, 'आज कारगिल दिवस के अवसर पर हमारी सरकार ने निर्णय किया है कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इच्छानुसार अग्निवीर जवानों को पुलिस एवं सशस्त्र बलों की भर्ती में आरक्षण दिया जाएगा। ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने अग्निवीरों के लिए 10 फीसदी कोटा और पांच साल की आयु में छूट की घोषणा की है।

**उत्तराखंड के सीएम ने भी की घोषणाः** हाल ही में केंद्रीय गृह मंत्रालय ने पूर्व अग्निवीरों के लिए केंद्रीय अर्धसैनिक बलों में 10 फीसदी पद आरक्षित करने का फैसला किया था। केंद्र सरकार ने केंद्रीय सशस्त्र बल और असम राइफल्स में 10 फीसदी पूर्व अग्निवीरों को आरक्षण देने की घोषणा की है। इसके तहत पूर्व अग्निवीरों को कांस्टेबल और राइफलमैन के पद पर आयु सीमा और फिजिकल टेस्ट में छूट मिलेगी। उत्तराखंड की धामी सरकार ने भी अग्निपथ योजना के तहत रिटायर होने वाले युवाओं को राज्य सरकार की नौकरियों में आरक्षण दिए जाने का ऐलान किया है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को इसके लिए रोडमैप तैयार करने के लिए कहा है।

### गुजरात और छत्तीसगढ़ में भी मिलेगी छूट

गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने भी अपने ट्वीट में लिखा कि 'गुजरात सरकार अग्निवीरों को आम्र्ड पुलिस और स्क्रक्क की भर्ती में प्राधान्यता देगी। वहीं छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भी कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार अग्निवीरों को विशेष आरक्षण देगी। सेना में सेवा देने के बाद ये जवान राज्य सरकार के विभिन्न बलों में भर्ती हो सकेंगे। उन्होंने कहा कि इसके लिए जल्द ही आरक्षण की तय गाइडलाइन जारी की जाएगी।

## भ्रष्टाचार का सरगना कहे जाने पर भड़के शरद पवार

### शाह को सुप्रीम कोर्ट के फैसले की दिलाई याद

**मुंबई/ए.।** एनसीपी (एसपी) प्रमुख शरद पवार ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर उनके बयान को लेकर पलटवार किया है। दरअसल अमित शाह ने बीते दिनों अपने एक बयान में शरद पवार को राजनीति में भ्रष्टाचार का सरगना करार दिया था। अब शरद पवार ने अमित शाह पर पलटवार किया है। शरद पवार ने कहा कि ये हैरानी की बात है कि एक व्यक्ति जिसे सुप्रीम कोर्ट द्वारा गुजरात से बाहर किया गया था, वो देश का इतना अहम मंत्रालय संभाल रहा है।

### शरद पवार ने निर्वासन की दिलाई याद

शरद पवार ने कहा कि कुछ दिन पहले गृह मंत्री अमित शाह ने मेरे खिलाफ बयान दिया था और कुछ बातें कही थीं। उन्होंने कहा था कि शरद पवार देश के भ्रष्ट लोगों के कमांडर हैं। हैरानी है कि एक ऐसा व्यक्ति देश का गृह मंत्री है, जिसे कानून के गलत इस्तेमाल के चलते सुप्रीम कोर्ट ने गुजरात से बाहर कर दिया था। एनसीपी प्रमुख ने कहा जिस व्यक्ति को निर्वासित किया गया था, वो आज देश का गृह मंत्री है। ऐसे में हमें सोचना चाहिए कि हम किस तरफ जा रहे हैं। वह देश को गलत दिशा में लेकर जा रहे हैं और हमें इस पर ध्यान देने की जरूरत है। अमित शाह को साल 2010 में सोहराबुद्दीन शेख एनकाउंटर मामले में दो साल के लिए राज्य से निर्वासित किया गया था। अमित शाह ने पुणे में एक कार्यक्रम के दौरान शरद पवार पर तीखा हमला बोला था। अमित शाह ने शरद पवार को देश में भ्रष्ट लोगों का सरगना बताया था। अमित शाह ने कहा था कि 'विपक्ष हम पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाता है, लेकिन देश की राजनीति में भ्रष्टाचार के सबसे बड़े सरगना शरद पवार हैं। अगर किसी राजनेता ने सरकार में भ्रष्टाचार को संस्थागत बनाया तो वे शरद पवार थे और मुझे ये कहने में जरा भी संकोच नहीं है। अब वे हम पर क्या आरोप लगाएंगे?

### नीति आयोग की मीटिंग में माइक बंद करने के आरोपों पर वित्त मंत्री का जवाब

# ममता को बोलने का पर्याप्त समय मिला, झूठ पर नैरेटिव बंद करें

**नई दिल्ली (वार्ता)।** दिल्ली में शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में नीति आयोग की गवर्निंग काउंसिल की 9वीं बैठक हुई। मीटिंग में शामिल होने पहुंचीं पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने आरोप लगाया कि उन्हें बोलने का मौका नहीं दिया गया। सरकारी सूत्रों ने ममता के दावों को खारिज किया है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि ममता बनर्जी ने मीडिया में कहा है कि उनका माइक बंद कर दिया गया, यह पूरी तरह से झूठ है। ममता बनर्जी के आरोपों पर निर्मला सीतारमण ने कहा, 'सीएम ममता बनर्जी नीति आयोग की बैठक में शामिल हुईं। हम सभी ने उन्हें सुना। हर मुख्यमंत्री को अलॉट किया हुआ समय दिया गया जो हर टेबल पर लगी स्क्रीन पर दिखाई दे रहा था। उन्होंने मीडिया में कहा कि उनका माइक बंद कर दिया गया था। यह पूरी तरह से झूठ है।

केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि ममता बनर्जी जो कह रही हैं वह पूरी तरह से मिसलीडिंग है। उन्होंने खुद कहा कि वह जल्दी निकलना चाहती हैं इसलिए उन्हें पहले बोलने की अनुमति दी जानी चाहिए। उन्हें पूरा समय दिया गया। उनकी घंटी भी नहीं बजी थी। उन्होंने अपनी बात कही। फिर वह बाहर आ गईं और वही किया जो उन्हें करना था। अफसोस की बात है। केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा, 'मैंने नहीं देखा कि (नीति आयोग) बैठक में क्या हुआ। मैं केवल इतना ही कह सकता हूं कि यह तथाकथित ढ्ढहृष्ठढ्ढ गठबंधन कोई गठबंधन नहीं है क्योंकि ममता ने पश्चिम बंगाल में कांग्रेस को एक भी सीट नहीं दी। वे जनता के जनादेश को पचा नहीं पा रहे हैं इसलिए हाय तौबा मचा रहे हैं।

### ये मेरा अपमान है..

ममता ने कहा, 'मैंने कहा बंगाल को फंड दीजिए और आप भेदभाव मत कीजिए। मैंने बोला जब केंद्र सरकार चलाते हैं तो सारे राज्यों का सोचना चाहिए। मैं सेंट्रल फंड के बारे में बता रहा थी कि इसे पश्चिम बंगाल को नहीं दिया जा रहा है, तभी उन्होंने मेरा माइक म्यूट कर दिया। मैंने कहा कि विपक्ष से मैं ही बैठक में भाग ले रही हूं, आपको खुश होना चाहिए, इसके बजाय आप अपनी पार्टी और सरकार को अधिक वरीयता दे रहे। यह न केवल बंगाल का अपमान है, बल्कि सभी क्षेत्रीय दलों का भी अपमान है। ये मेरा भी अपमान है।

### केंद्रीय मंत्रियों ने ममता बनर्जी पर साधा निशाना

केंद्रीय मंत्री पंकज चौधरी ने कहा, 'पार्लियामेंट में कोई कहता है मेरा माइक बंद कर दिया जाता है, कोई कहता है मुझे बोलने नहीं दिया जाता। ये कहीं ना कहीं अफवाह है और जनता को गुमराह करने का प्रयास किया जा रहा है। मैं उस मीटिंग में था नहीं लेकिन मुझे पूरा विश्वास है कि ऐसा नहीं हुआ होगा।

**बैठक बीच में ही छोड़कर निकलीं ममता बनर्जीः** ममता बनर्जी नीति आयोग की बैठक को बीच में ही छोड़कर निकल आईं। उन्होंने कहा, 'मैंने बैठक का बहिष्कार किया है। चंद्रबाबू नायडू को बोलने के लिए 20 मिनट दिए गए। असम, गोवा, छत्तीसगढ़ के सीएम ने 10-12 मिनट तक बात की। मुझे सिर्फ पांच मिनट बाद बोलने पर ही रोक दिया गया। यह गलत है। उन्होंने कहा, 'विपक्ष की ओर से, सिर्फ मैं यहां प्रतिनिधित्व कर रही हूं और इस बैठक में इसलिए भाग ले रही हूं क्योंकि सहकारी संघवाद को मजबूत करने में मेरी अधिक रुचि है। नीति आयोग के पास कोई वित्तीय शक्तियां नहीं हैं, यह कैसे काम करेगा? इसे वित्तीय ताकत दें या योजना आयोग को वापस लाएं। मैंने अपना विरोध दर्ज कराया और मैं बाहर आ गई।

### पीएम बोले- विकसित भारत @2047 हर भारतीय की महत्वाकांक्षा

नीति आयोग की बैठक में पीएम मोदी ने कहा, 'विकसित भारतञ्च2047 हर भारतीय की महत्वाकांक्षा है। राज्य इस लक्ष्य को हासिल करने में सक्रिय भूमिका निभा सकते हैं क्योंकि वे लोगों से सीधे जुड़े हुए हैं। उन्होंने कहा, 'यह दशक बदलावों का है, तकनीकी और भू-राजनीतिक के साथ-साथ अवसरों का भी। भारत को इन अवसरों का लाभ उठाना चाहिए और अपनी नीतियों को अंतरराष्ट्रीय निवेश के लिए अनुकूल बनाना चाहिए। यह भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में प्रगति की सीढ़ी है।

## डोडा आतंकी हमले के दहशतगर्दों का पुलिस ने जारी किया स्केच

### जानकारी देने वाले को मिलेगा पांच लाख का इनाम

**जम्मू (वार्ता)।** जम्मू कश्मीर पुलिस ने डोडा में हुए आंतकी हमले को लेकर तीन दहशतगर्दों की स्केच जारी किए हैं। डोडा जिले में एक कैप्टन समेत चार जवानों का बलिदान हो गया था। जिसके जिम्मेदार तीन आतंकवादियों के स्केच जारी किए और उनके सिर पर पांच लाख रुपये के नकद इनाम की घोषणा की गई है। डोडा में जून से कई आतंकवादी घटनाएं हुई हैं। डोडा पुलिस ने अपने आधिकारिक एक्स पोस्ट पर इन आतंकवादियों के स्केच जारी किए हैं। जम्मू कश्मीर जिला पुलिस डोडा ने हाल ही में हुए आतंकी हमले में शामिल तीन आतंकवादियों के स्केच जारी किए। पुलिस ने किसी भी आतंकवादी की जानकारी बताने वाले को पांच लाख रुपये के इनाम की घोषणा की है।

डोडा पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए कहा कि ये तीनों आतंकी ऊपरी इलाकों खासकर जंगल में घूम रहे हैं। बीती 16 जुलाई को आंतकवादी विरोधी अभियान के दौरान गोलीबारी में एक कैप्टन और तीन जवान शहीद हो गए थे। आगे कहा कि जम्मू-कश्मीर पुलिस ने इन तीनों आतंकवादियों पर पांच लाख रुपये का नकद इनाम घोषित किया है। आम जनता से उनके बारे में जानकारी देने की अपील की गई है। साथ ही आश्वासन दिया कि सूचना देने वाले की पहचान गुप्त रहेगी।

### पाकिस्तान की बैट टीम जो जम्मू-कश्मीर में आतंकियों की कर रही मदद

पाकिस्तान की बॉर्डर एक्शन टीम यानी बैट का घिनौना चेहरा एक बार फिर सामने आया है। पाकिस्तान के ये कमांडों सेना और प्रशिक्षित आतंकियों की टुकड़ी है जो भारतीय सीमा में घुसपैठ कर अपनी करतूतों को अंजाम देती है। पाकिस्तानी सेना इन आतंकियों को कवर देती है। बैट को बेहद क्रूर बनाने के लिए पाकिस्तान की स्पेशल फोर्स उन्हें खास ट्रेनिंग देती है। युद्ध में माहिर होती है जो पाकिस्तान की स्पेशल सर्विस ग्रुप के साथ मिलकर काम करती है। कहा जाता है कि आईएसआई इनको खुफिया सूचनाएं मुहैया कराती है। बैट को प्रशिक्षण इस तरह दिया जाता है ताकि वह क्रूरता की कोई भी हदें पार कर सकें।

## केंद्रीय मंत्री का खुलासा-मिशन से पहले ही अंतरिक्ष जाएगा भारत का गगनयात्री

**नई दिल्ली(ए.)।** भारत के गगनयान मिशन की तैयारियां जोरों पर हैं। अब केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने बताया है कि गगनयान मिशन के चार गगनयात्रियों में से एक गगनयात्री को अगस्त में अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष केंद्र (ढ्ढस्स्) भेजा जाएगा। भारत के गगनयात्री को भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी इसरो और अमेरिका की अंतरिक्ष एजेंसी नासा साथ मिलकर अगस्त में आईएसएस भेजेंगे। गुरुवार को टीएमसी सांसद सौगत राय ने संसद में एक सवाल किया था, जिसमें सौगत राय ने लोकसभा में गगनयान मिशन के बारे में जानकारी मांगी थी। इस सवाल के जवाब में केंद्रीय विज्ञान और तकनीक राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जितेंद्र सिंह ने बताया कि गगनयान मिशन के क्रू के एक सदस्य को इसरो और नासा के बीच एक साझा अभ्यास के तहत अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष केंद्र भेजा जाएगा।

## भारत की क्षमताओं की परीक्षा लेने वालों के सिर कुचल दिये जायेंगे: सिन्हा

**नई दिल्ली(वार्ता)।** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने कहा है कि देश में आतंकवाद के लिए कोई जगह नहीं है और चेतावनी दी है कि जल्द ही उन लोगों के सिर कुचल दिये जायेंगे जो भारत के धैर्य और क्षमताओं की परीक्षा लेना चाहते हैं। श्री सिन्हा ने शुक्रवार को यहां जम्मू-कश्मीर संभव उत्सव 2.0 को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बल देकर कहा जम्मू क्षेत्र में, चाहे वह जम्मू-कश्मीर पुलिस हो, सेना के हमारे बहादुर सैनिक हों या हमारे सीएपीएफ जवान हों, एक रणनीति तैयार की गई है और यह समय की बात है; जो लोग यहां समस्याएं उत्पन्न कर रहे हैं उनका भी वही हश्र होगा जो दूसरों का हुआ। पूर्व सांसद डॉ. कर्ण सिंह द्वारा उठाई गई चिंताओं का जवाब दे रहे थे। विकास के लिए सुरक्षा बहुत आवश्यक है। पिछले चार से छह हफ्तों में जम्मू क्षेत्र में हुई आतंकवादी घटनाओं ने चिंताएं बढ़ा दी हैं।

## दीर अल-बलाह में स्कूल पर इस्राइली हमला, 30 की मौत; 100 से ज्यादा घायल

**गाजा/रायटर/वार्ता।** फलस्तीनी स्वास्थ्य अधिकारियों ने कहा किया कि मध्य गाजा के दीर अल-बलाह में एक स्कूल पर इस्राइल के हमले में कम से कम 30 लोग मारे गए। वहीं, इस्राइली सेना ने दावा किया कि उसने हमास के कमांड सेंटर को निशाना बनाया है।

**हमले में 100 से अधिक घायल**

गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय और हमास द्वारा संचालित मीडिया कार्यालय ने दीर अल-बलाह में स्कूल पर हमले में मारे गए लोगों की संख्या 30 बताई। यह गाजा के विस्थापित परिवारों की सबसे बड़ी आबादी वाले क्षेत्रों में से एक है। मीडिया कार्यालय के मुताबिक, इस हमले में सौ से अधिक लोग घायल हुए हैं।

**स्कूल के अंदर हमास का कमांड सेंटरः आईडीएफ**

इस्राइली सेना (आईडीएफ) ने एक बयान में दावा किया कि उसने मध्य गाजा के खदीजा स्कूल परिसर के अंदर हमास के कमांड और नियंत्रण केंद्र को निशाना बनाया है। बयान में कहा गया है कि स्कूल का इस्तेमाल उनके सैनिकों पर हमले करने और हथियारों को जमा करने के लिए किया जा रहा था। आईडीएफ ने कहा कि उसने हमले से पहले वहां के नागरिकों को चेतावनी दी थी।

**घायलों को अल-अक्सा अस्पताल में भर्ती कराया गया**

घायलों को एंबुलेंस के जरिए दीर अल-बलाह के अल-अक्सा अस्पताल में ले जाया गया। कुछ घायल पैदल भी पहुंचे, जिनके कपड़े खून से सने थे। इससे पहले इस्राइली सेना ने हमास पर आरोप लगाया था कि वह नागरिकों की आड़ में हमले कर रहा है और घनी आबादी वाले इलाकों, स्कूलों और अस्पतालो से हमलों को अंजाम दे रहा है।

### एस-400: भारत की हवाई सुरक्षा चाक-चौबंद

# एस-400 सिस्टम ने 'दुश्मन' के 80% विमानों को बनाया निशाना

**नई दिल्ली/ए.।** भारत के सुदर्शन एस-400 एयर डिफेंस मिसाइल सिस्टम ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। दरअसल सुदर्शन एस-400 सिस्टम ने अभ्यास के दौरान 'दुश्मन' के पैकेज के 80 फीसदी लड़ाकू विमानों को निशाना बनाया। भारत की सीमाओं की हवाई सुरक्षा के लिहाज से इसे अहम माना जा रहा है।

### अभ्यास में एस-400 ने अपने प्रदर्शन से किया खुश

यह अभ्यास भारतीय वायुसेना द्वारा किया गया था, जिसमें वायुसेना ने एस-400 हवाई सुरक्षा सिस्टम की एक स्कवाड्रन तैनात की थी। इस अभ्यास का मकसद एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम की क्षमताओं की जांच करना था। अभ्यास में वायुसेना के लड़ाकू विमानों ने बतौर दुश्मन उड़ान भरी। अभ्यास के दौरान एस-400 ने अपने टारगेट को लॉक किया और बतौर दुश्मन उड़ान भर रहे करीब 80 फीसदी विमानों पर निशाना साधा। एस-400, जिसे पहले एस-300 पीएम-3 के नाम से जाना जाता था, एक मोबाइल सिस्टम के जरिए सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल प्रणाली है। इसे 1990 के दशक में रूस के एनपीओ अल्माज द्वारा एस-300 मिसाइलों के अपग्रेड के रूप में विकसित किया गया था। एस-400 को 28 अप्रैल 2007 को सेवा के लिए मंजूरी दी गई थी और सिस्टम की पहली बटालियन ने 6 अगस्त 2007 को तैनात की गई थी। एस-400 की ऑपरेशनल रेंज 400 किमी तक है, जिसमें अलग, अगल रेंज की कई मिसाइलें शामिल हैं। इन मिसाइलों का इस्तेमाल जरूरत के हिसाब से किया जा सकता है।

### 35 हजार करोड़ में किया था एस-400 का सौदा

एस-400 को वायुसेना द्वारा तैनात कर दिया गया है और अभी एस-400 की तीन स्कवॉड्रन तैनात की जा चुकी हैं और साल 2026 तक इसकी दो और स्कवॉड्रन भारत पहुंच सकती हैं। बता दें कि एस-400 हवाई सुरक्षा सिस्टम को रूस द्वारा विकसित किया गया है। भारत ने रूस के साथ 35 हजार करोड़ रुपये में पांच एस-400 सिस्टम की डील की थी। अभी डील के तहत दो और स्कवॉड्रन भारत पहुंचनी है। भारत सरकार ने रूस से अपील की है कि बाकी बचे हुए दो स्कवॉड्रन की भी जल्द ही आपूर्ति की जाए। भारत की हवाई सीमा को चाक-चौबंद करने के लिए हाल ही में वायुसेना को एमआर-सैम और आकाश मिसाइल सिस्टम भी मिला है। साथ ही इस्राइल का जमीन से हवा में मार करने वाला स्पाइडर क्विक रिएक्शन सिस्टम भी भारत की हवाई सीमाओं को चाकचौबंद बनाएगा।

न्यूज गैलरी

## केंद्रीय राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर दो दिवसीय छत्तीसगढ़ प्रवास पर

रायपुर/नवप्रदेश। केंद्रीय राज्य मंत्री, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय श्रीमती सावित्री ठाकुर 27 एवं 28 जुलाई को दो दिवसीय छत्तीसगढ़ के प्रवास पर रहेंगी। प्राप्त दौरा कार्यक्रम के अनुसार केंद्रीय राज्य मंत्री श्रीमती ठाकुर 27 जुलाई को शाम 6.30 बजे रायपुर एयरपोर्ट पहुंचेंगी। उसके बाद 6.45 बजे सर्किट हाउस रायपुर पहुंचेंगी। रात्रि 7.30 बजे सड़क मार्ग से रायपुर से अंबिकापुर के लिए प्रस्थान करेंगी। रात्रि 11.55 बजे सर्किट हाउस अंबिकापुर पहुंचेंगी। 28 जुलाई को सुबह 9.30 बजे मंत्री श्रीमती ठाकुर द्वारा आंगनबाड़ी और सखी वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण किया जायेगा। इसके बाद सुबह 11 बजे से पीजी कॉलेज ऑडिटोरियम में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के ÷मन की बात÷ कार्यक्रम में शामिल होंगी। दोपहर 12.15 बजे प्रेस कॉन्फ्रेंस लेंगी। दोपहर 12.30 बजे से छत्तीसगढ़ शासन से महिला एवं बाल विकास विभाग मंत्री एवं अधिकारियों के साथ बैठक लेंगी। बैठक के बाद दोपहर 2 बजे सर्किट हाउस अंबिकापुर से रायपुर के लिए रवाना होंगी। रात्रि 7.30 बजे रायपुर पहुंचकर 9.30 बजे वायु मार्ग से दिल्ली के रवाना होंगी।

## घर से नगदी सहित सामान चोरी

रायपुर/नवप्रदेश। मठपुरैना टिकरापारा स्थित मकान से नकदी 20 हजार सहित हजारों रुपए का सामान अज्ञात चोर ने पार कर दी। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। प्रार्थी भूपेन्द्र उपाध्याय 24 वर्ष पानी टंकी के पास मठपुरैना का रहने वाला है। बताया जाता है कि अज्ञात चोर ने प्रार्थी के कमरे में प्रवेश कर नकदी 20 हजार सहित लेपटाप, 2 नग मोबाइल फोन पार कर दिया। चोरी गए जुमला कीमती करीब 40 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## लोक परीक्षा अनुचित साधन निवारण अधिनियम पर आयोजित हुई कार्यशाला

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग, नवा रायपुर अटल नगर में शुक्रवार को लोक परीक्षा (अनुचित साधन निवारण) अधिनियम, 2024 (द पब्लिक एक्जामिनेशन, प्रीवेंशन ऑफअनफेयर मींस, एक्ट 2024) पर कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में केन्द्र सरकार द्वारा पारित नये कानून के प्रावधानों के संदर्भ में आयोग के पैनल अधिवक्ता डॉ. सुदीप अग्रवाल, अधिवक्ता उच्च न्यायालय द्वारा उक्त कानून के संबंध में व्याख्यान दिया गया। विदित हो कि उक्त कानून 21 जून 2024 से भारत सरकार द्वारा लागू किया गया है, जिसके तारतम्य में उत्तरप्रदेश तथा बिहार सरकार द्वारा भी इस कानून को राज्य की परीक्षाओं में लागू करने का अध्यादेश पारित किया गया है। छत्तीसगढ़ राज्य में इस कानून को लागू करने के लिए लोक सेवा आयोग द्वारा शासन को पत्र प्रेषित किया गया है।

# सप्ताह भर से लगातार बारिश, अब जन और धन की होने लगी हानि

- बालोद, बेमेतरा, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, राजनांदगांव, मोहला मानपुर-अंबागढ़ चौकी और कांकेर जिले में भारी से अति भारी बारिश की संभावना

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में लगातार हो रही बारिश से नदी-नालों का जलस्तर काफी बढ़ गया और जनजीवन पूरीतरह अस्त-व्यस्त हो गया है। गत एक सप्ताह से हो रही बारिश की वजह से जन और धन की हानि होने लगी है। यही नहीं बारिश की वजह से राज्य के बेमेतरा जिले में तीन दिन के लिए स्कूलों में अवकाश के आदेश जिलाधिकारी ने दिए हैं। कांकेर जिले के कई गांव टापू में तब्दील हो गए हैं। कोयलीबेड़ा की मेंढकी नदी उफान पर है ऐसे में ग्रामीण साप्ताहिक बाजार भी नहीं जा पा रहे हैं। इसके साथ ही बीजापुर जिले के भोपालपटनम ब्लॉक के कई इलाकों में फिर से बाढ़ के हालात बन गए हैं। नेशनल हाइवे-163 तारलागुड़ा और नेशनल हाइवे-63 पर बने पुलों के ऊपर से पानी बह रहा है। लिहाजा, महाराष्ट्र का सड़क संपर्क छत्तीसगढ़ से टूट गया है। बालोद, बेमेतरा, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, राजनांदगांव, मोहला मानपुर-अंबागढ़ चौकी और कांकेर जिले में भारी से अति भारी बारिश होने की संभावना है।

### बस्तर संभाग में 13 दिनों से मूसलाधार

इस बीच बस्तर संभाग में पिछले 13 दिनों से हो रही मुसलाधार बारिश से सामान्य जन-जीवन अस्तव्यस्त है, बाढ़ में डूबने से एक ग्रामीण की मौत हो गई जबकि तीन सौ से अधिक परिवार बेघर हो गए। इंद्रावती, शबरी, संकनी-डंकनी तथा स्थानीय नदी-नाले उफान पर हैं। दक्षिण बस्तर का संपर्क संभाग मुख्यालय से टूट चुका है।

छत्तीसगढ़ से सुकमा जिले में तेलंगाना का महाराष्ट्र से सड़क संपर्क कटा

### चिंतावागु नदी खतरे के निशान पर

लगातार बारिश की वजह से चिंतावागु नदी भी उफान पर है। इसी नदी में गुरुवार को एक ग्रामीण की डूबने से मौत हो गई। मद्देड़ थाना के अनुसार अंगमपल्ली के आश्रित गांव रायगुडा निवासी रमेश कुरसम (42) रायगुडा से बर्तन के सहारे चिंतावागु नदी को पार कर अंतिम संस्कार कार्यक्रम के लिए पेगड़ापल्ली जा रहा था तभी उसका संतुलन बिगड़ गया और नदी में डूबने से उसकी मौत हो गई। बीजापुर-गीदम मार्ग पर जगह-जगह पर बाढ़ आने की वजह से आवागमन बंद है। किरंदुल में भारी वर्षा के कारण लोग अपने घर पर नहीं रह पा रहे हैं और न ही बाहर कहीं ठहर पा रहे हैं। स्थिति गंभीर होते जा रही है।

### बीजापुर में 1310 मिमी. रिकार्ड बारिश

अधिकारिक जानकारी के अनुसार बीजापुर जिले में अब तक तेरह सौ दस मिलीमीटर वर्षा रिकार्ड किया गया है, वहीं आंध्रप्रदेश से छत्तीसगढ़ का संपर्क टूट चुका है। गोदावरी नदी में बाढ़ के कारण हैदराबाद, सिरोंचा, वरंगल में आवागमन बंद है। लगातार बारिश होने की स्थिति में इंद्रावती का जल स्तर और ज्यादा बढ़ने कि संभवना है, क्योंकि महाराष्ट्र में गोदावरी का जल स्तर भी बढ़ रहा है। छत्तीसगढ़ के अंतिम छोर पर बसे भोपालपटनम से लगे सोमनपल्ली नाले के पास बाढ़ का पानी रोड पर आ चुका है। सोमनपल्ली नाले में तेजी से पानी बढ़ रहा है जिससे इस मार्ग पर रास्ता पूरी तरह से बंद होकर छत्तीसगढ़ से महाराष्ट्र का सड़क संपर्क कट गया है।

### 50 गांव का मुख्यालय से संपर्क टूटा

नारायणपुर जिले में सोनपुर इलाके में बाढ़ की स्थिति बनी हुई है। डोंडीबेड़ा के एक दम्पति की नौ माह की बेटी के इलाज के लिए उफनती नदी को पार कर सोनपुर स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचे, पुल के उपर पानी बहने से अबूझमाड़ के 50 से अधिक गांव मुख्यालय से कट गए हैं। अबूझमाड़ के कई इलाके टापू में तब्दील हो गए हैं। सुकमा जिले में भारी वर्षा से तेलंगाना का महाराष्ट्र से संपर्क टूट चुका है, वहीं सुकमा जगदलपुर मार्ग पर बाढ की स्थिति बनी हुई है। भारी वर्षा से गोदावरी, शबरी का जलस्तर बढ़ा हुआ है जिला प्रशासन निचले बस्ती के इलाके में मकान खाली कराने का मुनादी करा दिए हैं। कांकेर जिले में भी भारी वर्षा की स्थिति है।

### प्रदेश में चालू मानसून में 509.2 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा बनाए गए राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष द्वारा संकलित जानकारी के मुताबिक गत एक जून से अब तक राज्य में 509.2 मिमी औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। राज्य के विभिन्न जिलों में एक जून से शनिवार यानी 27 जुलाई सबेरे तक रिकार्ड की गई वर्षा के अनुसार बीजापुर जिले में सर्वाधिक 1237.1 मिमी और सरगुजा जिले में सबसे कम 196.6 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी है। राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक जून से अब तक सूरजपुर जिले में 318.3 मिमी, बलरामपुर में 450.9 मिमी, जशपुर में 334.0 मिमी, कोरिया में 334.8 मिमी, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में 359.5 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी।

# विष्णु के सुशासन में समस्या का हो रहा निराकरण

- गौरव और निकिता का बना आय प्रमाण पत्र, किशोर को राशन कार्ड से मिलेगा निःशुल्क चावल
- मोबाइल मेडिकल यूनिट व हेल्थ चेकअप कैंप की सुविधाएं हर नागरिकों को

रायपुर/नवप्रदेश।नगरीय निकायों में आज से जनसमस्या निवारण पखवाड़ा शिविर का वार्डों में लगने शुरू हो गए है। शिविर में नागरिक पहुंचकर अपनी समस्याओं को दर्ज करा रहे है और उसका समाधान भी त्वरित दिलाया जा रहा है। नागरिकों में शिविर को लेकर उत्साह है। टिकरापारा के शिविर में इंजीनियरिंग छात्र गौरव यादव और 12 वीं की छात्रा निकिता यादव ने आय प्रमाण पत्र बनाने के लिए पटवारी को आवेदन किया। तत्काल पटवारी ने आय प्रमाण पत्र बनाकर उन्हें सौंप दिया। त्वरित कार्य होने से छात्रों और परिजनों ने प्रसन्नता व्यक्त की। इसी तरह टिकरापारा के श्री किशोर सिन्हा ने राशन कार्ड बनने के बाद चावल नहीं मिलने की समस्या दर्ज कराई। खाद्य विभाग की टीम ने मौके पर ही उनकी समस्या का हल निकाला और उनके दस्तावेजों को अपडेट किया गया। श्री किशोर के राशन कार्ड की त्रुटि को सही कर दिया गया। उन्हें जल्द ही राशन दुकान से निःशुल्क चावल मिलेगा। निराकरण होने से वे और उनका परिवार काफी खुश है।

सिविल लाइंस के अंबेडकर भवन में भी शिविर लगाए गए है। इस शिविर में लोग अपनी छोटी-मोटी समस्याओं को लेकर पहुंचे। अपनी समस्याओं को दर्ज कराया है। समस्या निवारण शिविर में हेल्थ कैंप का लाभ दिया गया। इसमें रेविका मसीह, सिया राम घृतलहरे समेत अनेकों को हेल्थ चेकअप का लाभ मिला। इसी तरह आधार कार्ड, पेंशन संबंधी समस्याओं को दर्ज कराई गई।

जोन क्रमांक 2 में जनसमस्या निवारण शिविर में नागरिकों का उत्साह दिखाई दिया। शिविर में पहुंचकर लोगों ने अपनी समस्याओं को दर्ज कराई। मौदहापारा निवासी श्रीमती शहनाज बेगम ने राशन कार्ड का नवीनीकरण कराया है। नवीनीकरण के बाद अब उन्हें निःशुल्क चावल भी मिलेगा। इसी तरह अन्य समस्याओं को लेकर भी वहां लोग पहुंचे।नल कनेक्शन, राशन कार्ड, राष्ट्रीय परिवार सहायता, वृद्धावस्था पेंशन, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, भवन निर्माण अनुज्ञप्तियां, अनापत्ति प्रमाण पत्र, नामांतरण, स्वरोजगार के प्रकरण तथा कई विविध छोटे-छोटे कार्य होते हैं, जिनका निराकरण शीघ्र अपेक्षित होता है। इनके साथ ही जलापूर्ति में लीकेज, नलों में पानी न आना, नालियों व गलियों की सफाई, सार्वजनिक नलों के प्लेटफार्म से पानी बहना, कचरे की सफाई व परिवहन, टूटी-फूटी नालियों की मरम्मत, सड़कों के गड्ढे पाटना, स्ट्रीट लाइट्स का बंद रहना जैसी समस्याएं भी होती हैं। वार्डवार शिविरों का उद्देश्य इन समस्याओं के निराकरण के साथ ही नागरिकों को जरूरी जन सुविधाएं उपलब्ध कराना भी है।

# आज दुनिया स्वार्थ पर टिकी है, लोग एक-दूसरे से केवल लाभ लेने जुड़ते हैं: श्री विरागमुनि जी

रायपुर/नवप्रदेश।दादाबाड़ी में आत्मस्पर्शी चातुर्मास 2024 के सातवें दिन शुक्रवार को दीर्घ तपस्वी श्री विरागमुनि जी ने कहा कि आज हर व्यक्ति अपना स्वार्थ सिद्ध करता है। पूरी दुनिया ही स्वार्थ पर टिकी हुई है। अपना स्वार्थ सिद्ध करने के लिए व्यक्ति एक-दूसरे से जुड़ता है, एक-दूसरे के काम आता है, एक-दूसरे से संबंध बनाता है वह भी केवल लाभ लेने के लिए। एक बार काम होने के बाद लोग दूसरों को भूल जाते है। काम करते तक लोग साथ रहते है, काम करवाते तक भी साथ रहते है और जब काम न हो तो भी एक व्यक्ति साथ छोड़ देता है। यही दुनिया की रीत है। अगर यह दुनिया से गायब हो जाए तो समझ लेना संसार खत्म हो जाएगा। जब तक आप स्वार्थ वाला जीवन जियोगे, तब तक आप कभी भी मोक्ष की राह पर अग्रसर नहीं हो पाएंगे। मोक्ष को प्राप्त करना तो बहुत दूर की बात हो जाएगी क्योंकि आपके अंदर स्वार्थ है और स्वार्थ का मतलब एक बहुत बड़ा पाप आपके अंदर है। अपने छोटे-छोटे स्वार्थ के चलते व्यक्ति पाप का भागीदार बन जाता है।

हमें इन पापों को खत्म करने का अभ्यास करना होगा। जैन धर्म में इसके लिए कई उपाय है। आप इन उपायों के द्वारा अपने पापों को कम कर सकते है। मैं जैसा चाहूं वैसा होना चाहिए, मुझे जो अच्छा लगता है वैसा होना चाहिए। ये सब स्वार्थ है। यही स्वार्थ चाहे आप घर में हो, परिवार में हो, संस्था में हो, मंडल में हो, संघ में हो, चाहे समाज में हो, आप अपनी ही चलाना चाहते है। सास चाहती है मेरे अनुसार घर चले और बहू चाहती है कि वर्तमान समय के अनुसार उसके कहने पर घर का संचालन हो। जब इन दो स्वार्थ का टकराव होता है, तो महाभारत होता है। वैसे तो इतिहास की साक्षी में महाभारत एक बार हुआ और आज हमारे घर में हर दिन महाभारत हो रहा है। सब अपने अनुसार दुनिया चलाना चाहते है। दुनिया आपके अनुसार नहीं, नियमानुसार चलती है। इसलिए आपको दुनिया के नियमानुसार ही चलना होगा क्योंकि अपनी मनमर्जी से जीने वाला व्यक्ति एक भटकता हुआ जानवर के समान होता है।

आत्मस्पर्शी चातुर्मास समिति 2024 के अध्यक्ष पारस पारख और महासचिव नरेश बुरड़ ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि दादाबाड़ी में प्रतिदिन सुबह 8.45 से 9.45 बजे मुनिश्री की प्रवचन श्रृंखला जारी है, आप सभी धर्मप्रेमी बंधुओं से निवेदन है कि जिनवाणी का अधिक से अधिक लाभ उठाएं।

# श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी के क्षेत्र में अनुकरणीय पहल...

रायपुर/नवप्रदेश। एस.आर.यू. द्वारा विभिन्न ज्वलंत विषयों पर प्रारंभिक अध्ययन कर शोध किये जा रहे हैं इसी श्रंखला में भौतिक शास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. ऋषि जायसवाल के मार्गदर्शन में उनके शोधार्थी प्रिंस जैन द्वारा ÷एस्टीमेशन ऑफ़ काइनेटिक पैरामीटर्स एंड स्पेक्ट्रोस्कोपिक एनालिसिस ऑफ़ डिस्प्रोसियम एक्टिवेटेड कैल्शियम सिलिकेट फॉस्फर" का शोध किया गया । इस शोध का प्रकाशन अंतराष्ट्रीय स्तर के जर्नल " जर्नल ऑफ़ एलाइड स्पेक्ट्रोस्कोपी" में हुआ। यह जर्नल एस.सी.आई लिस्टड है । इस शोध में देश के विभिन्न शैक्षणिक संस्था के डॉ. विकास दुबे, कंचन तिवारी, एम तनुज कुमार एवं डॉ.एमसी राव का भी सहयोग रहा है।

इस शोध में "डिस्प्रोसियम एक्टिवेटेड कैल्शियम सिलिकेट फॉस्फर "विकसित किया गया जिसके उपयोग से एल.ई.डी बल्ब की प्रकाशन क्षमता में वृद्धि होगी तथा कम वोल्टेज वाले एल.ई.डी बल्ब से अधिक प्रकाश प्राप्त होगा। यूनिवर्सिटी द्वारा इस शोध से आम व्यक्ति को लाभ मिल सकता है एवं एल.ई.डी बल्ब का उपयोग कम खर्च में कर सकते है।

युनिवेर्सिटी के प्रति कुलाधिपति श्री हर्ष गौतम, कुलपति प्रो. एस. के. सिंह, कुलसचिव डॉ.सौरभ शर्मा ने सह-प्राध्यापक डॉ. ऋषि जायसवाल के मार्गदर्शन में शोधार्थी प्रिंस जैन द्वारा किये गए शोध से युनिवेर्सिटी को गौरवान्वित करने की बधाई दी।

# झरिया का पानी पीने से मिली मुक्ति, घर तक पहुंचा नलजल का पानी

- वनांचल गांव तुपेंगा के ग्रामीण जल जीवन मिशन से हो रहे लाभान्वित

रायपुर/नवप्रदेश।छत्तीसगढ़ शासन की जनकल्याणकारी योजना जल जीवन मिशन के तहत गरियाबंद जिला के वनांचल गांव तुपेंगा के ग्रामीणों को अब पीने का शुद्ध पानी मिल रहा है। उन्हें पेयजल के लिए झरिया पर निर्भर नहीं रहना पड़ता है। ग्राम पंचायत मोंहदा के आश्रित ग्राम तुपेंगा में घर-घर तक नल जल का कनेक्शन पहुंच गया है। अब महिलाओं को लंबी दूरी तय कर पानी लेने नहीं जाना पड़ रहा है। इससे ग्रामीणों को सदियों के बाद पानी लाने की झंझट से मुक्ति मिली है। घर में पानी मिल जाने से लोगों को काफी आराम एवं राहत मिली है। इसके लिए ग्रामीणों ने प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही जल जीवन मिशन को कारगर बताते हुए शासन प्रशासन का आभार जताया है।

उल्लेखनीय है कि खेतों एवं जंगलों के बीच बसे इस गांव में कुल घर 12 हैं। जल जीवन मिशन के पहले ग्रामीणों को किसी भी प्रकार के जल की पूर्ति के लिए एक मात्र शासकीय हैण्डपम्प एवं झरिया पर निर्भर रहना पड़ता था। ग्राम में मुख्यतः आदिवासी वर्ग निवास करते हैं। जिनका मुख्य आय स्त्रोत वनोपज संग्रहण एवं कृषि है। पहले दूर से पानी लाने के लिए अन्य कार्यों को छोड़कर पैदल दूर जाना पड़ता था। गर्मी, सर्दी, बरसात में काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता था। इससे घर के सदस्यों पर विपरीत स्वास्थ्य प्रभाव भी पड़ता था। गांव की रहने वाली जयमति की बताती है कि दूर दूर से पानी लाकर थक जाते थे। जल जीवन मिशन के द्वारा प्रत्येक घरों में नल लगने से सभी के स्वास्थ्य में सुधार एवं शारीरिक कार्य क्षमता में वृद्धि हुई है।

# विष्णुदेव साय की सरकार रिमोट कंट्रोल सरकार : भूपेश बघेल

रायपुर/नवप्रदेश। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा 6 महीने में भाजपा के सरकार विफल साबित हुई है विष्णुदेव साय की सरकार रिमोट कंट्रोल सरकार है। सुशासन की बात तो छोड़िए सरकार है भी या नहीं यह भी पता नहीं चल रहा है पता चल भी रहा है तो रिमोट से चल रहा है। विष्णु देव साय सरकार के लिए बलौदा बाजार की घटना काला धब्बा है।

7 महीने में ही रेत माफिया, भू-माफिया, गांजा तस्कर, मानव तस्कर सबका बोलबाला पूरे प्रदेश में दिखाई दे रहा है। स्थिति यह है राजधानी रायपुर में चार बार गोली चली, भिलाई में गोली चली, रायगढ़ के लोग दूसरे प्रदेश में गोली चला रहे हैं इस प्रकार से प्रोटेक्शन मनी पर गोली चल रही हैं व्यापारियों के घर में घुसकर धमकी दे रहे हैं। मलेरिया उल्टी दस्त से मौत लगातार हो रहा है दवाइयां प्रदेश में नहीं है दवाई का अभाव है यहां स्थिति यह है टीवी का दवाई नहीं मिल रहा है। फर्जी नक्सली बताकर आदिवासियों को गिरफ्तार करने का मामला है, एनकाउंटर करने का मामला है, आदिवासियों को चना राशन नहीं पहुंचा पा रहे है, महतारी वंदन महिलाओं को नहीं मिल पा रहा है ये विष्णुदेव साय का सुशासन है। सरकार पूरी तरह से विफल है। सदन से सड़क तक हमने जनता के मुद्दे को उठाया है।

पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने कहा हमारे समय में जब यूनिफाइड कमांड की बैठक हुई थी तब मैने बैठक में कहा था।यदि आप यह भरमार बंदूकों की जप्ती दिखाएंगे तो मैं उस समय भी बोला था मैं मालखाने में जाकर भरमार बंदूक की गिनती करूंगा । इसलिए 5 साल भरमार बंदूकों की जप्ती में भारी गिरावट आई है।

# हमने बता दिया कि छत्तीसगढ़ में जनता के हक की रक्षा के लिये कांग्रेस एक मजबूत विपक्ष के रूप में है : दीपक बैज

- मानसून सत्र में हमने जनता की समस्याओं पर सरकार को घेरा : डॉ. चरणदास महंत
- भाजपा सरकार के 7 महीने में राज्य के हालात हुये बदतर : भूपेश बघेल

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में कांग्रेस की महत्वपूर्ण पत्रकारवार्ता हुई। पत्रकार वार्ता को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने संबोधित किया।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने पत्रकारों से चर्चा करते हुये कहा कि पिछले पांच दिन राज्य की राजनीति के लिये तथा राज्य की जनता के लिये महत्वपूर्ण रहे। 22 जुलाई से राज्य की विधानसभा का मानसून सत्र शुरू हुआ जो कल ही समाप्त हुआ। विधानसभा सत्र के दौरान कांग्रेस पार्टी ने राज्य की जनता के हक की लड़ाई सदन से सड़क तक लड़ा। प्रदेश की बिगड़ती कानून व्यवस्था के खिलाफ किसानों, आदिवासियों, मजदूरों, महिलाओं, युवाओं के अधिकारों को हमारे विधायकों ने विधानसभा के अंदर सरकार को आईना दिखाया। जनता की आवाज को बुलंद करने के लिये कांग्रेस पार्टी ने 24 जुलाई को विधानसभा घेराव किया। राज्य में बिगड़ती कानून व्यवस्था रोज-रोज हो रही लूट, डकैती, बलात्कार, हत्याओं की घटनाओं से प्रदेश में एक डर का माहौल बन गया है। हमारे विधानसभा घेराव के बाद जनता में एक भरोसा पैदा हुआ है कि हमारी लड़ाई लड़ने के लिये मजबूत विपक्ष है। विधानसभा घेराव में बरसते पानी के बावजूद हजारों की संख्या में लोग एकत्रित हुये। सरकार कांग्रेस के प्रदर्शन की तैयारी से इतना ज्यादा घबराई हुई थी, पूरी राजधानी को सील कर दिया गया था। हमारे हजारों साथियों को रास्ते में रोक दिया गया। बिलासपुर की ओर से आने वालों को धरसींवा में रोक दिया गया, उनके वाहनों को किनारे खड़ा करवा दिया गया। महासमुंद की ओर से आने वालों को महासमुंद में रोका गया। जगदलपुर, धमतरी से आने वालों को अभनपुर में रोका गया। राजनांदगांव, दुर्ग से आने वालों को कुम्हारी से आगे नहीं आने दिया गया। राजधानी में वाहनों की पार्किंग कार्यक्रम स्थल से 10 कि.मी. दूर बनाया गया था ताकि कम से कम लोग घेराव स्थल मंडी गेट तक पहुंच सकें। सरकार के तमाम अवरोध और बरसते पानी के बावजूद हमारा कार्यक्रम सफल रहा। हजारों साथियों ने विरोध प्रदर्शन में भाग लिया। हमारे शांतिपूर्ण प्रदर्शन पर भाजपा सरकार के इशारे पर पुलिस ने लाठीचार्ज किया, वाटर कैनन से प्रहार किया। हमारे अनेकों साथी घायल भी हुये, लेकिन इस दमन से हमारा हौसला और मजबूत हुआ। हम मजबूत विपक्ष के रूप में सरकार की जनविरोधी नीति के खिलाफ जनता के हित में अपना संघर्ष इस आतताई सरकार को उखाड़ फेंकने तक जारी रखेंगे।

नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुये कहा कि 5 दिन में 4 स्थगन पर चर्चा कराने को सरकार को बाध्य किया, यह हमारी बड़ी सफलता है। इसके पहले ऐसा नहीं हुआ। कानून व्यवस्था पर चर्चा किया। जनता की समस्याओं को तथ्यपूर्ण प्रस्तुत किया। बलौदाबाजार की घटना जिससे पूरा देश कलंकित हुआ इसमें भी हमने सरकार को घेरा।

# रायपुर केन्द्रीय जेल में अध्यात्म के माध्यम से बंदियों के मनोदशा में सुधार के प्रयास

रायपुर/नवप्रदेश।रायपुर स्थित केंद्रीय जेल प्रशासन द्वारा बंदियों के मानसिक एवं आध्यात्मिक उत्थान हेतु लगभग 60 बंदियों की रामायण मंडली बनाई गई है। मंडली द्वारा विभिन्न बैरकों में प्रत्येक त्यौहारों के अवसर पर रामायण का पाठ तथा प्रत्येक मंगलवार को हनुमान चालीसा तथा प्रत्येक शनिवार को सुंदरकांड का पाठ कराया जा रहा है।

रामायण मंडली के मुख्य गायक आजीवन कारावास की सजा भुगत रहे बंदी बोधन पिता रघुनाथ ने बताया कि वह जब भी पेरोल पर घर जाता है। वह गांव में रामायण मंडली में शामिल होता है तो उसके गांव वाले भी आश्चर्यचकित हो जाते है और कहते है कि, जेल एक जेल न रहकर सुधारगृह में परिवर्तित हो गया है। गांव वाले भी उससे बोलते हैं कि इतना अच्छा रामायण आप जेल में रहकर सीख लिये हो यह तो अद्भुत है। उसने अपने गांव दियागढ़ थाना लैलूंगा जिला रायगढ़ में भी रामायण मंडली का गठन किया है।

इसी प्रकार प्रतिदिन गीता सीखने वाले व रामायण के टीका करने वाले आजीवन कारावास की सजा भुगत रहे बंदी चक्रधर पिता बंशीधर ने बताया कि वह प्रतिदिन आध्यात्म ही उसके जीवन का आधार है, वह परमात्मा को अपना सब कुछ सौंप चुका है। प्रतिदिन सीखे गीता के श्लोकों का पाठ, उसके अर्थ की चर्चा अपने बैरक के अन्य साथी बंदियों के साथ करता है।

## सुनो भाई उधो

### अंधेर नगरी अउ चउपट राजा

परमानंद वर्मा

क्या अंधे की औलाद अंधे ही होते हैं, यदि हां तब तो कुछ नहीं कहना और जब नहीं होते हैं तब इस कहावत को अनावश्यक रूप से क्यों गढ़ा गया है? कुछ तो इसका अर्थ निश्चित होगा ही। कहते हैं कलियुग में इसकी प्रचुरता है। यहां सब अंधे हो गए हैं, गलत तो गलत है ही, लेकिन सत्य को भी गलत करार साबित करने में यहां के लोगों ने महारत हासिल कर ली है। जिधर देखो उधर अनैतिक, अधार्मिक, असामाजिक और गैर कानूनी कार्य हो रहे हैं लेकिन इसे मानने को कोई तैयार नहीं। आतंक, अधर्म, अन्याय और पाखंड जिंदाबाद है, और इससे डरकर सत्य छिप गया है निर्जन स्थल जंगल में कहीं जाकर। इसी संदर्भ में प्रस्तुत है यह छत्तीसगढ़ी आलेख...

पखरा ह कभू भगवान हो सकत हे, पीतल ह सोना हो सकत हे, दिन ह रात हो सकत हे, असत (झूठ) ह सत हो सकत हे, चांद ह सूरज हो सकत हे, इस्तीरी ह पुरुष हो सकत हे, नइ हो सकय ना, तीन जुग मं नइ हो सकय, चाहे लाख मुड़ी पटक-पटक के लहूलुहान कर डरौ, फेर कभू हो नइ सकय? 'अंधेर नगरी चउपट राजा, 'टका सेर भाजी-टका सेर खाजा' कस जमाना चलत हे। सच बोले के जउन तीर मनखे के हिम्मत नइ हो सकय, हार गे तउन तीर ओला मरे जान। भले जीव हे, दुनिया के सकल करम करत हे, फेर ओकर कोनो कीमत नइ होवय, मुरदा बरोबर।

सच, सत लुकागे हे, असत के जमाना हे, पूरा संसार नकली होगे हे। सत ल पटक दे हे, अधमरा कर दे हे, हफरत हे, कांपत हे, डेर्रावत हे, कोनो दिन ओला मुरकेट के कोनो खेत-खार, घुरवा, नदिया, नरवा, तालाब कोती फेंक झन दैय। अतेक दुरदसा कइसे होगे, कभू ओहर सपना मं नइ सोचे रिहिस होही के एक दिन अइसन दिन ओला देखे ले परही? अपन ओ दिन, सतयुग के समे ल सुरता करत, आंसू ढारत रोवत रहिथे।

सड़क के तीर मं झोपड़ी करा भिखारी कस रूप मं हाथ लमावत अवइया-जवइया मन करा भीख मांगत देख परेंव। जटर-बटर चूंदी, कोन जनी कभू तेल लगाय हे, चुपरे हे के नहीं, ओकर हालत ल देखेंव तब मोला दया आगे। ओकर तीर मं जाके खटारा साइकिल ल ब्रेक मारेंव। उतरेंव, ओला पहिली खीसा ले निकाल के दस ठन रुपिया ल देंव। लेये बर ओहर मना करत रिहिसे। जोजियाय ऊपर ले मुसकिल मं ओहर धरिस।

सोचेंव पहिली बार अइसन भिखारी देखेंव जउन हा देवत रेहेंव तउन रुपया पइसा ल लेये बर मना करत रिहिसे। पूछेंव-बबा, तैं हर ये रुपिया ल लेये बर काबर मना करत रेहे?

ओहर बहुत सरल अउ कोमल बानी मं कहिथे- बेटा, पहिली तैं ये बता के तैं कोन हस, अउ का समझ के मोला दस के नोट दे हस?

भिखारी के ये सवाल ल सुनके सकपका गेंव, सोचेंव- ये कइसन भिखारी हे भगवान, भिखारी हे ते कोनो पहुंचे हुए गियानी, मुनि अउ फकीर तो नोहे? हिम्मत करके पूछेंव- बबा, मंय तोरे सही एक झन मनखे हौं, इंसान हौं। तोर रूप-रंग, हालत ल देखेंव तब मन मं परेम, सरधा जाग गे, दया उमड़गे। अइसन हालत देखे नइ गिस ते रुकगेंव। कुछ गलती कर परे होहूं ते माफी देबे बबा।

एमा माफी देये के कोनो बात नइहे बेटा, तोर कतेक नेक विचार हे, मन मं दया, करुणा लबालब भरे हे सागर सही। बबा, जब अइसन बात किहिसे तब मोर मन मं उथल-पुथल होये ले धर लिस। सोचेंव- कहां-कहां ये बबा के चक्कर मं तो नइ परगेंव, जात रेहेंव सीधा बजार कोती साग-सब्जी लेये बर अउ हपट परेंव त हर-हर गंगा कस ये बबा करा अभर गेंव।

ओ भिखारी बबा फेर उलट के पूछथे- का सोचे ले धर लेस बेटा, तब ओला बात बनावत केहेंव, नहीं बबा, कांही नहीं। महूं पूछेंव उही पहिली वाले बात ल, तैंहर जउन मंय दस ठन रुपिया देवत रेहेंव तेन ला लेये बर काबर मना करत रेहें?

ओहर बताथे- बेटा, मैं भिखारी नो हौं, सतजुग हौं, सतजुग। ओ जुग मं राजा, महाराजा रेहेंव। फेर धीरे-धीरे खसलत-खसलत कलजुग मं ढकलागेंव। होगे अइसे उलटा-सुलटा, कोनो करम होगे रिहिस होही तेकर सेती आज अइसन हाल मं आगे हौं।

भिखारी बताथे- ये कलजुग ल देख के मंय अकबकागे हौं बेटा, बाप रे... याहा का अंधेर जमाना हे, अधरम के राज चलत हे। पखरा ल भगवान मान के रात-दिन पूजा-आरती करत हे, संझा-बिहनिया जल चढ़ावत हें।

अतेक अगियानी अउ मूरख बसे हे ये कलजुग मं। देखौ पापाचार, भ्रष्टाचार के राज चलत हे। इही कलजुग हे, जउन जतके गलत, भ्रष्ट अउ पाप करम कर हे तेकर बरकत होवत हे, सच बोलत हे तौन कांप जावत हे, डेर्रावत हें, कहूं जेल झन चल दौं, फांसी मं झन टांग देय।

ओला पूछेंव- तहूं अइसने तो नइ डेर्रावत होबे बबा, के कभू ये कलजुग के सपड़ मं झन आ जांव, कोनो हटकार के ये तीर ले भगा झन दय, झोपड़ी ल तोड़फोड़ झन दय?

एकर कांही बेला-बिचार नइहे बेटा, के कब का कर दिही, जमराज बनगे हे ये कलजुग हा। इहां बड़े-बड़े मन के कुकुर गति होवत हे तउन ल तो देखबे करत हस? तहूं सावधान, सचेत होके रहिबे, अधरम, अनीति अउ कुमारग के रस्दा ले बचके रहिबे ना, तब भगवान हा हितवा होके तोर रक्छा करत रइही।

अतके बेर सायरन बजावत पुलिस के गाड़ी आवत रिहिस तउन ल सुनके कहिथे- जा बेटा, वहि दे जमराज के गाड़ी आवत हे, जा भाग ये मेर ले। बबा के बात ल मान के धरेंव खटारा साइकिल अउ बाजार के रस्दा धर लेंव।

# शिव भक्ति का महीना सावन

**सावन** का पूरा महीना देवों के देव महादेव को समर्पित है। सावन में शिव भक्त पूरी श्रद्धा से भगवान शंकर की पूजा अर्चना और उपासना करते हैं। वहीं इस माह में सोमवार का व्रत रखने का भी विधान है, लेकिन क्या आप जानते हैं कि सावन में सोमवार का व्रत क्यों रखा जाता है और इसका महत्व और नियम क्या है, नहीं तो चलिए आज आपको इसके बारे बताते हैं। हिंदू पंचाग के मुताबिक भोलेनाथ को समर्पित सावन माह की शुरुआत इस साल 22 जुलाई 2024 दिन सोमवार से हुई है और इसका समापन 19 अगस्त 2024 दिन सोमवार को होगा। इस साल शिव भक्तों को सावन में व्रत के लिए पूरे 5 सोमवार मिलेंगे। ऐसे में आइए जानते हैं कि सावन में सोमवार का व्रत क्यों किया जाता है और इसमें किन बातों का ध्यान रखना जरूरी होता है।

### 29 को दूसरा सावन सोमवार

श्रावण मास का दूसरा सावन सोमवार व्रत 29 जुलाई को है. उस दिन श्रावण मास के कृष्ण पक्ष की नवमी तिथि सुबह से लेकर शाम 05:55 पी एम तक है. उसके बाद से षष्ठी तिथि शुरू हो जाएगी।

### मुहूर्त और योग

सावन के दूसरे सोमवार पर भरणी नक्षत्र सुबह 10:55 ए एम तक है, उसके बाद से कृत्तिका नक्षत्र है. वहीं गण्ड योग सुबह से शाम 05:55 पी एम तक है, फिर वृद्धि योग प्रारंभ होगा. उस दिन का ब्रह्म मुहूर्त 04:17 ए एम से 04:59 ए एम तक है, वहीं अभिजीत मुहूर्त दोपहर 12:00 पी एम से 12:55 पी एम तक है. अमृत काल का समय 06:17 ए एम से 07:50 ए एम तक रहेगा।

### कालसर्प दोष पूजा का समय

कालसर्प दोष निवारण की पूजा राहुकाल में शिव मंदिर में करते हैं. सावन के दूसरे सोमवार पर राहुकाल सुबह 07:23 ए एम से सुबह 09:04 ए एम तक है।

### व्रत का महत्व

शास्त्रों के मुताबिक जो भी व्यक्ति सावन माह में भगवान शिव को पूजा करता है और उनको समर्पित सोमवार के दिन व्रत रखता है, तो उसकी सभी इच्छाएं पूरी होती है और घर में सुख-शांति का आगमन होता है। सोमवार के दिन को पापों से मुक्ति और शुभ फलों की प्राप्ति के लिए भी बहुत ही महत्वपूर्ण माना गया है। मान्यता है कि सावन माह के सोमवार को भगवान शिव की अराधना और उपासना करने से व्यक्ति को शंकर जी की विशेष कृपा प्राप्त होती है और उसके जीवन के सभी कष्टों का निवारण होता है। हालांकि सावन सोमवार में व्रत रखने वाले व्यक्ति को कुछ नियमों का पालन करना जरूरी होता है। आइए उसके बारे में जानते हैं।

### रुद्राभिषेक समय

सावन के प्रत्येक दिन आप रुद्राभिषेक कर सकते हैं क्योंकि सावन का प्रत्येक दिन शिव पूजा के लिए समर्पित है. वैसे रुद्राभिषेक के दिन सावन सोमवार बहुत ही उत्तम दिन है. रुद्राभिषेक के लिए शिववास देखा जाता है. दूसरे सावन सोमवार पर शिववास सभा में सुबह से शाम 05:55 पी एम तक है, उसके बाद शिववास क्रीड़ा में है।

## साझे की औलाद

डॉ किशोर अग्रवाल
मो. नं. - 9425212340

मैंने छोकरी को बाहर धकिया कर भीतर ग्राहक के साथ दरवाजा बंद कर लिया ।

"ए पांच सौ से एक पैसा कम नहीं लेगी बाद का खिट खिट नहीं मांगता एडवांस में निकाल।"

"अरे दे रहेला है ना तू फालतू का बोम मत मार!÷ ग्राहक ने बोला ।

"जास्ती बात मत करो हमसे, धंधे का टाइम है ,अंटी ढीली कर ,अपना काम कर और निकल ।ज्यादा श्याण पट्टी नहीं चाहिए अपनको। हलकट कहीं का।"

"ठीक है ना पैसा बरोबर दिया ना अपुन तेरे को !अब थोड़ा इज्जत से बात कर। पास आकर जरा चिपक के बैठने का श्रीदेवी का माफिक।÷

"वह सब ड्रामा बाजी फिल्म विलिम टाइप का नहीं चलता यहां। तू जल्दी निपट और निकल ।"

" आई ओ आई ।" बाहर से छोकरी ने कुंडी खटखटाई।

"अरे क्यों हल्ला मचा रही है ?बाहर बैठ चुपचाप।" मैंने लड़की को भीतर से डांट पिलाई ।

"आई मेरे को जोर की प्यास लगी है।"

"थोड़ी देर मर बाहर ।काम धंधा नहीं करूं क्या? नहीं तो खुद भी मरेगी और मैं भी मरूंगी ।" लड़की को डांट पिलाने में न जाने मुझे कैसा सुकून मिलता था उसके रोने में मुझे चैन मिलता था । ग्राहक कोई बाहर वाला व्यापारी था ।दिन भर काम धंधे में बाजार में खट के मजा लेने इधर दाल मंडी में आ गया था । ऐसे ग्राहक अच्छे होते हैं, ज्यादा नोचखसोट नहीं करते। मुसीबत के मारे थके हारे बड़े अरमान से आते हैं । थोड़ा बहुत चुम्माचाटी चिपका चिपकी करते हैं फिर एकदम से खल्लास । इन लोगों के तो समझो पैसे पोकट में ही मिलते हैं । कभी-कभी मेरे को दया भी आ जाती है बेचारे लोगों पर।

दरवाजा खोल कर मैंने छोकरी को अंदर लिया और ग्राहक की घड़ी आवाज देकर उसको वापस दिया जो वह हड़बड़ी और शर्मिंदगी में छोड़कर निकल लिया था । उसका मन बढ़ाने को मैं बोली" आप मस्त आदमी है फिर कभी भी आओ तो इधर ही आना मेरे पास , शांता शेगाव वाली नाम लेते तो कोई भी पहुंचा देगा मेरे पास।"

हैरान-परेशान आदमी का दिल बढ़ाने को ऐसा बोलना पड़ता है। वह और तो कुछ लेकर गया नहीं कम से कम आगे के लिए हिम्मत दिला कर भेजना तो बनता है ना मेरा? अपना फर्ज पूरा करी मैं । छोकरी का आंसू गाल पर धरा था अभी । उसको एक पाव का टुकड़ा और पानी का गिलास देकर मैं हमेशा की तरह इसकी शक्ल देख कर सोचने लगी कि किसकी हो सकती है यह? मेरा सगा मामा मेरे को धंधे पर बैठा कर गया था कई बरस पहले ।

बाप तो मेरा था ही नहीं ।वह किसी और औरत के साथ भाग गया था ।मां किसी पार्टी के कार्यकर्ता थी ,बाप को भाव नहीं देती थी ,पावरफुल बनकर रहती थी और मेरे बाप को बेवकूफसमझती थी । वह बेचारा बहुत दिन उसके आगे पीछे हुआ फिर मरद था ना वह , तो अपने मनमाफिक औरत से मिल गया और चले गया। मेरे से बोला "तू अपना और आई का ख्याल रखना ।" आई नेता लोगों के साथ घूमती थी ,कभी किधर कभी किधर। वह मेरे को देखती ही नहीं थी ,पर मैं बरोबर उसके साथ चिपक कर चलती थी। वह कभी मोटर कार में बैठती तो मैं पहले से बैठ जाती । वह कभी रात को पार्टी के काम से किसी नेता के साथ भीतर होती तो दरवाजे के बाहर में तब तक बैठी रहती जब तक कि आई बाहर नहीं आ जाती ।आई के साथ काम करने वाले कभी कभी मेरे को भी हाथ बीत लगाते तो आई मुझसे ही गुस्सा होती और बोलती ÷क्यों घूमती है मेरे साथ? मजा आता है क्या ?" मैं कहां रहती भला? बाप मेरा था नहीं । मामा बेवड़ा इन लोगों से भी खराब था।

आखिर वही हुआ जिसका मुझे डर था । मेरी आई किसी दूसरे गांव वाले एक आदमी को मर्द बना कर चली गई। मैं आठवीं में पढ़ती थी । मां के बाद मामा की आश्रित हो गई । अब मुझे उससे कौन बचाता? मामा बेवड़ा था ,पैसे के वास्ते चोरी करता, दारू बेचने ड्रग्स पहुंचाने ,जुआ खेलने जैसे सब काम करता था। पुलिस वाले उसकी खोज में घूमते रहते थे और मैं यदि उनको घर पर मिलती तो दो-चार फटके मुझे मारते ही थे । फिर एक सिपाही आया और बोला कि मुझे मामा से भी बचाएगा और पढ़ने भी देगा। खर्चा भी देता रहेगा । तीन चार महीने मेरे पास आया गया । मामा जैसा सब सही गलत करता था मेरे साथ ,पर अच्छा था । वह मारता नहीं था। फिर वह किसी दूसरे थाने में बदली हो गया । मामा ने किसी से उधारी पैसा लिया था वह वसूली वाला आया दो बार। फिर मेरे पर नियत खराब करके गया मैं मना की तो मुझे बहुत मारा भी । थाने में रिपोर्ट करने गई वहां एक दूसरा सिपाही मेरे वाले सिपाही का दोस्त बोल कर अच्छा अच्छा बोला ,खाना खिलाया, सिनेमा भी दिखाया ।अपनी खोली पर भी पांच सात बार लेकर गया । एक दिन एक नेता टाइप पार्टी कर्मचारी के पास जाकर बोला कि यह लड़की पढ़ना चाहती है, कमजोर घर से है , मैं इसका ख्याल नहीं रख सकता मेरा दारोगा गुस्सा करता है, तुम इसका ख्याल रख लो । पढ़ाई मेरी छूट गई । वह नेता अपने साथ घुमाने लगा। बड़े बॉर्डर की साड़ी और रंगीन ब्लाउज पहना कर बड़े नेता और अफसर लोगों के पास छोड़ देता था । एक दिन अचानक मेरे मामा ने मुझको किसी के साथ देखा तो उसके घर पर पहुंचकर खूब गाली गलौज किया । बहुत सारा पैसा भी लिया और मुझे लाकर दालमंडी में मौसी को बेच दिया । तब मैं पेट से थी। इसलिए मेरा ज्यादा पैसा मामा को नहीं मिला। उसके वास्ते भी वह मुझे जाते-जाते पेट में लात मार कर गया । फिर एक दिन यह छोकरी हुई। छोकरी होने से मौसी बहुत खुश हुई । मेरा शरीर सुधरने के बाद मुझको अब रेगुलर धंधे पर बिठा दी।

मैं सोचती हूं कि सब लोग इतना अच्छा पढ़ते हैं, घर गिरस्ती रखते हैं । दोनों टाइम बिना मार खाए खाना खाते हैं । मेरे को क्यों नहीं मिला यह सब? आखिर मेरी गलती क्या है ?

मेरी छोकरी दुनिया में ऐसी छोकरी है जिसके बाप को मैं नहीं जानती। वह बात करते करते हकलाती है तो मैं सोचती हूं कि वह पहले वाले सिपाही की तो नहीं वह भी तो हकलाता था थोड़ा थोड़ा । फिर लगता है नहीं वह तो ज्यादा गोरा था फिर यह किस पर गई ? उस सिपाही का दोस्त तो एकदम काला था । लड़की इतनी काली भी तो नहीं। उन नेता लोगों के बारे में तो सोचना ही बेकार है क्योंकि सभी नेता एक ही टाइप के थे, झूठे मक्कार ,खाली भाषण देने वाले ,सिर्फ खाना खिलाने और बदले में ज्यादा वसूलने वाले । उनमें कोई भी तो सच्चा मानुस नहीं था । क्या पता यह छोकरी मामा की ही हो ? वैसे ही बड़ी-बड़ी लाल आंखें कर मुझे जब गाली देती है तो मुझे लगता है कि मामा की ही छवि है इसमें । इससे पहले मैं सोचती थी मां के जैसा मामा और मैं मां की बेटी तो मेरी बेटी भी तो उनके जैसी ही होगी। कभी सोचती हूं ऐसे में बच्ची मामा जैसी हो सकती है क्या ? उसके जैसी होने के लिए भांजी होना ही काफी नहीं होता पक्का उसी की है वही सबसे ज्यादा नोचता था। खैर क्या फर्क पड़ता है ? मैं तो मेरे बाप और मेरी मां की ही पक्की औलाद थी । पढ़ती भी थी। पढ़ने से क्या सुधरा ? पुलिस वाले की संगत में पड़ी तो पुलिस ने क्या दिया ? नेता लोगों के साथ खूब रही ,नेता लोगों से भी क्या मिला? यह तो अच्छा ही है कि इस छोकरी के बाप का पक्का पता नहीं पता। सारे समाज की मिली जुली है । एक मां बाप की होकर बदजात होने में दर्द ज्यादा होता है । लगता है कि अगर ढंग से पालते तो जिंदगी न बिगड़ती । परंतु यह साझे की औलाद है । इसको दुख कम होगा क्योंकि ना तो इसका कोई परिवार है और ना ही कोई जात। समाज से शरीर तो मिल जाता है नाम नहीं मिलता। शोहरत की जगह बदनामी मिलती है। तन पालने के लिए तन बेच कर तन ही खाना पड़ता है।

## आज का इतिहास

**नई दिल्ली(वार्ता)**। 1586: इंगलैंड से वापस लौटने पर सर थामस हेरिओट ने यूरोप को आलू के बारे में बताया। 1741: कैप्टन बेरिंग ने माउंट सैंट एलियास, अलास्का की खोज की। 1742: प्रशिया और आस्ट्रिया ने शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए। 1821: पेरू ने स्पेन से स्वतंत्रता की घोषणा की। 1858: सर विलियम जेम्स हर्शेल का जन्म, जिन्होंने फिंगर प्रिंट को पहचान का बेहतर जरिया बताया। 1866: अमेरिका में मापने की मीट्रिक प्रणाली को वैधानिक मान्यता मिली। 1914: प्रथम विश्व युद्ध की शुरुआत। 1914: एस.एस. कामागाता मारू को वेंकुवर से निकाला गया और भारत रवाना कर दिया गया। 1925: हेपेटाइटिस का टीका खोजने वाले बारुक ब्लमर्ग का जन्म। 28 जुलाई को ही विश्व हेपेटाइटिस डे मनाया जाता है। 1976: चीन में रिक्टर पैमाने पर 8.3 की तीव्रता का भूकंप आने से लाखों लोगों की मौत। 1979: चरण सिंह देश के पांचवें प्रधानमंत्री बने। 1995: वियतनाम आसियान का सदस्य बना। 2001: पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री मोहम्मद सिद्दिकी ख़ान कंजू की हत्या।

## आज का पंचांग

सूर्योदय : 05:57, सूर्यास्त : 19:10, चन्द्रोदय : 23:30, चन्द्रास्त : 11:48, अयन : दक्षिणायन,ऋतु : वर्षा, शक सम्वत : 1946 (क्रोधी), विक्रम सम्वत : 2081 (कालयुक्त) पिंगल, संवत्सर : क्रोधी, संवत्सर : (उत्तर) कालयुक्त, युगाब्द : (कलि संवत) 5126, मास : श्रावण, पक्ष : कृष्ण, तिथि : अष्टमी, नक्षत्र : अश्विनी, योग : शूल, प्रथम करण : विष्टि (10:22 तक), द्वितीय करण : बव (21:19 तक)।

॥ गोचर ग्रहा:॥

सूर्य : कर्क, चंद्र : मेष (12:59), मंगल : कुम्भ (उदित, पूर्व, मार्गी), बुध : कर्क (उदित, पूर्व, वक्री), गुरु : वृष (उदय, पूर्व, मार्गी), शुक्र : मिथुन (अस्त, पूर्व, मार्गी), शनि : कुम्भ (उदित, पूर्व, वक्री), राहु : मीन, केतु : कन्या।

**शुभाशुभ मुहूर्त विचार**

अभिजित मुहूर्त : 12:07 से 12:5, राहुकाल : 16:30 से 18:00, यमगण्ड : 14:13 से 15:52, दुर्मुहूर्त : 07:42 से 08:35, अमृत काल : 10:45 से 12:15, रवियोग : 05:33 से 13:00, विजय मुहूर्त : 14:40 से 15:35, गोधूलि मुहूर्त : 19:14 से 19:34, सायाह्न सन्ध्या : 19:14 से 20:16, निशिता मुहूर्त : 24:03 से 24:44, गुलिक काल : 05:33 से 07:15, होमाहुति : गुरु, दिशाशूल : पूर्व, राहुवास : पूर्व, अग्निवास : पाताल (21:19 से पृथ्वी)।

## QUIZ TIME

Ramaquiz

1) अमेरिका द्वारा वर्ष 1867 में 1.25 मिलियन डॉलर में रूस के राज्य क्षेत्र का कौन-सा भाग खरीदा गया था?

2) गदर के किस नेता ने वर्ष 1914 में ब्रिटेन एवं कनाडा के पक्षपातपूर्ण अप्रवासी नियमों का प्रतिरोध करने के लिए एस.एस.कोमागाटा मारू पर हांगकांग से वैंकूवर की ऐतिहासिक समुद्री यात्रा आरंभ की थी?

3) एक सल्फाइड मिनरल गैलेना किस तत्व का एक प्रमुख अयस्क है?

4) किस कंपनी ने वर्ष 1960 में कंप्यूटर से जुड़े हुए छोटे पहियों वाला एक बॉक्स विकसित किया, जिसे माउस के रूप में जाना जाता है?

5) लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्स पर्सन ऑफद ईयर 2024 का पुरस्कार 24 अप्रैल 2024 को किसने जीता?

उत्तरमाला- (1) अलास्का (2) गुरदित सिंह (3) सीसा (4) जेरॉक्स (5) नोवाक जोकोविच

## आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

**मेष** : आज का दिन आपके लिए आनंददायक रहेगा। आज दिन भर शारीरिक रूप से चुस्त बने रहेंगे। कार्य क्षेत्र पर आपके कार्यों की प्रशंसा होगी।

**वृष**: आपका आज का दिन अशुभ फलदायी रहेगा आज प्रातः काल में किसी परिजन से तकरार होने के कारण दिन भर मन खिन्न रहेगा।

**मिथुन**: आज का दिन आपके अनुकूल बीतेगा। प्रातः काल से ही हर परिस्थिति पर आपकी पकड़ रहेगी।

**कर्क**: आपका आज का दिन शुभ रहेगा। आज कार्य क्षेत्र पर अनुकूल वातावरण मिलने से उत्साह में वृद्धि होगी।

**सिंह**: आपका आज का दिन शुभ फलदायी रहेगा। व्यवसाय नौकरी में मनचाही उन्नति मिलने से दिन भर प्रसन्न रहेंगे।

**कन्या**: आपका आज का दिन सामान्य रहेगा फिर भी सेहत की अनदेखी करना भारी पड़ सकता है। पेट सम्बंधित समस्या बड़ा रूप ना ले इसका ध्यान रखे।

**तुला**: आज का दिन आपके लिए आनंददायक रहेगा। आज प्रत्येक क्षेत्र में विरोधी परास्त होंगे। सामाजिक मान-सम्मान बढेगा।

**वृश्चिक**: आज के दिन आप ज्यादा मेहनत करने के मूड में नहीं रहेंगे परन्तु पुराने कार्यों अथवा कार्य क्षेत्र पर व्यवस्था बनाने में काफी परिश्रम करना पड़ेगा।

**धनु**: आपका आज के दिन का अधिकांश समय आराम से व्यतीत होगा। सामाजिक एवं धार्मिक कार्यों में योगदान देने से यश एवं सम्मान की प्राप्ति होगी।

**मकर**: आज के दिन क्रोध अथवा अहम् की भावना बने बनाये कार्यों पर पानी फेर सकती है इसलिए ख़ास कर व्यावसायिक एव सामाजिक क्षेत्र पर विवेक पूर्ण व्यवहार रखे।

**कुंभ**: आपका आज का दिन सामान्यतः शुभ ही रहेगा।

**मीन**: आज के दिन आपको प्रारब्ध अनुसार जितना मिले उसी में संतोष कर लेंगे। परन्तु फिर भी अंदरूनी तौर पर मन में कुछ ना कुछ कमी बनी रहेगी।

## शब्द सागर

### शब्द सामर्थ्य

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं :**
1. अनुचित, असत्य, जो ठीक न हो 3. बेवजह, बिनाकारण, व्यर्थ 4. हल्कीनींद, चकमा, धोखा 6. शक्कर पानी आदि का मीठा घोल 10. सोते से उठाना, सावधान करना, प्रदीप्त करना 11. चरमसीमा, सीमांत 14. पानी, आंसू 15. बैठा हुआ, विराजित 16. नृत्य 17. मृतप्राय, मृत्यु के करीब 19. जल, अम्बु 22. उपहार, भेंट 23. खबर, संदेश।

**ऊपर से नीचे**
1. गणपतिजी, 2. मांगनेवाला, पाने की इच्छा करने वाला 3. मिट्टी के रंग का, मटमैला 5. चला आता हुआ क्रम प्रथा, प्रणाली, रीति-रीवाज, 7. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 8. पेड़ का धड़ा जहां से शाखाएं निकलती है, 9. मिठाई, खाने की मीठी चीज 12. शासन, गुमबाद 13. श्रद्धा, स्त्री, जयशंकर प्रसाद द्वारा रचित प्रसिद्ध महाकाव्य 15. विपत्तिग्रस्त, दुखी, अभागा 16. प्रसिद्ध, नामवर 18. स्वप्न, ख्वाब 20. करीब, नजदीक, समीप 21. सुबह, प्रातः, सवेरा।

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 129 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | भि | षे | क | | प | स | | |
| जा | त | | श | प | थ | पा | ना | |
| य | र | का | नी | | भ्र | | र | श्मि |
| ब | घा | र | | क | ष्ट | प्र | द | |
| | त | ना | त | नी | | वं | | ब |
| अ | | मा | | ज | मा | त | | ल |
| स | जा | | | | | क | ज | रा |
| बा | | बे | स | हा | रा | | ग | म |
| ब | गु | ला | | रा | ज | दू | त | |

# रिटायर्ड कर्मचारी से 54.30 लाख की ऑनलाइन ठगी

- फर्जी मामले में जांच का हवाला देकर पैसे कराए ट्रांसफर
- जांच के बाद पैसे लौटाने का दिया झांसा

**बिलासपुर/नवप्रदेश।** केंद्रीय शासकीय विभाग से रिटायर्ड कर्मचारी से अज्ञात साइबर ठगों ने फर्जी पोर्नोग्राफी और मनी लॉड्रिंग के मामले में लिप्त होने का डर बनाकर जांच के नाम पर ऑनलाइन 54 लाख 30 हजार रुपए ट्रांसफर करा लिए, जिसमें जब प्रार्थी को अपने साथ ठगी का आभास हुआ तो उन्होंने इसकी शिकायत साइबर थाने में दर्ज कराई। मिली जानकारी के अनुसार जयसिंह चंदेल पिता भागवत सिंह चंदेल अज्ञेय नगर बिलासपुर में रहते है जो वर्ष 2014 में केंद्रीय शासकीय सेवा से रिटायर्ड है। उनके मोबाईल में 24 जून से 15 जुलाई तक अज्ञात मोबाईल फोन नंबर से कॉल कर फर्जी पुलिस केस में नाम होने का भय बनाकर जाल बिछाया गया और मुंबई में केस रजिस्टर्ड होने का हवाला दिया गया, जिसके बाद फर्जी दस्तावेज भी उनके मोबाईल पर भेजे गए और ईडी द्वारा मनी लॉड्रिंग में जांच किये जाने का झांसा दिया गया, जिसके लिए उन्हें अपने सारे पैसे उनके दिए गए बैंक अकाउंट में ट्रांसफर करने कहा गया और केस से क्लियर होने पर पैसे वापस मिल जाने की बात कही गई। बार बार फोन पर भय बनाकर उनके कई किस्तो में कुल 54 लाख 30 हजार रुपए ट्रांसफर करा लिए गए, लेकिन जब पैसे वापस करने की बारी आई तो फोन उठाना बन्द कर दिया गया, तब प्रार्थी को अपने साथ फर्जी पुलिस केस जिसमें पोर्नोग्राफी और मनी लॉड्रिंग का मामला दर्ज होने की झूठी कहानी का आभास हुआ और अपने साथ हुई 54 लाख 30 हजार रुपए की साइबर ठगी की शिकायत दर्ज कराई गई है। जिस पर पुलिस ने मो नं, वाट्स अप नंबर के धारक अज्ञात, मुम्बई पुलिस के अधिकारी विनायक बावर के खिलाफ धारा 66डी-आईएनएफ, 3(5)-बीएनएस , 318-बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

## न्यूज गैलरी

### नगरीय निकायों में जनसमस्या निवारण पखवाड़ा शुरू

**बिलासपुर/नवप्रदेश।** राज्य के सभी नगरीय निकायों में आज से जनसमस्या निवारण पखवाड़ा प्रारंभ हो गया है। उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव ने सभी नगर निगमों के आयुक्तों और विभाग के पांचों क्षेत्रीय कार्यालयों के संयुक्त संचालकों से फोन पर बात कर गंभीरता से नागरिकों की समस्याएं निराकृत करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने जनसमस्या निवारण पखवाड़ा के दौरान वार्डवार आयोजित शिविरों में आधार कार्ड, राशन कार्ड, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, भवन निर्माण अनुज्ञप्तियां, नल कलेक्शन, राष्ट्रीय परिवार सहायता, वृद्धावस्था पेंशन, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी करने तथा नामांतरण व स्वरोजगार के प्रकरणों का निपटारा करने भी कहा है। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने नगर निगम आयुक्तों और संयुक्त संचालकों को वार्डवार आयोजित शिविरों के सतत निरीक्षण और इनके सुचारू संचालन के भी निर्देश दिए हैं। उन्होंने राजस्व मामलों के निराकरण के साथ ही संपत्ति कर और अन्य करों की वसूली की भी व्यवस्था बनाने को कहा है। प्रदेश के सभी 184 नगरीय निकायों में आज से शुरू जनसमस्या निवारण पखवाड़ा 10 अगस्त तक चलेगा। इस दौरान नगर निगमों, नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों में वार्डवार शिविरों का आयोजन कर लोगों की समस्याओं का निदान किया जाएगा। इन शिविरों के आयोजन से स्थानीय प्रशासन में लंबित शिकायतों का त्वरित निदान होगा और नागरिकों को जरूरी सुविधाएं मिलेंगी।

### घरों में घुसा बारिश का पानी

**बिलासपुर/नवप्रदेश।** जिले में पिछले 4 दिनों से लगातार हो रही बारिश से निचले हिस्सों में रहने वाले लोगों की समस्या बढ़ गई है। शनिवार को हुई बारिश के बाद शहर के कई जगहों पर घरों में पानी घुस गया, जिससे लोगों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ा। इधर, मौसम विभाग ने रविवार को भी बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। इसे देखते हुए कलेक्टर ने भी आपदा प्रबंधन कंट्रोल रूम के साथ ही मैदानी अमले को तैयार रहने के निर्देश दिए हैं। जिले में देरी से मानसून सक्रिय होने के बाद भी इस बार अच्छी बरसात हुई है। हालांकि, शुरूआती बारिश के बाद बीच में मानसून भटक गया था, जिसके बाद बारिश थम सी गई थी। इसके चलते किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें दिखने लगी थी। लेकिन, सावन शुरू होते ही बारिश की झड़ी लग गई है। स्थिति यह है कि पिछले चार दिनों से सूर्य की किरणें भी गायब है। दिन में भी आसमान में काली घटाएं और बदली छाई रही।

### इंदौर-पुरी-इंदौर हमसफर एक्सप्रेस में एक एसी-3 कोच व एक स्लीपर कोच

**बिलासपुर/नवप्रदेश।** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की बेहतर यात्रा सुविधा व अधिकाधिक यात्रियों को कंफ़र्म बर्थ उपलब्ध कराने हेतु दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से होकर चलने वाली गाड़ी संख्या 20917/20918 इंदौर-पुरी-इंदौर हमसफर एक्सप्रेस में एक एसी-3 कोच एवं एक स्लीपर कोच की सुविधा अस्थायी रूप से उपलब्ध कराई जा रही है। यह सुविधा गाड़ी संख्या 20917 इंदौर-पुरी हमसफर एक्सप्रेस में 30 जुलाई को तथा गाड़ी संख्या 20918 पुरी-इंदौर हमसफर एक्सप्रेस में 1 अगस्त को उपलब्ध रहेगी।

### सूने मकान में चोरी आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर/नवप्रदेश।** सूने मकान का ताला तोड़कर घर का सामान चोरी करने वाले आरोपी को सीपत पुलिस ने चंद घंटो में गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ और भी आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस के अनुसार शैल साहू पति चंद्रशेखर साहू निवासी सीपत थाना आकर रिपोर्ट दर्ज करायी कि प्रार्थिया किराये के मकान में अपने परिवार के साथ रहती थी 24 जुलाई को घर में ताला बंद करके मायके घर चली गई थी 25 जुलाई को घर आकर देखी तो घर का ताला टूटा हुआ है घर में रखे दाल, चना, बड़ी, बिजौरी, फल्ली, अचार एवं नगदी रकम 5500 रूपये कीमत 6500 रूपये को कोई अज्ञात चोर रात्रि में चोरी कर ले गया कि रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ अधिकारियों के दिशा निर्देश में माल/ मशरूका, आरोपी का पता साजी किया गया।

सुरक्षित ट्रेन परिचालन के लिए रेलवे प्रतिबद्ध

# फॉग सेफ डिवाइस से घने कोहरे में भी रेल यात्रा सुरक्षित

**बिलासपुर/नवप्रदेश।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे का नेटवर्क भौगोलिक रूप से विविध क्षेत्रों में फैला हुआ है। एक ओर, यह समतल मैदानी भागों से होकर गुजरता है, तो दूसरी ओर घने जंगलों और पहाड़ी क्षेत्रों से भी होकर गुजरता है। इन ऊंचाई वाले क्षेत्रों में सर्दियों के मौसम में घना कोहरा ट्रेन परिचालन को गंभीर रूप से प्रभावित करता है। विशेष रूप से खोंगसरा और भनवारटंक स्टेशनों के पास बिलासपुर-कटनी सेक्शन में कई ट्रेनें कोहरे से प्रभावित होती हैं। हर साल, सर्दियों के महीनों में कोहरे के मौसम के दौरान, ट्रेन परिचालन में चुनौतियों का सामना करना पड़ता है । इन चुनौतियों को कम करने और सुरक्षित ट्रेन परिचालन सुनिश्चित करने के लिए, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने लगभग 1000 फॉग सेफ डिवाइस लगाए हैं । ये उपकरण विशेष रूप से डिज़ाइन किए गए हैं ताकि लोको पायलटों को घने कोहरे की स्थिति में ट्रेन चलाने में सहायता मिल सके। फॉग सेफ डिवाइस एक जीपीएस आधारित नेविगेशन सिस्टम है, जो लोको पायलट को मार्गदर्शन और सटीक जानकारी प्रदान करता है। इस उपकरण में एक एंटीना होता है जिसे इंजन के ऊपरी हिस्से में फिक्स किया जाता है, और यह एंटीना सिग्नल को रिसीव करने के लिए लगाया जाता है। इसके अलावा, इसमें एक मेमोरी चिप होती है जिसमें रेलवे रूट की पूरी जानकारी फीड होती है। खास बात यह है कि इसमें रूट में पड़ने वाले लेवल क्रॉसिंग, जनरल क्रॉसिंग सिग्नल और रेलवे स्टेशन की जानकारी पहले से ही दर्ज होती है। यह डिवाइस लोको पायलट को सिग्नल, लेवल क्रॉसिंग गेट (मैनयुक्त और मैनरहित), न्यूट्रल सेक्शन आदि के बारे में ऑन-टाइम जानकारी (प्रदर्शन के साथ-साथ ऑडियो मार्गदर्शन) प्रदान करता है । इस प्रणाली से भौगोलिक क्रम में आने वाले अगले तीन निर्दिष्ट स्थलों की लगभग 500 मीटर की दूरी तक की जानकारी मिलती है । ट्रेन परिचालन सिग्नल प्रणाली पर आधारित होता है, लेकिन घने कोहरे के चलते सिग्नल दिखाई नहीं देते, जिससे ट्रेनों को चलाने में काफी परेशानी होती है । ऐसे में ड्राइवर को सिग्नल ढूंढने में मुश्किल होती है और ट्रेनों को बहुत धीमी गति से चलाना पड़ता है ताकि सिग्नल पार किया जा सके। फॉग सेफ डिवाइस के उपयोग से ट्रेन के चालक को काफी सुविधा मिलती है। फॉग सेफ डिवाइस सभी प्रकार के अनुभागों जैसे सिंगल लाइन, डबल लाइन, विद्युतीकृत और गैर-विद्युतीकृत अनुभागों के साथ ही सभी प्रकार के इलेक्ट्रिक और डीजल इंजनों के लिए उपयुक्त है । इस डिवाइस में 18 घंटे के लिए इन-बिल्ट रीचार्जेबल बैटरी बैकअप है। यह उपकरण पोर्टेबल, आकार में कॉम्पैक्ट, वजन में हल्का और मजबूत डिजाइन वाला है। फॉग सेफ डिवाइस एक बैटरी ऑपरेटेड यंत्र होता है जिसे ट्रेन के इंजन में रखा जाता है। लोको पायलट अपनी ड्यूटी शिफ्ट शुरू करने पर इस डिवाइस को अपने साथ आसानी से लोकोमोटिव तक ले जा सकते हैं और इसे लोकोमोटिव के कैब डेस्क पर आसानी से रख सकते हैं। यह डिवाइस कोहरे, बारिश या धूप जैसी मौसमी परिस्थितियों से अप्रभावित रहता है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे इन फॉग सेफ डिवाइस की सहायता से सुरक्षित और संरक्षित रेल यात्रा सुनिश्चित कर रही है। इन उपकरणों का उपयोग न केवल ट्रेन संचालन की विश्वसनीयता में सुधार करता है, बल्कि ट्रेन की देरी को भी कम करता है और समग्र यात्री सुरक्षा को बढ़ाता है। इस पहल के माध्यम से दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने ट्रेन संचालन की गुणवत्ता में महत्वपूर्ण सुधार किया है, जिससे यात्रियों को बेहतर और समय पर सेवा मिलती है। यह कदम रेलवे के आधुनिकरण और तकनीकी उन्नति की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है, जिससे रेलवे संचालन में भविष्य में और भी सुधार होने की संभावना है।

# धरमलाल की अगुवाई में छात्रों ने मुख्यमंत्री साय व विस अध्यक्ष डॉ. रमन से भेंट की

**बिलासपुर/नवप्रदेश।** पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं विधायक बिल्हा धरमलाल कौशिक के सानिध्य में मानसून सत्र के अंतिम दिन विधानसभा बिल्हा के सरस्वती शिशु मंदिर यदुनंदन नगर तिफरा और शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला तिफरा के छात्रों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं विधानसभा अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह से मुलाक़ात की। इस अवसर पर माननीयों ने भी बच्चों के साथ संवाद किया व उनके उज्जवल भविष्य हेतु शुभकामनाएं प्रेषित की। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि बच्चों के साथ का यह अनुभव सुखद रहा। सभी बच्चे खूब पढ़ें, आगे बढ़ें, तरक्की करें। विद्यार्थियों ने पहली बार विधानसभा की कार्यवाही को प्रत्यक्ष रूप से देखा। विद्यार्थियों ने मुख्यमंत्री और विधानसभा अध्यक्ष से मुलाकात के दौरान जिज्ञासा वश कई महत्वपूर्ण प्रश्न पूछे और विधानसभा की कार्यप्रणाली के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की। विद्यार्थियों ने इस अनुभव को अत्यंत ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक बताया।मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने छात्रों को अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि युवा पीढ़ी का राजनीति और सरकारी कार्यप्रणाली के प्रति जागरूक होना बहुत आवश्यक है। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने विद्यार्थियों को विधानसभा की कार्यवाही और उसकी भूमिका के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस मौके पर श्री कौशिक ने विद्यार्थियों को राजनीति में नैतिकता और ईमानदारी के महत्व पर बल दिया। यह भम्रण विद्यार्थियों के लिए एक महत्वपूर्ण शैक्षणिक यात्रा साबित हुआ, जिसमें उन्होंने न केवल विधानसभा की कार्यवाही को देखा, बल्कि प्रदेश के प्रमुख नेताओं से भी बातचीत करने का अवसर पाया।

# ट्रेन में नशीली चीज खिलाकर उठाईगिरी, आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर/नवप्रदेश।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के नागपुर रेल मंडल के अंतर्गत 6 जुलाई को 12833 अहमदाबाद हावडा एक्सप्रेस के कोच संख्या एस 4 के बर्थ संख्या 63 पर बडोदरा से हावडा यात्रा कर रहे यात्री दिब्येश वल्द स्व. अटलबिहारी सक्सेना उम्र 42 वर्ष पश्चिम बंगाल का निवासी को उसी बर्थ पर आरएसी मे यात्रा कर रहे यात्री द्वारा खाने की चीज मे नशीली दवा खिलाकर उसका बैग चोरी कर लिया गया था। घटना की सुचना पूर्व रेल कोलकाता से प्राप्त होने पर मामले की गंभीरता को देखकर घटना मे संलिप्त आरोपी की धरपकड हेतु जोनल मुख्यालय विलासपुर के निर्देश पर निरीक्षक नंद बहादुर के नेतृत्व मे प्रधान आरक्षक राजेंद्र रायकवार एवं आरक्षक नासीर खान के साथ टीम गठित की गई । निरीक्षक नंद बहादुर द्वारा कुशल नेतृत्व करते हुये अपनी सुझबुझ का परिचय देकर टीम के साथ कठोर परिश्रम कर अलग-अलग स्टेशनो के सीसीटीवी फुटेजों का अध्ययन करते हुये सभी प्रकार के वैज्ञानिक उपयोगों एवं नवीनतम तकनीको का प्रयोग कर आसुचना तंत्रो के माध्यम से सूचना प्राप्ति के तीन दिन के अंदर में ही दिनांक 26 जुलाई, 2024 को गाडी संख्या 04121 सिंकदराबाद स्पेशल मे समय लगभग 11.15 बजे सीसीटीवी मे प्राप्त हुलिये के आधार पर मामले मे संलिप्त व्यक्ति पकडा गया।

### हैदराबाद-रक्सौल-हैदराबाद एक्सप्रेस में अतिरिक्त जनरल कोच उपलब्ध

**बिलासपुर/नवप्रदेश।** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्री सुविधाओं में निरंतर वृद्धि करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की बेहतर यात्रा सुविधा हेतु गाड़ी संख्या 17005/17006 हैदराबाद-रक्सौल-हैदराबाद एक्सप्रेस में 02 जनरल कोच की सुविधा स्थायी रूप से उपलब्ध कराई जा रही है। यह सुविधा गाड़ी संख्या 17005 हैदराबाद-रक्सौल एक्सप्रेस में 28 नवम्बर से तथा गाड़ी संख्या 17006 रक्सौल-हैदराबाद एक्सप्रेस में 1 दिसम्बर से उपलब्ध रहेगी। इन अतिरिक्त जनरल कोच के जुडने से इस गाड़ी में 4 जनरल कोच की सुविधा उपलब्ध हो जाएगी। इससे ज्यादा से ज्यादा यात्रियों को जनरल कोच में यात्रा करने की सुविधा मिलेगी। साथ ही सामान्य कोच में यात्रियों की भीड़ का दबाव कम होगा और यात्रीगण सुगम एवं आरामदायक यात्रा कर सुखद अनुभव प्राप्त कर सकेंगे।

# रोबोटिक सर्जरी किफायती और शीघ्र स्वास्थ्य के लिए लाभकारी: डॉ. दवे

- रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल ने 250 से अधिक रोबोटिक सर्जरी कर कायम की मिसाल

**बिलासपुर/नवप्रदेश।** रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल की प्रतिष्ठा, विश्वस्तरीय चिकित्सा व सर्जरी की अत्याधुनिक सुविधाओं के लिये पूरे मध्यभारत में फैली हुई है। हृदय रोग, किडनी, लिवर, मस्तिष्क संबंधी जटिल से जटिल रोगों के मरीजों का सफलतापूर्वक इलाज, यहाँ विशेषज्ञ चिकित्सकों व कुशल अनुभवी स्टाफ के द्वारा होता है। रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल के मेडिकल व मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. संदीप दवे जो 30 वर्षो से अधिक अनुभवी व कुशल सर्जन के रूप में प्रतिष्ठित हैं रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल को. अपने परिश्रम व प्रयासों से श्रेष्ठ हॉस्पिटल का दर्जा प्राप्त करने में समर्पित ढंग से जुटे रहते हैं। इसी दिशा में उनके द्वारा छत्तीसगढ़ के सर्वप्रथम रोबोटिक सर्जरी मशीन की स्थापना रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल में की गई। डॉ. दवे ने यहां पत्रकारों को बताया कि रोबोटिक सर्जरी के अनेक फायदे हैं, जिनमें सर्जरी की क्रिया में विशेषज्ञ चिकित्सक का पूर्ण नियंत्रण, छोटा, चीरा, कोई रिस्क नहीं, कम ब्लीडिंग किफायती और शीघ्र स्वास्थ्य लाभ शामिल है। इनके साथ ही मरीजों को सबसे बड़ा फायदा यह भी मिलता है कि कुछ समय पहले तक. उन्हें इस तरह के इलाज व सर्जरी के लिये महानगरों के बड़े हॉस्पिटल में जाना होता था, जिसमें समय एवं अन्य तरह की परेशानी उठानी पड़ती थी। अब रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल में स्थापित द विन्सी 4 जनरेशन नामक अत्याधुनिक रोबोटिक से इस प्रकार की सर्जरी यहाँ संभव हो चुका है। रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल में अनुभवी व कुशल सर्जन्स की टीम सदैव उपलब्ध रहती है जिनमें डॉ. संदीप दवे एवं अन्य लेप्रोस्कोपिक सर्जन्स डॉ. जव्वाद नकवी, डॉ. सिद्धार्थ तामस्कर एवं डॉ. विक्रम शर्मा आदि शामिल है। मध्यभारत की इस अनुभवी व कुशल रोबोटिक एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन्स की टीम द्वारा अब तक 250 से अधिक, रोबोटिक सर्जरी सफलतापूर्वक की जा चुकी है, जो एक गौरवशाली उपलब्धि है।

**प्रोत्साहन** | आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड ने किया एंथे 2024 लांच

# 7वीं से 12वीं तक के छात्रों को मिलेगी छात्रवृत्ति व नगद पुरस्कार

**बिलासपुर/नवप्रदेश।** एंथे, एईएसएल की राष्ट्रीय छात्रवृत्ति परीक्षा 19 से 27 अक्टूबर तक ऑनलाइन और ऑफलाइन होगी इसमें छात्रों को 100 फीसदी तक छात्रवृत्तियाँ उपलब्ध कराई जाएगी इसके साथ ही कक्षा 7 से 9 में शीर्ष 100 छात्रों और कक्षा 11-12 में शीर्ष 50 छात्रों के लिए नकद पुरस्कार भी दिया जाएगा इसके अलावा 5 छात्रों को कैनेडी स्पेस सेंटर, फ्लोरिडा, संयुक्त राज्य अमेरिका में 5 दिवसीय पूर्ण खर्च यात्रा का लाभ आकाश इंस्टीट्यूट की तरफ से दिया जायेगा।

पिछले साल, 11.8 लाख से अधिक छात्रों ने ऐंथे की परीक्षा दी थी। जिसमें कई टॉपर्स (नीट यूजी और जेईई मेन और एडवांस्ड) ने एंथे के साथ अपनी यात्रा शुरू की थी इस कंपटीशन के लिए पंजीकरण शुरू हो चुका है और छात्र/अभिभावक या तो anthe.aakash.ac.in पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं या अपने शहर में आकाश के निकटतम केंद्र पर जा सकते हैं। इसके अलाव किसी तरह से कोई दिक्कत होती है इस व्हाट्सएप नंबर 7428790080 पर भी hiii लिख करके संपर्क कर सकते है। अपनी प्रमुख छात्रवृत्ति परीक्षा एंथे के गौरवशाली 15 वर्षों को पूरा करते हुए, परीक्षण तैयारी सेवाओं में राष्ट्रीय अग्रणी, आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) ने गर्व से बहुप्रतीक्षित आकाश नेशनल टैलेंट हंट एग्जाम (एंथे) 2024 के लांच की घोषणा की है। एंथे लोकप्रिय और सबसे अधिक मांग वाली परीक्षा है, जो सातवीं-बारहवीं कक्षा के छात्रों को महत्वपूर्ण नकद पुरस्कारों के साथ 100 प्रतिशत तक छात्रवृत्ति अर्जित करने का मौका देती है, जिससे उन्हें चिकित्सा या इंजीनियरिंग में एक सफल करियर के अपने सपनों को हासिल करने में मदद मिलती है। आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) के सीईओ और एमडी दीपक मेहरोत्रा ने कहा, आकाश नेशनल टैलेंट हंट एग्जाम (एंथे) ने अनगिनत छात्रों की आकांक्षाओं और क्षमताओं के बीच अंतर को पाटने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। एंथे के इन 15 वर्षों का जश्न मनाते हुए, हमने अपने पाठ्यक्रमों को पूरे देश में योग्य छात्रों के लिए सुलभ बनाने का काम किया है, चाहे उनका स्थान कोई भी हो। एंथे छात्रों को, चाहे वे कहीं भी हों, अपनी गति से नीट और आईआईटी-जेईई परीक्षाओं की तैयारी करने में सक्षम बनाता है। हम एंथे 2024 में मजबूत भागीदारी की आशा करते हैं और छात्रों को उज्वल भविष्य की दिशा में मार्गदर्शन करने के लिए समर्पित हैं। इस बार एंथे अपने 15वें सफल वर्ष का जश्न मना रहा है, और इसके पास श्रेष्ठ उपलब्धियों का एक शानदार रिकॉर्ड है। इन वर्षों में, ऐंथे के कई छात्रों ने नीट यूजी और जेईई एडवांस्ड जैसी प्रतिष्ठात्मक परीक्षाओं में शीर्ष स्थान हासिल किए हैं। एंथे ऑफलाइन परीक्षा 20 और 27 अक्टूबर 2024 को आकाश इंस्टीट्यूट के सभी 315+ केंद्रों पर सुबह 10.30 बजे से 11.30 बजे तक आयोजित की जाएगी, जबकि ऑनलाइन परीक्षा 19 से 27 अक्टूबर 2024 के बीच किसी भी समय लिया दी जा सकती है। छात्र अपने अनुकूल समय में एक घंटे का स्लॉट चुन सकते हैं। एंथे एक घंटे की परीक्षा होगी, जिसमें कुल 90 अंक होंगे और 40 बहुविकल्पीय प्रश्न होंगे, जो छात्रों की उनकी कक्षा और विषय विचारों के आधार पर होंगे।

### 5 छात्रों को भेजा जाएगा नासा

इस वर्ष, इसे विशेष और रोमांचक बनाने के लिए इसमें पांच उत्कृष्ट छात्रों के लिए फ्लोरिडा, यूएसए में कैनेडी स्पेस सेंटर की पांच दिवसीय पूर्ण-खर्च भुगतान यात्रा शामिल की गई है। फ्लोरिडा में स्थित जॉन एफ कैनेडी स्पेस सेंटर, संयुक्त राज्य अमेरिका में नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन (नासा) के दस फील्ड सेंटरों में से एक है। एंथे छात्रवृत्ति प्राप्तकर्ताओं को आकाश के व्यापक कोचिंग कार्यक्रमों से लाभ होगा, जो छात्र नीट, जेईई, राज्य सीईटी और एनटीएसई और ओलंपियाड जैसी छात्रवृत्ति परीक्षाओं के लिए तैयारी करते हैं।

### एंथे का मिशन

योग्य स्टूडेंट्स को वित्तीय सहायता प्रदान करने, उनकी क्षमता और उनकी क्षमताओं के बीच अंतर को पाटने में मदद करने की अपनी विरासत को जारी रखना। स्टूडेंट्स को चुनौतीपूर्ण प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं की तैयारी में मदद करने के लिए एक बेहतर प्लेटफार्म प्रदान करना। स्टूडेंट्स को उनकी तैयारी का आकलन करने में मदद करने के लिए राज्य रैंक के साथ अखिल भारतीय रैंक प्रदान करना। शेखर शुक्ला (जेईई एडवांस्ड 2024 एआईआर 25), कृष्णा साई शिशिर (जेईई एडवांस्ड 2024 एआईआर 67), अभिषेक जैन (जेईई एडवांस्ड 2024 एआईआर 78) और अन्य। नीट 2023 में हमारे शीर्ष स्कोरर्स शामिल हैं- कौस्तव बौरी (एआईआर 03), ध्रुव आडवाणी (एआईआर 05), सूर्य सिद्धार्थ एन (एआईआर 06), आदित्य नीरज (एआईआर 27) और आकाश गुप्ता (एआईआर 28). एंथे 2024 का आयोजन 19 से 27 अक्टूबर 2024 के बीच ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों मोड में, भारत के 26 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में होगा, 100 प्रतिशत तक की छात्रवृत्तियों के अलावा, शीर्ष स्कोरर्स को नकद पुरस्कार भी प्रदान किया जाएगा।

■ न्यूज गैलरी

## जिला चिकित्सालय में सुरक्षा सेवाएं देने एजेंसियों से 9 तक निविदा आमंत्रित

**दंतेवाड़ा/नवप्रदेश।** जिला चिकित्सालय से प्राप्त जानकारी अनुसार सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक, जिला चिकित्सालय ओर से वर्ष 2024-25 के निविदा खुलने की तिथि से एक वर्ष के लिये सुरक्षा सेवाएँ कार्य हेतु इच्छुक सुरक्षा एजेंसी से मुहरबंद लिफाफा में निविदा आमंत्रित की जाती है। इसके तहत निविदा फार्म प्राप्त करने की अंतिम तिथि 09 अगस्त, निविदा फार्म जमा करने की अंतिम तिथि 09 अगस्त, निविदा फार्म खोलने की तिथि 12 अगस्त 2024 दोपहर 12 बजे तक निर्धारित है। इस संबंध में पृथक-पृथक का निविदा प्रपत्र जिला चिकित्सालय कार्यालय से आवेदन सहित 500 (पाँच सौ रूपये) डी.डी. जीवन दीप समिति जिला चिकित्सालय दंतेवाड़ा के नाम से जमा कर निविदा सूचना जिले के वेबसाइड "dantewada.nic.in" में भी देखी जा सकती है। निविदा फार्म कार्यालयीन अवधि में 30 जुलाई से 9 अगस्त 2024 तक प्राप्त किया जा सकता है।

## विधायक अटामी किरंदुल बाढ़ पीड़ितों से मिलने पहुंचे

**दंतेवाड़ा/नवप्रदेश।** विधायक चैतराम अटामी विधानसभा सत्र के बाद वापस दंतेवाड़ा लौटते ही किरंदुल बाढ़ पीड़ितों से मिलने पहुंचे। लगातार मूसलाधार बारिश के बीच विधायक चैतराम अटामी बाढ़ से प्रभावित वार्ड क्रमांक 01, वार्ड क्रमांक 03 और वार्ड क्रमांक 06 पहुंचे और पीड़ित लोगों से घर-घर जा कर जायजा लिया। विधायक चैतराम अटामी के पहल पर एन एम डी सी किरंदुल परियोजना द्वारा राहत सामग्री कपड़े, गद्दे और भोजन की व्यवस्था की जा रही है। साथ ही अंतरिम सहायता राशि के तौर पर पत्येक परिवार को 20000 रु सहायता राशि भी दी जा रही है,अभी तक 200 परिवारों को अंतरिम सहायता राशि दी जा चुकी है। साथ ही पीड़ितों की मदद हेतु लगातार राहत कार्य जारी है।

## डिक्की बस्तर के अध्यक्ष बने सुरेश चंद्राकर

**बीजापुर/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ के अंतिम छोर व अतिसंवेदनशील क्षेत्र से ताल्लुक रखने वाले सुरेश चंद्राकर को भारतीय दलित वाणिज्य एवं उद्योग मंडल (डिक्की) छत्तीसगढ़ द्वारा बीजापुर के युवा उद्यमी सुरेश चंद्राकर को बस्तर चैप्टर छत्तीसगढ़ का अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। चंद्राकर में बचपन से ही कुछ कर गुजरने की लालसा थी। उनका बचपन मुफलिसी में गुजरा है। लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी और अपने कर्तव्य पर सोच समझकर आगे बढ़ते रहे। अंततः वे अपने मकसद में कामयाब रहे। मृदुभाषी, मिलनसार, हंसमुख और बिना किसी भेदभाव से समाज के साथ अन्य समाज के गरीब लोगों को आर्थिक या कुछ मदद के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ राज्य के अति पिछड़े इलाके से आने वाले सुरेश चंद्राकर युवा उद्यमी के रूप में सभी युवाओं को प्रभावित कर रहे हैं। विशेष तौर पर दलित, आदिवासी और पिछड़े वर्ग के उद्यमियों के साथ मिल कर छत्तीसगढ़ बस्तर के विकास में अहम भूमिका निभा रहे हैं। डिक्की के अध्यक्ष के मनोनीत होने पर चैप्टर छत्तीसगढ़ के डिक्की सदस्यों ने उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# आसमानी आफत से जनजीवन अस्त-व्यस्त

■ **शहर के 52 दुकान, 25 मकानों में भरा पानी**

■ **दो दिनों से हो रही मूसलाधार बारिश**

■ **कई गांव टापू में तब्दील राहत बचाव में लगी प्रशासन की टीम**

**कांकेर/नवप्रदेश।** कांकेर जिले में बीते दो दिनों से हो रही मूसलाधार बारिश से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है।

शहर के भीतर से बहने वाली दूध नदी में जल स्तर लगातार बढ़ रहा है। इसी तरह कांकेर जिले के ग्रामीण अंचल में भी लगातार बारिश से कई गांव बाढ़ की चपेट में आने की खबर मिल रही है। कांकेर मुख्यालय की बात करें बीते दो दिनों की बारिश से शहर के नदी किनारे बसे घरों को अलर्ट जारी कर खाली करने मुनादी कराई गई है। लेकिन स्थिति वैसी नहीं बन पाई हर स्थिति से निपटने जिला प्रशासन की बाढ़ राहत आपदा प्रबंधन पूरी तरह मुस्तैद दिखाई दी।

गौरतलब है कि अनवरत बारिश से कांकेर जिले के अंतागढ़ पखांजूर दुर्गूकोंदल भानुप्रतापपुर चारामा नरहरपुर जामगांब दुधावा जैसे ग्रामीण अंचल में जनजीवन प्रभावित होने की जानकारी मिली है।

वैसे दो दिनों से हो रही बारिश से कांकेर के नया बस स्टैंड स्थित स्टेडियम के पास के 52 दुकानों, टीचर्स कालोनी के 25 मकानों में कमर तक पानी भर गया है। इसके कारण दुकानदारों और टीचर्स कालोनी के लोगों में प्रशासन के खिलाफ जमकर आक्रोश है। पानी भरने से दुकानदारों को काफी नुकसान पहुंचा है। इसके अलावा कालोनी के घरों में पानी घुसने से लाखों के नुकसान हुआ है। दुकानों में पानी भरने से नाराज़ दुकानदारों ने राष्ट्रीय राजमार्ग में चक्काजाम कर प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते रहे। हालात को देखते ज़िला प्रशासन ने मौके पर प्रशासनिक अधिकारी और भारी पुलिस बल तैनात कर हालात पर नजर बनाए हुए हैं। दुकान और सरकारी क्वाटर के लोगो के गुस्से को देखते मौके पर तहसीलदार नगरपालिका की टीम पंप से पानी बाहर निकलने का प्रयास कर रही है। स्टेडियम के 52 दुकानों में पानी भराव से दुकान संचालकों को भी काफी नुकसान उठाना पड़ा है।नुकसान को लेकर दुकानदारों में जमकर आक्रोश व्याप्त है।

स्टेडियम में बनी 52 दुकानों में पानी भरने से छोटे छोटे दुकानदारों पर मानो आफत आन पड़ी है। इनमें होटल लोहार पान दुकान कपड़े चाय टपरी जैसी दुकानें संचालित होती है। रोजाना कमाने वालों की दुकान में अचानक पानी घुसने से दुकान संचालकों पर बड़ी मुसीबत झेलनी पड़ रही है।

**रिटेनिंग वाल ने रोका नदी का पानी, व्यापारियों को मिली राहत**

लगातार हो रही बारिश से नदी नाले और शहर के बीच से बहने वाली दूध नदी उफान पर है। शहर की ओर रिटेनिंग वाल बनने से दूध नदी का पानी शहर की ओर नही पहुंचा। दूध नदी में बन रही रिटेनिंग वाल अभी निर्माणाधीन है।
सड़क पर आया पानीः दो दिनों तक अनवरत बारिश से जहां एक ओर जनजीवन प्रभावित हुआ है। सेन चौक सिंगारभाठ कलेक्टर रोड शीतला पारा जैसी सड़क के ऊपर से पानी बह रहा था। जिससे आवाजाही कुछ देर के लिए प्रभावित हुई।

**कांकेर जिले में बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी...**

कांकेर जिले में बीते दो दिनों से लगातार बारिश हो रही है आज भी मौसम विभाग ने भारी बारिश की चेतावनी दी है। कांकेर में शनिवार सुबह 9 बजे से रविवार 9 बजे तक 24 घंटे आरेंज अलर्ट जारी किया गया है।वहीं रविवार के लिए भी मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है।

दुकानदारो में प्रशासन के खिलाफ इतना गुस्सा था की 52 दुकान संचालकों ने राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर चक्काजाम कर दिया। जिसके बाद आनन फानन में मौके पर प्रशासनिक अधिकारी सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात थे। जिसके बाद किसी तरह दुकान संचालकों को मनाया गया। दुकानों में पानी के नुकसान का हर्जाना मिलने अब उन्हें प्रशासन से मुआवाजे की उम्मीद है।

## विधानसभा स्तरीय मतदाता सम्मान समारोह आयोजित

■ **छोटी समस्या का समाधान न होने पर ही बड़ी समस्या बनती है : आशा नेताम**

**कांकेर/धनेलीकन्हार/नवप्रदेश।** विधानसभा स्तरीय मतदाता सम्मान समारोह का आयोजन धनेलीकन्हार मंडल के ग्राम कोदागांव के बजार स्थल पर आयोजित हुआ।इस सम्मान समारोह में उपस्थित कांकेर विधानसभा के मतदाताओं व कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कांकेर लोकसभा के नवनिर्वाचित सांसद भोजराज नाग ने मतदाताओं का सम्मान करते हुए धन्यवाद देते हुए कहा की आपने विधायक बनाया सांसद बनाया व आप लोगों ने अपने बीच में बैठने लायक बनाया है। आगामी दिनों में नगरीय निकाय व ज़िला पंचायत व जनपद पंचायतों व ग्राम के पंच सरपंचो का चुनाव होना है व इस चुनाव में हमारे जैसे जनप्रतिनिधियों को अधिक से अधिक प्रयास व सहयोग से भाजपा समर्थित प्रत्याशी को विजयी बनाकर तीसरी व चौथी इंजन की सरकार बनानी है। पूर्व में प्रदेश की कांग्रेस की सरकार ने विकास पूरा पैसा गोठान में लगा दिया व भारी भ्रष्टाचार किया इन भ्रष्टाचारियों की जांच हो रही है व दोषियों पर कार्यवाही निश्चित ही होना है। कांकेर नगरपालिका का चुनाव अभी तक हमने नहीं जीता है हम सभी के सहयोग व प्रयास से निश्चित ही विजयी होगें। प्रदेश में भाजपा की सरकार बनते ही घोषणाओं पर अमल होने लगा है। राजीव गांधी ने यह बात स्वीकार की थी कि केन्द्र से 1 रुपए भेजता हूं तो अंतिम व्यक्ति को केवल 15 पैसा ही मिलता है। पीएम मोदी जन-धन योजना के तहत करोड़ो खाते खोले गये आज सीधी राशि हितग्राही को मिल रही है। विश्व में हमारा मान बढ़ा है। कांकेर विधायक आशा राम नेताम ने कहा कि आप लोगों के सहयोग से केन्द्र में नरेन्द्र मोदी व राज्य में साय की सरकार बनी है।

## किरंदुल में आफत बनी बारिश

■ **घरों में भरा पानी लोग सुरक्षित स्थानों की ओर निकले**

**किरंदुल/नवप्रदेश।** किरंदुल में 21 जुलाई को बैलाडीला की पहाड़ियों से आए सैलाब ने कई वार्डों के 200 से ज्यादा घरों को पूरी तरह प्रभावित किया. कई घर का सामान पानी में बह गया। घरों में 3 से 4 फीट पानी भर गया। शनिवार 27 जुलाई को एक बार फिर आफत की बारिश ने बाढ़ की स्थिति पैदा कर दी। प्रकृति के इस कहर से लोगों में दहशत का माहौल है।बंगाली कैंप, राय कैंप, मलप्पा कैंप, तालाब पारा, भरतपुर कैंप ये सब पूरी तरह से बाढ़ की चपेट में है। लोग अपनी जान बचाने घरों से सुरक्षित जगह जाते हुए दिखे। वहीं स्थानीय लोगों द्वारा कई लोगों को रेस्क्यू करते हुए घरों से निकाल कर सुरक्षित स्थान में पहुंचाया जा रहा है। किरंदुल में आई इस आफत की बारिश में प्रशासन के साथ नगर के स्थानीय लोग बचाव व राहत कार्य में जुटे हैं। लगातार को रही बारिश के कारण राहत कार्य में भी बाधा पहुंच रही हैं।

## ग्राम बागोडार में जनसमस्या निवारण शिविर में मिले 129 आवेदन

**कांकेर/नवप्रदेश।** राज्य शासन के निर्देशानुसार जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन जिले के विभिन्न गांव में निर्धारित कलस्टर में किया जा रहा है।

इसी क्रम में आज कांकेर विकासखण्ड के ग्राम बागोडार में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें कलेक्टर नीलेश कुमार क्षीरसागर सहित जनप्रतिनिधिगण भी सम्मिलित हुए। उक्त शिविर में विभिन्न विभागों के द्वारा लगाए गए स्टाल में ग्रामीणों से मांगों एवं समस्याओं को लेकर कुल 129 आवेदन प्राप्त हुए, जिसका मौके पर यथासंभव निराकरण किया गया तथा शेष आवेदनों का समय-सीमा में निराकृत करने के निर्देश कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को दिए।

## पंचायत विकास योजना पर अधिकारियों व कर्मचारियों को प्रशिक्षण

**कांकेर/नवप्रदेश।** जिला पंचायत संसाधन केन्द्र कांकेर अंतर्गत लाईवलीहुड महाविद्यालय गोविंदपुर में जनपद स्तरीय लाईन विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को 25 जुलाई से 26 जुलाई तक दो दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण दिया गया। जिला पंचायत के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि उक्त प्रशिक्षण में पंचायत विकास योजना अंतर्गत डीपीडीपी, बीपीडीपी, जीपीडीपी एवं एसएसडीजी विषय के 09 थीम, गरीबी मुक्त और आजीविका उन्नत गांव, स्वस्थ गांव, बाल हितैषी गांव, पर्याप्त जल युक्त गांव, स्वच्छ एवं हरित गांव, आत्मनिर्भर बुनियादी ढांचे वाला गांव, सामाजिक रूप से न्याय संगत एवं सुरक्षित गांव, सुशासन वाला गांव एवं महिला हितैषी गांव के संबंध में जानकारी दी गई।

## लैंड रिकार्ड का किया जा रहा डिजिटलाइजेशन

**दंतेवाड़ा/नवप्रदेश।** जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा में भूमि रिकार्ड के आधुनिकीकरण, व्यापकता और एक पारदर्शी भूमि रिकॉर्ड प्रबंधन प्रणाली विकसित करने हेतु जिला प्रशासन द्वारा एक अभिनव पहल किया गया है जिसमें 1950 के दशक से वर्तमान तक के राजस्व रिकार्डस जिसमें बी-1, खसरा, नामांतरण पंजी, मिसल, अधिकार अभिलेख, राजस्व प्रकरण नजूल प्रकरण व्यपवर्तन प्रकरण इत्यादि को स्कैनिंग करने का कार्य कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में भू-अभिलेख शाखा द्वारा संपादित किया जा रहा है।

इससे जिले की राजस्व भूमि के बारे में वास्तविक समय की जानकारी में सुधार, भूमि संसाधनो के अधिकतम उपयोग, भूमि स्वामियों को लाभ, भूमि से संबंधित नीति एवं योजना बनाने मे सहायक, धोखाधड़ी बेनामी लेनदेन की जांच करना, फर्जी जाति प्रकरण का त्वरित निराकरण। जाति, निवास, आय एवं भूमि क्रय-विक्रय में लगने वाले समय मे कमी, राजस्व, पंजीकरण कार्यालय में भौतिक आवश्यकता को समाप्त करने, तहसील स्तर पर हितग्राहियों को तुरंत भूमि संबंधित दस्तावेज उपलब्ध कराने, विभिन्न संगठन, एजेंसी के साथ जानकारी साझा कर भूमि संबंधित योजनाओं में विविधता, आकस्मिक स्थितियों में राजस्व रिकार्डस को डिजिटल रूप में सुरक्षित रहने तथा वर्तमान व्यवस्था के पश्चात भूमि संबंधित दस्तावेज प्राप्त करना बेहद ही आसान होगा।

## परंपरागत कृषि पर एक दिवसीय कार्यशाला

**दंतेवाड़ा/नवप्रदेश।** जिला प्रशासन एवं कृषि विभाग के तत्वाधान में परम्परागत कृषि विकास योजना वृहद क्षेत्र प्रमाणीकरण अन्तर्गत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन गीदम ब्लॉक के स्थित ऑडिटोरियम में आयोजित हुआ। दंतेवाड़ा जिले में जैविक खेती को बढ़ावा देने और जल संरक्षण एवं जल संवर्धन के विषय पर आयोजित इस कार्यक्रम में चारों विकासखंड के 1 हजार से ज्यादा किसानों ने भाग लिया। उक्त कार्यशाला में भारत के जाने-माने जैविक खेती विशेषज्ञ महाराष्ट्र के यवतमाल जिले से आये सुभाष शर्मा के द्वारा जैविक खेती करने वाले किसानों को खेती के लाभ, भूमि की उर्वरक क्षमता में वृद्धि, उससे संबंधित प्रचलित धारणाओं, उनका समाधान, जल संरक्षण के तहत किये जाने वाले सामुदायिक प्रयास, के विषय में विस्तारपूर्वक चर्चा किया गया। तत्पश्चात ''नाम फाउंडेशन पुणे'' के प्रतिनिधि श्री गणेश थोरात ने भी किसानों को अपनी खेती में जल और मिट्टी के संरक्षण, और जैविक विधि से फसल उत्पादकता में वृद्धि के संबंध में जानकारी दी।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

**छत्तीसगढ़ 2047 तक विकसित ..**

में राज्य का जीएसडीपी 5.05 लाख करोड़ रुपये है, जिसे अगले पांच वर्षों में 10 लाख करोड़ रुपये तक बढ़ाने का लक्ष्य है। इसके लिए विभिन्न क्षेत्रों में सुधार और लक्ष्यों पर काम शुरू किया गया है। बैठक में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने राज्य के विकास में युवाओं की भूमिका पर जोर देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ का मुख्य फोकस स्किल्ड मानव संसाधन तैयार करने पर है। छत्तीसगढ़ में शिक्षा को व्यावसायिक कौशल और ट्रेनिंग से जोड़ा जा रहा है। इसका उद्देश्य छात्रों को ऐसी क्षमताएँ देना है जो उन्हें रोजगार के लिए तैयार करें। राज्य में प्रत्येक छात्र के लिए वन नेशन, वन स्टूडेंट आईडी कार्ड बनाने की प्रक्रिया शुरू की जा रही है। इसमें छात्र के शैक्षणिक अनुभव से जुड़ी सभी महत्वपूर्ण जानकारी डिजिटल रूप में मौजूद होंगी। उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं की बेहतर उपलब्धता, सतत विकास, और राज्य की संस्कृति व परंपरा के संरक्षण की योजना साझा की। आर्थिक सशक्तिकरण के लिए छत्तीसगढ़ सुपर फूड्स की पैदावार और प्राकृतिक औषधालयों का निर्माण किया जाएगा। स्थानीय उत्पादों की प्रोसेसिंग और ब्रांडिंग को बढ़ावा मिलेगा। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और आईटी सेक्टर के विस्तार के साथ-साथ सड़कों, इमारतों जैसी भौतिक संरचनाओं और इंटरनेट, मोबाइल नेटवर्क जैसी डिजिटल सुविधाओं के विकास पर भी जोर दिया जाएगा। मुख्यमंत्री साय ने ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में बेहतर विद्युत आपूर्ति के लिए केंद्र से सहयोग की अपील की। उन्होंने बताया कि छतों पर सौर ऊर्जा लगाने की ठ शेष पृष्ठ 6 पर

प्रक्रिया को सरल कर दिया गया है और 100 गांवों को पूरी तरह नवीकरणीय ऊर्जा पर आधारित बनाने की योजना बनाई है। सरकारी भवनों में रूफ टॉप सोलर संयंत्र लगाने के लिए सर्वे पूरा कर लिया गया है, और नया रायपुर के अधिकांश सरकारी भवनों में ये संयंत्र स्थापित कर दिए गए हैं, जिनसे विद्युत आपूर्ति ग्रिड में की जाती है। मुख्यमंत्री साय ने बताया कि छत्तीसगढ़ में मार्च 2026 तक 96 प्रतिशत घरों में पेयजल पहुंचा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि भारत का लक्ष्य 2047 तक केवल विकसित ही नहीं, बल्कि जल-सुरक्षित भारत 2047 भी होना चाहिए। इसके लिए उन्होंने केंद्र सरकार से तकनीकी और आर्थिक सहयोग की उम्मीद जताई। इसके अलावा, रायपुर में नेशनल ग्राउंड वाटर ट्रेनिंग और रिसर्च इंस्टीट्यूट को और मजबूत करने के साथ-साथ वर्षा-जल संरक्षण अनुसंधान केंद्र की स्थापना की भी मांग की। उन्होंने कहा कि, इसकी स्थापना से छत्तीसगढ़ में बारिश के पानी को सही से संचित और इस्तेमाल किया जा सकेगा। इससे जल संकट कम होगा और किसानों को ज्यादा मदद मिलेगी। उन्होंने बताया कि ,आदिवासी इलाकों में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए मोबाइल मेडिकल यूनिट्स की तैनाती की गई है। अब छत्तीसगढ़ के सबसे दुर्गम इलाकों में भी स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंच रही हैं। इन मोबाइल यूनिट्स के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार किया जा रहा है, जिससे दूरदराज के क्षेत्रों में लोगों को सुविधा मिल रही है।

**विदेशों में पढ़ने का..**

और 6 मौतें अमेरिका में हुईं। आंकड़ों के अनुसार, 633 मौतों में से 108 अमेरिका में, 58 ब्रिटेन में, 57 ऑस्ट्रेलिया में और 37 रूस में हुई. जबकि, यूक्रेन में 18 घटनाएं, जर्मनी में 24, जॉर्जिया, किर्गिस्तान और साइप्रस में 12-12. साथ ही पड़ोसी देश चीन में 8 ऐसे मामले सामने आए।

इन कारणों से छात्रों को किया जा सकता है निष्काषित एक अलग प्रश्न के उत्तर में कीर्ति वर्धन सिंह ने कहा कि पिछले 3 सालों में कुल 48 भारतीय छात्रों को अमेरिका से निर्वासित किया गया है. उन्होंने कहा, अमेरिकी अधिकारियों ने आधिकारिक तौर पर निर्वासन के कारणों को शेयर नहीं किया है। उन्होंने कहा, अनधिकृत रोजगार, क्लॉसों से अनाधिकृत रूप से बाहर होना, निष्कासन और निलंबन, और वैकल्पिक प्रशिक्षण रोजगार की सूचना न देना कुछ ऐसे संभावित कारण हो सकते हैं, जिनके कारण छात्रों का वीजा रद्द हो सकता है, जिसके परिणामस्वरूप उसकी अवैध उपस्थिति हो सकती है. ऐसे में उसे निर्वासित किया जा सकता है।

**भारतीय नागरिकों की ..**

गहराई से निहित हैं। विदेश मंत्री ने कहा, लाओस के प्रधानमंत्री से मुलाकात के दौरान मैंने साइबर घोटाला केंद्रों के जरिए भारतीय नागरिकों की तस्करी का मुद्दा उठाया। हमारे नागरिकों को बचाने के लिए पीडीआर सरकार के निरंतर सहयोग की सराहना करते हैं।इस मामले पर कंबोडिया और थाईलैंड के विदेश मंत्रियों के साथ भी चर्चा की। उन्होंने यह भी कहा कि भारत आसियान और पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में लाओ पीडीआर की अध्यक्षता का पूरा समर्थन करता है। गौरतलब है कि 21 जुलाई को लाओस में साइबर घोटाला केंद्रों में लालच देकर भेजे गए 13 भारतीयों को बचाया गया और स्वदेश भेजा गया था। लाओस में रोजगार के अवसरों के झूठे वायदों के साथ भारतीय नागरिकों की तस्करी साइबर घोटाला केंद्रों में की जाती है।

लाओस में भारतीय दूतावास ने अब तक दूतावास ने 518 भारतीयों को बचाया है। दूतावास ने भारतीयों को नौकरी की फर्जी पेशकश के प्रति आगाह करते हुए एक एडवाइजरी भी जारी की है।

**रिंग ऑफफ्लेम्स के साथ हुआ ..**

रंगों से बनी साड़ी और पुरूषों ने कुर्ता पायजामा पहना था। भारत के 78 खिलाडि़यों और अधिकारियों ने इसमें भाग लिया। अमेरिकी पॉपस्टार लेडी गागा ने अपने सुरों से समा बांधा।

**कुपवाड़ा में एक घुसपैठिया ढेर,..**

हुई है। एक पाकिस्तानी घुसपैठिया मारा गया है, जबकि हमारे पांच जवान घायल हो गए हैं और ऑपरेशन प्रगति पर है।

नियंत्रण रेखा पर मुठभेड़ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुक्रवार को करगिल युद्ध की 25वीं वर्षगांठ पर पाकिस्तान को कड़ी चेतावनी जारी करने के एक दिन बाद हुई। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारतीय सैनिक पूरी ताकत से आतंकवाद को कुचल देंगे और दुश्मन को करारा जवाब दिया जाएगा। पिछले एक पखवाड़े में कुपवाड़ा में यह चौथी मुठभेड़ है।

**पंप सुधारने कुएं में उतरे ..**

मौजूद लोगों को निकाला जाएगा। इस कुएं में आत्माराम साहू पिता परदेशी साहू उम्र 55 वर्ष, राकेश साहू पिता बाबूलाल साहू उम्र 25 वर्ष, रामकुमार ध्रुव पिता रामलाल उम्र 45 वर्ष उतरे हैं, जो अब तक नहीं निकल सके हैं। कुएं के आसपास किसी भी व्यक्ति को जाने नहीं दिया रहा है।

## खनन क्षेत्र के ग्रामीणों की समस्याओं पर कलेक्टर ने ली बैठक

■ **सीएसआर से संबंधित मुद्दों पर हुई चर्चा**

**कांकेर/नवप्रदेश।** कलेक्टर नीलेश महादेव क्षीरसागर ने शुक्रवार शाम 4 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सीएसआर के अंतर्गत संचालित कार्यों एवं गतिविधियों की जानकारी लेने बैठक ली, जिसमें जिले में संचालित विभिन्न उद्योगों के प्रतिनिधि शामिल हुए। बैठक में कलेक्टर ने खनन/खान क्षेत्र के ग्रामीणों की स्थानीय समस्याओं का समाधान करने एवं स्थानीय आवश्यकताओं को दृष्टिगत करते हुए जरूरी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले में संचालित सीएसआर के अधीन खनन क्षेत्रों में ग्रामीणों की प्राथमिकता के आधार पर संसाधन मुहैया कराने पर जोर दिया।

साथ ही बैठक में खदानों की अनुमति एवं एनओसी जारी करने के संबंध में जिला प्रशासन के साथ परस्पर समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिए। इसके अलावा विभिन्न निर्माण कार्य, परियोजना एवं वन भूमि का प्रत्यावर्तन एवं हस्तांतरण सहित ग्रामीणों की विभिन्न शिकायतों एवं मांगों, प्रलंबित अनुज्ञा आदि विषयों पर सकारात्मक द्विपक्षीय चर्चा बैठक में की गई।

■ न्यूज गैलरी

## शिक्षा सप्ताह के तीसरे दिन हुए खेल

**राजनांदगांव/नवप्रदेश।** शासन के निर्देशानुसार नई शिक्षा नीति लागू होने के 4 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शिक्षा सप्ताह 22 जुलाई से 28 जुलाई तक मनाया जा रहा है।इसी के तहत सप्ताह का तीसरा दिन 24 जुलाई 2024 को शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला पारीखुर्द,संकुल भरेगांव में खेल दिवस के रूप में आयोजित हुआ। इस दिन स्थानीय खेलों जैसे गिल्ली डंडा, गोटा, भंवरा बाटी,गेड़ी दौड़,फुगड़ी, कबड्डी, नारियल फेंक आदि का आनंद बच्चों,शिक्षकों,पालक गणों ने लिया। खेल-खेल में शिक्षा के उद्देश्य से विभिन्न शैक्षणिक खेलों में भी बच्चों ने बड़ी ही उत्सुकता के साथ भाग लिया। इस अवसर पर एस एम सी उपाध्यक्ष श्रीमती हेमपुष्पा विश्वकर्मा, संस्था प्रमुख श्री एस.के.सेवता, शिक्षिका विभा सिंहमारे व सुश्री पुष्पलता देवांगन उपस्थित रहीं।

# पंडरिया विधायक ने पेंशन, पोषण आहार, राशन वितरण एवं दिव्यांगों के संबंध में पूछे सवाल

■ **मेकाहारा में स्वास्थ्य सुविधाओं के अभाव पर किया सदन का ध्यानाकर्षण**

**कवर्धा/नवप्रदेश।** पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने सदन में प्रदेश के पेंशनधारियों, राशन वितरण, पोषण आहार एवं दिव्यांगजनों के लिए संचालित योजनाओं व उसके लाभार्थियों के संबंध में प्रश्न किया। इस दौरान भावना बोहरा ने मेकाहारा में स्वास्थ्य जांच, उचित ईलाज एवं उपलब्ध उपकरण के संचालन सहित रिक्त पदों पर भर्ती के विषय में ध्यानाकर्षण किया। प्रदेश के सबसे बड़े शासकीय चिकित्सालय डॉ.भीमराव आंबेडकर अस्पताल रायपुर में रोजाना 1500 से भी ज्यादा मरीज ईलाज कराने आते हैं, जिसमें लगभग 90 प्रतिशत निम्नवर्गीय परिवार से होते हैं। लीवर, किडनी, सर्दी-जुकाम और बुखार की जांच के लिए किए जाने वाले एलएफटी, और आरएफटी, टेस्ट भी यहां नहीं हो पा रहे हैं। इसके साथ ही ऐसे अनेक प्रकार की जांच कई दिनों से बंद हैं जिससे आपात स्थिति में पहुंचने वाले मरीजों को ज्यादा परेशानी हो रही है जिसके लिये मरीजों को निजी लैब जाना पड़ रहा है और उनसे मनमानी फीस वसूली की जा रही। कई मरीजों का टेस्ट सही समय में नहीं होने के कारण उनका ईलाज भी शुरू नहीं हो पा रहा है इसके साथ-साथ एमआरआई एवं सोनोग्राफी कराने के लिये मरीजों को दो माह तक वेटिंग दिया जा रहा है। वहीं कैंसर डिटेक्टर पैट स्कैन मशीन व गामा मशीन खरीदे लगभग 6 वर्ष हो चुका है, किन्तु आज तक उसका संचालन नहीं हो रहा है। यहां तक की मृत्यु हो जाने पर परिजनों को मृत्यु प्रमाण-पत्र लेने के लिये भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। अतः उक्त विषय को गंभीरता से लेते हुए मरीजों व उनके परिवारजनों को सुविधा प्राथमिकता देते हुए व्याप्त समस्याओं का जल्द से जल्द निराकरण किया जाए।

भावना बोहरा ने केंद्र व राज्य सरकार द्वारा प्रदेश में संचालित पेंशन योजना के बारे में प्रश्न करते हुए कहा कि प्रदेश में विभाग द्वारा पेंशन की कौन-कौन सी योजनाएं चलाई जा रही हैं? हितग्राहियों को इन पेंशन योजनांतर्गत कितनी राशि प्रदान की जाती है? पंडरिया विधानसभा में पेंशन योजनाओं के अंतर्गत कितने पेंशन हितग्राही हैं? इन हितग्राहियों को किस अवधि तक की पेंशन का भुगतान कर दिए गया है? वह लंबित पेंशन भुगतान कब तक किया जावेगा? विभागीय मंत्री ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश में सामाजिक सहायता कार्यक्रम के तहत इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना के तहत प्रति माह केन्द्रांश व राज्यांश मिलाकर 500 रुपए, इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना के तहत प्रति माह केन्द्रांश व राज्यांश मिलाकर 650 रुपए, इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय निःशक्तजन पेंशन योजना के तहत प्रति माह केन्द्रांश व राज्यांश मिलाकर 500 रुपए, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत राज्य सरकार द्वारा 500 रुपए, सुखद सहारा योजना के तहत राज्य सरकार द्वारा 500 रुपए एवं मुख्यमंत्री पेंशन योजना के तहत राज्य सरकार द्वारा 500 रुपए की पेंशन लाभार्थियों को दी जाती है जो जून 2024 तक दी जा चुकी है। जिसमें पंडरिया विधानसभा के 45,379 लोग इन विभिन्न पेंशन योजना से लाभान्वित हुए है।

कबीरधाम जिले में महिला स्वसहायता समूह द्वारा आंगनबाड़ी में पोषण आहार प्रदाय के संबंध में प्रश्न करते हुए भावना बोहरा ने पूछा की कबीरधाम जिले में पिछले वित्त वर्ष व इस वर्ष में दिनांक 30 जून, 2024 तक कितने महिला स्व-सहायता समूह द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र हेतु पोषण आहार प्रदाय किया गया? समूह के चयन हेतु चयन का आधार क्या है? जिसका जवाब देते हुए विभागीय मंत्री ने बताया कि रेडी टू ईट का प्रदाय छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम लिमिटेड रायपुर (राज्य शासन के उपक्रम) द्वारा किया जा रहा है। कबीरधाम जिले की आंगनबाड़ी केन्द्रों में वित्तीय वर्ष 2023-24 में 840 एवं वित्तीय वर्ष 2024-25 में दिनांक 30 जून, 2024 तक 867 महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्रों में गर्म भोजन (पोषण आहार) का प्रदाय किया गया। गर्म भोजन के प्रदाय हेतु महिला स्व सहायता समूहों का चयन परियोजना स्तर पर स्थानीय परिस्थितियों एवं समूहों की सहमति अनुसार किया जाता है। गर्म भोजन के प्रदाय हेतु समूहों के चयन के लिए विज्ञापन जारी नहीं किया गया है।

## गांजे के साथ एक पकड़ाया

**कवर्धा/नवप्रदेश।** मुखबीर से सूचना मिली की डोंगनिया मार्ग डीपीआरएस के पास एक व्यक्ति अवैध धन अर्जित करने की नियत से विक्रय के लिए गांजा रखा है। मुखबीर की सूचना आधार पर तत्काल कार्यवाही करते हुए डोंगनिया मार्ग डीपीआरएस के पास मुखबिर द्वारा बताए हुलिया का एक संदिग्ध व्यक्ति मिला जिसे नाम पता पूछने पर अपना नाम गोकुल कौशिक पिता माखन कौशिक (29) साकिन खैरबना कला थाना कवर्धा का होना बताया जिसके कब्जे से एक प्लास्टिक के थैला में 1.400 किलोग्राम मादक पदार्थ (गांजा) कीमती 11,000/रू.बरामद किया गया आरोपी को पूछताछ पर बताया कि वह घूम-घूमकर 50-100/रूपये का पुड़िया बनाकर शहर और शहर से लगे देहात इलाकों में गांजा का विक्रय करता है,प्रावधानित विधिनुसार गवाहों की उपस्थिति में तलाशी एवं जप्ती की कार्यवाही की गई है।

# आरटीओ फिटनेस सेंटर में अनियमितता

■ **सरकारी दर से ज्यादा की वसूली**

■ **देरी से मिल रहे फिटनेस सर्टिफिकेट**

**राजनांदगांव/नवप्रदेश।** आरटीओ फिटनेस सेंटर में वाहन चालकों को भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। जानकारी मिली है कि केंद्र में सरकारी दर से अधिक राशि वसूली जा रही है और फिटनेस सर्टिफिकेट जारी करने में अनावश्यक देरी हो रही है। यह स्थिति वाहन चालकों के लिए गंभीर परेशानी का कारण बन रही है, क्योंकि फिटनेस सर्टिफिकेट की अनुपलब्धता के चलते उन्हें दंड और अन्य कानूनी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है।

वर्तमान में यह फिटनेस सेंटर एक निजी संस्था द्वारा संचालित किया जा रहा है, जिस पर सरकारी नियंत्रण और निगरानी की कमी नजर आ रही है। वाहन चालकों का कहना है कि सरकारी दर की स्पष्टता होने के बावजूद उनसे अनाधिकृत रूप से अधिक राशि वसूली जा रही है।

एक वाहन चालक ने नाम न छापने की शर्त पर बताया, हमने कई बार शिकायत की है, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। एक महीने से अधिक का समय हो गया है, लेकिन अभी तक फिटनेस सर्टिफिकेट नहीं मिला है। इस अनियमितता को देखते हुए, स्थानीय प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की जा रही है ताकि वाहन चालकों को उचित दरों पर और समय पर सेवाएं मिल सकें।

सरकार और संबंधित विभागों से अपेक्षा की जा रही है कि वे इस मामले में त्वरित कार्रवाई करें और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ सख्त कदम उठाएं ताकि भविष्य में ऐसी समस्याओं का सामना न करना पड़े।

जब हमारी टीम वहां पहुंची तो वहां के सुपरवाइजर अपने आप को किसी अधिकारी के काम नहीं समझ रहा था उसने सरकारी रेट लिस्ट लगाने से स्पष्ट रूप से मना कर दिया फिर जब हमारी टीम ने इसकी शिकायत प्रदेश के डिप्टी सीएम विजय शर्मा के मंत्रालय में किया तो वहां से फोनोटोनिक मैसेज प्राप्त हुआ राजनांदगांव कलेक्टर को इस विषय से अवगत कराया गया है इसकी जांच कार्यवाही की जाएगी।

# स्कूल में बच्चे छाता लेकर पढ़ाई करने विवश

■ **जनप्रतिनिधि से लगा चुके हैं गुहार, समस्या बरकरार**

**कवर्धा/नवप्रदेश।** सरकारी स्कूल का वीडियो वायरल हुआ जिसमें बच्चे छाता लेकर पढ़ाई करते दिखाई दे रहे है। विडियो को जहां जिला शिक्षाधिकारी ने कहा शरारती तत्वों ने वायरल किया है। वहीं उन्होंने बच्चों को अतिरिक्त भवन में बैठाया गया है। छत से पानी टपकने की बात भी मानी। फिर कहा ग्रामीणों के छाते को लेकर बच्चे स्कूल में बैठ गए। अब यह पूरा मामला जांच का विषय बन रहा है।

आज भी कई ऐसे ग्राम है जहां स्कूलों तक पहुंच पाना बड़ा ही मुश्किल होता है। कई जगहों पर सड़क भी नहीं है। पंडरिया जोकि बोड़ला विकासखंड से लगभग 65 किलोमीटर दूर शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला का यह मामला है जो नक्सल प्रभावित क्षेत्र में भी आता है, और वनांचल क्षेत्र से के सघन एरिया से यह लगा हुआ है।

स्कूल में तेज बारिश के साथ ही भवन से पानी टपकने लगता है और बच्चे छाता लेकर कक्षा में पढ़ाई करने मजबूर है ।

## राशन दुकान में सेल्समेन समय पर नहीं दे रहा राशन

**खैरागढ़/नवप्रदेश।** ब्लाक के कलकसा आश्रित ग्राम टेकापार के ग्रामीणों ने शिवसेना की अगुवाई मे समय पर राशन नही देने के खिलाफ अपर कलेक्टर प्रेम कुमार पटेल को ज्ञापन सौंप कार्यवाही की मांग की है । शिवसेना जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में शहर अध्यक्ष पंकज साहू, ब्लाक अध्यक्ष धनराज राजपूत के साथ ग्रामीणों ने शिकायत दर्ज कराते बताया कि कलकसा में शासकीय उचित मूल्य की दुकान के विक्रेता बिशेसर साहू द्वारा राशन वितरण मे लगातार मनमानी कर ग्रामीणों को समय पर राशन वितरण नही किया जा रहा है । ग्रामीणों ने बताया कि विक्रेता साहू राशन दुकान खोलने की बजाय अपने निजी कार्य बताकर हमेशा बाहर होने का हवाला देते है ।

## वार्डो की समस्याओं को जानने जनसमस्या निवारण शिविर आज से

■ **बीस वार्डो में लगेगा शिविर, मांग, शिकायत समस्याओं के लिए कर सकेंगे आवेदन**

**खैरागढ़/नवप्रदेश।** नगरीय निकाय क्षेत्रों के लोगो की समस्याएं जानने अब नगरपालिका के वार्डो मे भी जनसमस्या निवारण पखवाड़े का आयोजन आज से शुरू होगा। खैरागढ़ नगरपालिका क्षेत्र के 20 वार्डो मे आज से 10 अगस्त तक वार्डवार शिविर लगाकर नागरिको की मांगों, शिकायतों, समस्याओं का निराकरण किया जाएगा । जिले के खैरागढ़ नगरपालिका सहित नगर पंचायत छुईखदान और गंडई मे भी शिविर वार्डवार आयोजित किए जाएंगे । इसके लिए नगरपालिका के अधिकारियों कर्मचारियों को तैनात किया गया है। संबंधित क्षेत्र के एसडीएम नोडल और नगरपालिका अधिकारी सहायक नोडल होंगें । नगरपालिका खैरागढ़ मे शिविर के लिए उपअभियंता दीपाली तंबोली, राजस्व उपनिरीक्षक मनोज शुक्ला, नीरज सिंह, योगि शर्मा, राजेश तिवारी, पीयुष यदु, टोडर सिंह, पंचलाल डगर को नियुक्त किया गया है ।

### पिपरिया वार्ड से होगी शुरूआत

शहर के वार्डो मे जनसमस्या निवारण पखवाड़े की शुरूआत आज पिपरिया वार्ड एक और दो मे से होगी। सुबह दस बजे से वार्ड पिपरिया स्थित दुर्गा मंच पानी टंकी के पास शिविर का आयोजन दोपहर 3 बजे तक होगा ।

## हेलमेट का उपयोग करें कर्मी

**बेमेतरा/नवप्रदेश।** कलेक्टर रणबीर शर्मा की अध्यक्षता में बीते गुरुवार को हुई ज़िला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में सड़क में दुर्घटनाओं को रोकने के लिए बेमेतरा जिले में हेलमेट पहनना अनिवार्य किया गया हैं। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने अतिरिक्त ज़िला दंडाधिकारी को कहा था कि जिलें के सभी सरकारी जिला प्रमुखों को अवगत कराएं कि वे अपने अधिकारी-कर्मचारियों को समझाईश दें कि जो दोपहिया वाहन से दफ्तर आते-जाते समय हेलमेट का उपयोग करें, ताकि उन्हें इसकी नियमित आदत हो जाए और वे जब भी दोपहिया वाहन का उपयोग करेंगे वो हमेशा हेलमेट पहनकर ही निकलेंगे। सभी विभाग के अधिकारी पहल करे तो काफी हद तक यातायात नियम का पालन होगा। जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति बैठक में समीक्षा के दौरान यह पाया गया कि 1.1.2024 से 15.7.2024 की अवधि में घटित सड़क दुर्घटनाओं में घायल एवं मृत व्यक्तियों की संख्या सबसे ज्यादा दुपहिया वाहन चालकों की रही हैं। यह भी पाया गया हैं कि इन दुर्घटनाओं में दुपहिया वाहन चालकों की मृत्यु/गंभीर चोट हेलमेट न लगाने के कारण हुई हैं।

## कन्या शाला में गुरू पूर्णिमा पर विभिन्न कार्यक्रम

**खैरागढ़/नवप्रदेश।** शहर के शा कन्या शाला मे ब्रंम्हकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय केंद्र की दीदी चंद्रकला एवम नीलू के आथित्य मे गुरु शिष्य के सबन्धो की परम्परा का पर्व गुरु पूर्णिमा मनाया गया । कार्यक्रम सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवम पूजा अर्चना कर शुरू हुआ । छात्राओं को संबोधित करते हुए ब्रम्हकुमारी चंद्रकला ने कहा कि गुरु पूर्णिमा उन सभी अध्यात्मिक और अकादमिक गुरू जनो को समर्पित परम्परा है जिन्होंने कर्म योग आधारित व्यक्तित्व विकास और प्रबुध् करने हेतु बिना किसी शुल्क के अपनी बुद्धिमता को अपने शिष्यों को साझा करने के लिए सदैव तैयार हों । इस परम्परा को बनाये रखना है । वरिष्ठ व्याख्याता डॉ कमलेश्वर सिंह ने कहा कि गुरु पूर्णिमा भरतीय संस्कृति और परम्परा का एक महत्वपूर्ण पर्व है यह पर्व गुरु के प्रति सम्मान और कृतज्ञता प्रकट करने का दिन है ।

## भारी बारिश के कारण तीन दिन स्कूल ऑगनबाड़ी केंद्रों में अवकाश

**बेमेतरा/नवप्रदेश।** जिले में पिछले चार-पाँच दिनों से अत्यधिक वर्षा होने के कारण कलेक्टर रणबीर शर्मा ने जिलें के समस्त शासकीय, अशासकीय एवं अनुदान प्राप्त विद्यालयों और समस्त ऑगनबाड़ी केन्द्रों में आगामी तीन दिवस (27, 28 एवं 29 जुलाई तक) अवकाश घोषित किया हैं। जिला प्रशासन ने सुरक्षा के मद्देनजर यह निर्णय लिया हैं। अभिभावकों और विद्यार्थियों को इस दौरान सतर्क रहने की सलाह दी गई हैं। यह अवकाश शिक्षकगण, विद्यालयीन स्टॉफ एवं ऑगनबाड़ी कार्यकर्ता/सहायिका के लिए लागू नहीं होगा। इस आशय का आदेश जारी कर दिया हैं।

## जान जोखिम में डालकर नदी-नाले पार ना करें : कलेक्टर

■ **अपने नजदीकी प्राथमिक स्वास्थ्य तथा सहायता केन्द्र की जानकारी रखें**

**बेमेतरा/नवप्रदेश।** कलेक्टर रणबीर शर्मा ने मानसून के चलते जिले में और आसपास पिछले दिनों हो रही बारिश भारी बारिश संभावित अतिवृष्टि, नदी-नालों के उफान तथा बाढ़ की स्थिति निर्मित होने की वजह से लोगों की जान की सुरक्षा के कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता एवं तत्काल राहत पहुँचने के संबंधित अधिकारियों व ज़िले के सभी एसडीएम को निर्देश दिए। जिले में मानसून के दौरान भारी बारिश व बाढ़ से होने वाली जनहानि और धनहानि को रोकने के मकसद से जिला स्तर पर तैयारियां पिछले जून से शुरू हो गई थी।

कलेक्टर ने जिलें के सभी एसडीएम और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए है कि वे जलभराव वाले क्षेत्रों में नियमित निरीक्षण करें और आवश्यकतानुसार राहत कार्यो को सुनिश्चित करें। आपातकालीन सेवाओं को और सक्रिय करें, ताकि जानकारी मिलने पर किसी भी जरूरतमंद को त्वरित सहायता मिल सकें। आगे भी भारी बारिश की संभावना को देखते हुए कलेक्टर श्री शर्मा ने जिलेवासियों से अपील करते हुए कहा हैं कि नदी-नालों, पुराने पुल-पुलिया आदि को पार करते समय एहतियात बरतें। सोशल मीडिया पर तस्वीर में देखने आया कि कुछ लोग जान जोखिम में डालकर उफनते नदी-नाले पार कर रहे हैं। इसके अलावा नदी-नालों में बच्चों-युवकों की मौज-मस्ती की तस्वीर देखने मिलती है। ऐसे लोगों से ख़ास कर अपील है कि वे अपनी जान से खिलवाड़ न करें,सुरक्षित रहें। आपदा की जानकारी मिलने पर जिला स्तरीय बाढ़ कन्ट्रोल रूम 07824-222103 में इसकी सूचना दें।


**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

ई-निविदा सूचना क्रमांक : एन आई टी / 11/24/25, दिनांक - 25.07.2024

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक / दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल निम्नलिखित सामग्रियों हेतु ई-निविदा आमंत्रित करता है ।

| क्रमांक | निविदा संख्या | निविदा खुलने की तिथि | निविदा खुलने का समय | निविदा प्रपत्र लागत (रू.) | अर्नेस्ट मनी डिपोजिट (रू.) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 11235790A | 23.08.2024 | 10:30 | 00 | 80080.00 |

विवरण : इन्वर्टर या नवीनतम तकनीक की स्प्लिट एसी 2.0 टन की आपूर्ति. 5 स्टार रेटेड (बीईई की स्टार रेटिंग योजना के अनुसार अनिवार्य चरण 01.01.2018 से न्यूनतम 4.5 आईएसईईआर के साथ मान्य है)। कॉपर कॉइल कंडेनसर, रेटेड शीतलन क्षमता 6000 KCal/Hr से कम नहीं । न्यूनतम 5 वर्ष की वारंटी के साथ रोटरी / ट्विन रोटरी कंप्रेसर, रेफ्रिजरेंट आर-32, आईडीयू का शोर स्तर 50 डीबी से अधिक नहीं, इनपुट पावर सप्लाई 220-240 V 50 हर्ट्ज सिंगल फेज रिमोट कंट्रोल के साथ इसके सभी मानक सहायक उपकरण, आईएस 1391 भाग 2 के अनुरूप, मेक : वोल्टास, सैमसंग, हिताची, कैरियर, मित्सुबिशी, एलजी, आईएफबी, ब्लू स्टार, तोषिबा या समकक्ष ।

निविदाकर्ता कृपया हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जाएं। वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक, द.पू.म.रेलवे, बिलासपुर

सीपीआर/10AM/165

South East Central Railway @secrail



**HOMI BHABHA CENTRE FOR SCIENCE EDUCATION**
TATA INSTITUTE OF FUNDAMENTAL RESEARCH

**National Olympiad Programme 2024-2025**
**in Astronomy, Biology, Chemistry, Physics, Junior Science and Mathematics**

All students wishing to participate in the programme must appear in corresponding **National Standard Examinations (NSEs)** (for science subjects) on **November 23 and 24, 2024** and in **Indian Olympiad Qualifier in Mathematics (IOQM)** (for Mathematics) on **September 8, 2024.**

Qualification in NSE/IOQM is the first step towards participation in the corresponding **International Olympiads of 2025.**

To enroll :

**NSEs :** https://www.iapt.org.in **(Aug 21-Sep 14, 2024)**
**IOQM :** https://www.mtai.org.in **(July 17-Aug 12, 2024)**

For more details : https://olypiads.hbcse.tifr.res.in
https://www.iapt.org.in https://www.mtai.org.in

CBC 48143/12/0003/2425



**कार्यालय नगर पालिक निगम जोन क्र. 03 बिलासपुर (छ.ग.)**
**निविदा सूचना**

क्र. 06/न.पा.नि./जोन क्र.03/2024-25 दिनांक 25.07.2024

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु मैनुअल निविदा दिनांक 14/08/2024 को सायंकाल 5.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (लाख में) | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र शुल्क |
|---|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड क्र. 15 मेन रोड में 50 नग स्ट्रीट लाईट पोल सहित स्थापना कार्य। | 20.00 | 15000 | 750 |

नगर निगम के विभागीय वेब साईट www.bilaspurnagarnigam.com से विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता, जोन क्र.03
नगर पालिक निगम, बिलासपुर (छ.ग.)

Green City, Clean City, Dream City.



SWACHH SURVEKSHAN TULIP

**कार्यालय नगर पंचायत आमदी, जिला- धमतरी (छ.ग.)**
**स्वच्छ भारत मिशन- शहरी 2.0**

क्रमांक/692 दिनांक 26/07/2024

**// आवश्यकता //**

स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत जारी दिशा निर्देशों के अनुक्रम में राज्य के समस्त नगरीय निकायों में बीटेक/बीई स्नातक आवेदकों से Swachh TULIP कार्यक्रम अंतर्गत TULIP INTERN TRAINEE हेतु निम्नानुसार आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं :-

| ईंटर्नशिप की अवधि | आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि | एकमुश्त देय राशि | आवश्यक INTERN TRAINEE की संख्या | संपर्क (मो.नं.) |
|---|---|---|---|---|
| 12 सप्ताह | 05.08.2024 | 4500/- प्रतिभागी | 2 | 6268066587 |

इच्छुक अभ्यर्थी अपना आनलाईन आवेदन https://intrenship.aicte-india.org/ में जमा कर सकते हैं। विस्तृत जानकारी/ पात्रता इत्यादि हेतु उपरोक्त मोबाईल नंबर से जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

केवल ऑनलाईन आवेदन ही स्वीकृत किए जावेंगे।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत आमदी



**साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड**
**"मिनी रत्न कम्पनी"**
**(कोल इंडिया लिमिटेड का उपक्रम)**

एसईसीएल/क्षेमाप्र./भू.रा./24/47 **सूचना** दिनांक 12.07.2024

इस प्रकाशन के माध्यम से यह सूचित किया जाता है कि एसईसीएल हसदेव क्षेत्रांतर्गत [illegible] के निम्नलिखित भू-विस्थापितों एवं उनके द्वारा नामित, अंकित उम्मीदवार को एसईसीएल में रोजगार प्रदान करने हेतु एसईसीएल मुख्यालय बिलासपुर से स्वीकृति प्राप्त किये जाने बाबत् औपचारिकताएं प्रक्रियाधीन की जायेगी।

| Sl No | Name as per Land Owner on date of sanction 9(i) | Name as per P-II & B-I Statement 1-A [Landowner on date of compensation assessment] | Name of PAP proposed for employment | | Document | Name |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कमलेश कुमार पिता लक्ष्मण प्रसाद गुप्ता, जाति- गुप्ता, ग्राम-कोरजा, खसरा नं.- 250/3/क, रकबा-0.405 हे0 (1.00 एकड़) | कमलेश कुमार पिता लक्ष्मण प्रसाद गुप्ता, जाति- गुप्ता, ग्राम-कोरजा, खसरा नं.-250/3/क, रकबा-0.405 हे0 (1.00 एकड़) | राजकमल गुप्ता पिता कमलेश गुप्ता | 1 | वंशवृक्ष | राजकमल गुप्ता पिता कमलेश |
| | | | | 2 | निवास प्रमाण पत्र | राजकमल गुप्ता पिता कमलेश गुप्ता |
| | | | | 3 | राशन कार्ड/ समग्र | राज कमल गुप्ता |
| | | | | 4 | मतदाता परिचय पत्र | राजकमल गुप्ता पिता कमलेश कुमार गुप्ता |
| | | | | 5 | आधार कार्ड | Rajkamal Gupta S/o Kamlesh Gupta |
| | | | | 6 | शिक्षा प्रमाण पत्र | RAJKAMAL GUPTA S/o KAMLESH GUPTA |
| | | | | 7 | रोजगार पंजीयन | RAJKAMAL GUPTA |
| | | | | 8 | पेनकार्ड | RAJKAMAL GUPTA S/o KAMLESH GUPTA |
| | | | | 9 | जाति प्रमाण पत्र | राजकमल गुप्ता पिता कमलेश गुप्ता |
| 2 | जुगल किशोर पिता रामदेव, जाति - गुप्ता, ग्राम-पहरीपाली, खसरा नं.- 95 (P), 98(P), 114/2(P), 84/180/3/क(P), रकबा- 1.598 हे0 (3.94 एकड़) | जुगल किशोर पिता रामदेव, जाति - गुप्ता, ग्राम-पहरीपाली, खसरा नं.- 95(P), 98(P), 114/2(P), 84/180/3/क(P), रकबा- 1.598 हे0 (3.94 एकड़) | अतिथि गुप्ता पिता विजय कुमार गुप्ता | 1 | वंशवृक्ष | अतिथि गुप्ता |
| | | | | 2 | निवास प्रमाण पत्र | अतिथि गुप्ता पिता विजय कुमार गुप्ता |
| | | | | 3 | राशन कार्ड/ समग्र | अतिथि गुप्ता |
| | | | | 4 | मतदाता परिचय पत्र | अतिथि गुप्ता पिता विजय कुमार गुप्ता |
| | | | | 5 | आधार कार्ड | अतिथि गुप्ता पिता विजय कुमार गुप्ता |
| | | | | 6 | शिक्षा प्रमाण पत्र | अतिथि गुप्ता पिता विजय कुमार गुप्ता 10वी |
| | | | | 7 | रोजगार पंजीयन | ATITHI GUPTA |
| | | | | 8 | पेनकार्ड | ATITHI GUPTA D/O VIJAY KUMAR GUPTA |
| | | | | 9 | जाति प्रमाण पत्र | निरंक |
| 3 | सुभद्री पिता वासुदेव, जाति -गुप्ता, ग्राम-पहरीपाली, खसरा नं.- 90/1kha, 91/2, 94/2, रकबा- 0.599 हे0 (1.48 एकड़) (कार्बनिंग जुगल किशोर पिता रामदेव) | सुभद्री पिता वासुदेव, जाति - गुप्ता, ग्राम-पहरीपाली, खसरा नं. 90/1kha, 91/2, 94/2, रकबा- 0.599 हे0 (1.48 एकड़) (जुगल किशोर पिता रामदेव से 0.52 एकड़ कार्बनिंग ) | दिनेश कुमार गुप्ता पिता स्व0 सुन्दर लाल गुप्ता | 1 | वंशवृक्ष | दिनेश कुमार गुप्ता |
| | | | | 2 | निवास प्रमाण पत्र | दिनेश कुमार गुप्ता पिता सुन्दर लाल गुप्ता |
| | | | | 3 | राशन कार्ड/ समग्र | दिनेश कुमार गुप्ता पिता स्व0 सुन्दर लाल गुप्ता |
| | | | | 4 | मतदाता परिचय पत्र | दिनेश कुमार गुप्ता पिता सुन्दर लाल गुप्ता |
| | | | | 5 | आधार कार्ड | दिनेश कुमार गुप्ता पिता स्व0 सुन्दर लाल गुप्ता |
| | | | | 6 | शिक्षा प्रमाण पत्र | दिनेश कुमार गुप्ता पिता सुन्दर लाल गुप्ता 10वी |
| | | | | 7 | रोजगार पंजीयन | दिनेश कुमार गुप्ता |
| | | | | 8 | पेनकार्ड | दिनेश कुमार गुप्ता पिता सुन्दर लाल गुप्ता |
| | | | | 9 | जाति प्रमाण पत्र | निरंक |
| 4 | जुन्नी पिता वासुदेव, जाति - गुप्ता, ग्राम - पहरीपाली, खसरा नं.- 92, 93, 94/1, 84/180/3/ग (P), रकबा- 0.579 हे0 (1.43 एकड़) (कार्बनिंग जुगल किशोर पिता रामदेव) | जुन्नी पिता वासुदेव, जाति - गुप्ता, ग्राम - पहरीपाली, खसरा नं.- 92, 93, 94/1, 84/180/3/ग (P), रकबा - 0.579 हे0 (1.43 एकड़) (जुगल किशोर पिता रामदेव से 0.57 एकड़ कार्बनिंग) | प्रहलाद कुमार पिता श्यामले प्रसाद | 1 | वंशवृक्ष | प्रहलाद कुमार |
| | | | | 2 | निवास प्रमाण पत्र | प्रहलाद गुप्ता पिता श्यामले प्रसाद गुप्ता |
| | | | | 3 | राशन कार्ड/ समग्र | प्रहलाद प्रसाद गुप्ता |
| | | | | 4 | मतदाता परिचय पत्र | प्रहलाद पिता श्यामले |
| | | | | 5 | आधार कार्ड | प्रहलाद कुमार पिता श्यामले प्रसाद गुप्ता |
| | | | | 6 | शिक्षा प्रमाण पत्र | प्रहलाद कुमार गुप्ता पिता श्यामले प्रसाद गुप्ता 10वी |
| | | | | 7 | रोजगार पंजीयन | प्रहलाद कुमार गुप्ता |
| | | | | 8 | पेनकार्ड | प्रहलाद कुमार गुप्ता पिता श्यामले प्रसाद गुप्ता |
| | | | | 9 | जाति प्रमाण पत्र | निरंक |

उपरोक्त तालिका में दर्शाये गये भू-स्वामी एवं अंकित रोजगार बाबत् प्रस्तावित सदस्य के संबंध में किसी भी संबंधित व्यक्ति को इस पर आपत्ति हो, तो अपना पूरा नाम हस्ताक्षर, पता एवं मूल दस्तावेजों/प्रमाणों के साथ उसकी लिखित शिकायत अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में इस सूचना के प्रकाशन के 7 दिवस के अंदर व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि के पश्चात् या दस्तावेजी प्रमाण नहीं होने की स्थिति में दावा-आपत्ति मान्य नहीं होगा।

SECL/24-25/121

क्षेत्रीय महाप्रबंधक, हसदेव क्षेत्र

■ न्यूज गैलरी

## मनरेगा कार्य में फर्जी हाजिरी भरने पर नोटिस जारी

**मुंगेली/नवप्रदेश।** कार्यालय जनपद पंचायत मुंगेली के अंतर्गत ग्राम पंचायत नवागांव टेमरी के ग्राम रोजगार सहायक के विरुद्ध मनरेगा कार्य में फर्जी हाजिरी भरने एवं लापरवाही की शिकायत के आधार पर जांच उपरांत अनियमितता एवं रोजगार सहायक के द्वारा कार्य के निर्वहन में लापरवाही पाया गया। ग्राम रोजगार सहायक ग्राम पंचायत नवागांव टेमरी को पूर्व में भी मनरेगा के कार्यों में मनमानी किए जाने फर्जी हाजिरी भरने कार्य में स्वयं उपस्थित नहीं रहने के कारण कार्यालय जनपद पंचायत मुंगेली द्वारा कारण बताओं नोटिस व वसूली पत्र जारी कर राशि वसूल किया गया था। भविष्य में उपरोक्त कृत्य की पुनरावृत्ति पाए जाने पर पद से पृथक करने की कार्यवाही हेतु कार्यालय से पत्र के माध्यम से ग्राम रोजगार सहायक को चेतावनी पत्र जारी किया गया था। ग्राम रोजगार सहायक को कारण बताओं नोटिस व चेतावनी पत्र जारी करने के उपरांत भी पदीय दायित्व के निर्वहन में लगातार लापरवाही बरतने एवं फर्जी हाजरी भरकर वित्तीय अनियमितता की पुनरावृति करने के कारण कार्यालय जिला पंचायत से पक्ष रखने हेतु अंतिम अवसर प्रदान किया गया था रोजगार सहायक का जवाब संतोषप्रद नहीं होने के कारण मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मुंगेली के द्वारा नियमानुसार रोजगार सहायक को पद से पृथक का आदेश जारी किया गया है।

## सीट बढ़ाने एसएनजी कॉलेज प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा

**मुंगेली/नवप्रदेश।** सीट वृद्धि के लिए शासकीय एसएनजी कॉलेज प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा गया। सीट वृद्धि हेतु युवा नेता धर्मेंद्र चतुर्वेदी के नेतृत्व में शासकीय एसएनजी कॉलेज के प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा गया। मुंगेली के अग्रणी महाविद्यालय शासकीय एसएनजी में सभी विषयों की सीटें भर चुकी है जो स्थानीय विद्यार्थी हैं वे बाहर जाकर अपना अध्ययन कार्य नहीं कर सकते। सभी अपने-अपने स्थानीय महाविद्यालय में अपना अध्ययन पूर्ण करना चाहते हैं। महाविद्यालय में बीए प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय, बी कॉम प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय, एमए और एम कॉम सीट वृद्धि हेतु ज्ञापन दिया गया। बीए में 200 सीट है जो भर जाता है और बहुत से छात्र-छात्राएं एडमिशन नहीं होने के कारण आगे का पढ़ाई नहीं कर पाते हैं। छात्र नेता ने बताया अगर सीट वृद्धि नहीं होता है तो महाविद्यालय का घेराव किया जाएगा। जिसमें मुख्य रुप से युवा नेता धर्मेंद्र चतुर्वेदी, मनोज सोनकर, दिलेश्वर टंडन, खुमान, विजेंद्र पाल यादव आदि बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## विद्यार्थियों ने छायादार, औषधीय पौधे लगाए

**मुंगेली/नवप्रदेश।** रवींद्र भारती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मदनपुर के वृक्षारोपण कार्यक्रम में बच्चों ने बड़े उत्साह व हर्षोल्लास से पौधा रोपण किया। जिसमें प्रायमरी कक्षा से लेकर हायर सेकंडरी के विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न प्रकार के छायादार, फलदार, शोभाकार व औषधीय पौधे लगाए गए। विद्यालय में वृक्षारोपण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य रजनी सोनवानी व पूर्व जिला पंचायत सदस्य मानिक लाल सोनवानी, साथ मे जनपद सदस्य कमल लोचन टोन्डर एवं उपाध्यक्ष भाजपा मंडल सेतगंगा नारायण शर्मा उपस्थित रहे। साथ ही विद्यालय के प्रबंध निर्देशक भूपेंद्र चन्द्राकर द्वारा बच्चों को वृक्षारोपण का महत्व बताते हुए इस कार्यक्रम को निर्देशित किया गया। वहीं दूसरी ओर संस्था प्राचार्य मनोहर यादव द्वारा बच्चों को पर्यावरण संरक्षण में पौधरोपण की भूमिका व उसके लाभ पर विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम की अंतिम कड़ी में विद्यालय के प्रबंध निर्देशक भूपेंद्र चन्द्राकर द्वारा उद्बोधन में वृक्षों से होने वाले लाभ व उसके महत्व पर प्रकाश डाला गया।

## कारगिल विजय दिवस पर मशाल यात्रा निकाली

**मुंगेली/नवप्रदेश।** भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला द्वारा शहर में कारगिल विजय दिवस के अवसर पर 108 फीट तिरंगा व मशाल यात्रा निकाल कर अमर शहीदों का जय घोष करते हुए नगर भ्रमण किया गया। अटल परिसर जिला भाजपा कार्यालय से तिरंगा मशाल यात्रा प्रारंभ हुई। यात्रा पाठक पारा, पुलपारा, दाऊपारा होकर चर्च के बगल से भाजपा कार्यालय के पीछे सरदार वल्लभ भाई पटेल पुल होते हुए आगर खेल परिसर के सामने स्थित शहीद स्मारक के समक्ष मशाल सौंप कर तथा श्रद्धांजलि पश्चात समाप्त हुई।इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष शैलेष पाठक ने बताया कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर देश भर में कारगिल विजय का 25वाँ वर्षगांठ हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य है भारत की विजय गाथा से नई पीढ़ी को अवगत कराना है ताकि शहीदों की कुर्बानी व शहीद अमर रहें।युवा मोर्चा प्रभारी शिवेंद्र सिंह ने कहा कि कारगिल विजय से प्रेरणा लेकर बड़ी संख्या में युवाओं को सेना में सेवा देनी चाहिए।

# स्कूल मैदान में भरा पानी, छात्रों को शाला पहुंचने में हो रही परेशानी

**मुंगेली/नवप्रदेश।** स्कूल मैदान में पानी भरने से छात्रों को घुटनों तक पानी में पार कर स्कूल जाना पड़ रहा है। जिले के ग्रामीण क्षेत्र में संचालित स्कूलों में बुनियादी सुविधाओं का अभाव है। कही खुद का भवन नही है तो कही किचन शेड की कमी बनी हुई है, कही बाउंड्रीवाल नही है तो कही शौचालयों की स्थिति काफी जर्जर है। कही-कही प्राचार्य, प्रधानपाठक सहित विषयवार शिक्षकों की भी कमी बनी हुई है। अंचल के कई स्कूलो में बच्चो की दर्ज संख्या के अनुसार आज भी शिक्षक की व्यवस्था नही हो पाई है।

नये शिक्षण सत्र की शुरूआत के साथ ही पढ़ाई व्यवस्था पटरी पर नही आ सका है। ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित स्कूलों में आज तक मूलभूत सुविधाओं का अभाव बना हुआ है। प्रदेश सरकार बेहतर शिक्षा व्यवस्था होने की दावा करती है, वही दूसरी ओर जिले के वनांचल एवं ग्रामीण क्षेत्रो में संचालित शासकीय प्राथमिक शाला, पूर्व माध्यमिक, माध्यमिक एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में आज पर्यन्त प्राचार्य सहित शिक्षक एवं बुनियादी सुविधाओं की कमी के कारण संचालित स्कूलो की अध्यापन कार्य दयनीय स्थिति में है। ऐसा ही मामला शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय फास्टरपुर का है। हालात कुछ इस तरह है जिसमें विगत 05 वर्षो से प्राचार्य का पद रिक्त है वही प्रमुख विषयों जैसे हिन्दी, अंग्रेजी, गणित, इतिहास एवं भूगोल के शिक्षक रिक्त है जहॉ लगभग 680 बच्चे अध्ययनरत है। इस विद्यालय में प्राचार्य सहित शिक्षक के 36 पद स्वीकृत है जिसमें 23 शिक्षक पदस्थ है 13 शिक्षकों का पद रिक्त है। जिसके कारण आज भी पढ़ाई प्रभावित हो रही है। इसके अलावा भृत्य के 04 पद सहित चौकीदार का भी पद रिक्त है। विगत 03 वर्षो से ग्रंथपाल श्रीमती आशा कुजुर, जिला ग्रंथालय मुंगेली/सहायक ग्रेड 03 दीपक कुमार गुप्ता को कलेक्टर कार्यालय में संलग्न कर दिया गया है। उल्लेखनीय है कि सेतगंगा फास्टरपुर परिक्षेत्र में शिक्षा की नींव सन् 1919 में मिशनरियों ने रखी थी। जिसका पूर्व माध्यमिक के रूप में उन्नयन किया गया था। क्षेत्र में शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए सन् 01 जुलाई 1968 में उच्चतर माध्यमिक के रूप में उन्नयन किया गया। जिसे 17 दिसम्बर 1973 में शासकीयकरण किया गया। ग्रामीण एवं वनांचल क्षेत्र में शिक्षक तो मौसम देख कर स्कूल पहुंचते है यदि निरंतर स्कूलो की मानिटरिंग की जायें तो कई शिक्षक-शिक्षिकाएं स्कूल से नदारत मिलेंगे। शिक्षा विभाग द्वारा लगातार मानिटरिंग नही किए जाने के कारण से ऐसी स्थितियां निर्मित हो रही है जिन्हे मानिटरिंग की जिम्मेदारी सौंपी गई है वे स्वयं समय पर दफ्तर नही पहुंच रहे है।

### उच्चाधिकारियों को अवगत कराया है

स्कूल मैदान में पानी भरने से स्कूल आने-जाने वाले को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है इसके लिये उच्चाधिकारियों को अवगत कराकर व्यवस्था दुरूस्त कराने के लिये लिखा गया है।
**-एन.डी. कुर्रे, प्राचार्य, शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला फास्टरपुर**

### ग्राम पंचायतों को निर्देशित किया जायेगा

पंचायत क्षेत्र में स्थित शाला भवनों तक आने-जाने के मार्ग को दुरूस्त करने के लिये ग्राम पंचायतों को निर्देशित किया जायेगा। जिससे स्कूल आने-जाने वालों को परेशानियों का सामना न करना पड़े।
**-राजीव तिवारी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत, मुंगेली**

## शाला जतन योजना कार्यों की जांच करने पहुंचे अफसर

**मुंगेली/नवप्रदेश।** मुख्यमंत्री शाला जतन योजना अंतर्गत कराए गए कार्यो की जांच लोक निर्माण एवं शिक्षा विभाग के अधिकारी कर रहे है। कई जर्जर स्कूलों में छत मरम्मत के स्थान पर नीचे में टाईल्स एवं अन्य मद में राशि खर्च कर दी गई, वही कुछ स्कूलों में बगैर मरम्मत के राशि आबंटित कर दी गई है। स्कूलों की जांच के पश्चात जांच रिपोर्ट संबंधित अधिकारी को भेजी जायेगी। मुख्यमंत्री शाला जतन योजना अंतर्गत पूर्ववर्ती सरकार द्वारा स्कूलों के मरम्मत के लिये राशि दी गई थी। जिसमें जर्जर स्कूलों सहित स्कूलों के साज-सज्जा के लिये राशि आबंटित की गई थी। जिले के जर्जर स्कूलों के मरम्मत के लिये ग्रामीण यांत्रिकी सेवा को कार्य एजेंसी बनाया गया था। जिसमें शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूलों की मरम्मत की जानी थी। कई जर्जर स्कूलों में टाईल्स एवं अन्य मद में राशि खर्च कर दी गई, वही कुछ स्कूलों में बगैर मरम्मत के राशि आबंटित कर दी गई। मुख्यमंत्री शाला जतन योजना अंतर्गत स्कूलों में कार्य के नाम पर लिपापोती एवं मरम्मत के नाम पर खानापूर्ति की लगातार शिकायते आ रही थी। अखबारों में भी इस संबंध में लगातार समाचार प्रकाशित किये जाते रहे। नये सत्र में स्कूलों में शाला भवन की स्थिति को लेकर जानकारी मंगाई गई।

# स्वास्थ्य सुविधाएं बढ़ाने पूर्व विधायक ने स्वास्थ्य मंत्री से की मुलाकात

**जांजगीर/नवप्रदेश।** विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक व छत्तीसगढ़ प्रदेश भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चे के महामंत्री डॉक्टर खिलावन साहू ने स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल से मुलाकात कर उन्हें सक्ती विधानसभा क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार की दिशा में विभिन्न मांगों का मांगों का पत्र सौंपा है। पूर्व विधायक डॉक्टर खिलावन साहू ने स्वास्थ्य मंत्री से भेंटकर बताया कि सक्ती नया जिला बना है और इस जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं की बढ़ोतरी के लिए आवश्यक पहल की जरूरत है और सक्ती में एक नर्सिंग महाविद्यालय और ट्रामा सेंटर की नितांत जरूरत है। साथ ही शहर में करीब 8 करोड़ की लागत से बने हुए 50 बिस्तर वाले मातृ एवं शिशु अस्पताल को 100 बिस्तरों का करने की जरूरत है। साथ ही मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला सक्ती के कार्यालय के लिए भी 2 करोड़ रुपए की मंजूरी दें व बाराद्वार में पीएचसी का उन्नयन कार्य सीएचसी के रूप में करें। मिनी पीएचसी सक्ती विधानसभा क्षेत्र के सिवनी, कुसमुंडा, कमरीद, चोरिया, झरना, किरारी व सिंघनसरा का उन्नयन कर पीएचसी के रूप में और सकरेली कला में नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खोला जाए। पूर्व विधायक डॉक्टर खिलावन साहू की मांग पर छत्तीसगढ़ शासन के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने आवश्यक पहल करने का भी आश्वासन दिया है, साथ ही पूर्व विधायक डॉक्टर खिलावन ने स्वास्थ्य मंत्री को सक्ती जिले में आने का न्योता भी दिया है। एवं उनसे विस्तार पूर्वक स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर चर्चा भी की, साथ ही छत्तीसगढ़ शासन स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाई जा रही स्वास्थ्य संबंधी जन कल्याणकारी योजनाओं के लिए भी उनका आभार व्यक्त किया गया।

# मलेरिया रोकथाम के लिए हो रही जांच

**मुंगेली/नवप्रदेश।** बारिश को देखते हुए मलेरिया संक्रमण फैलने की आशंका बनी रहती है। इसे देखते हुए कलेक्टर राहुल देव ने चिकित्सा अमले को पूरी सतर्कता एवं सक्रियता के साथ मलेरिया के रोकथाम एवं प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। इसी कड़ी में कलेक्टर के निर्देशानुसार स्वास्थ्य विभाग द्वारा मलेरिया के रोकथाम एवं बचाव के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किया गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. देवेंद्र पैकरा ने बताया कि मलेरिया एक जानलेवा मच्छर जनित रक्त रोग है, जो मादा एनोफिलेज मच्छर के काटने से होता है। मलेरिया होने पर मरीज में बुखार आना, सर दर्द होना, उल्टी होना, मन का मचलना, ठंड लगना, चक्कर आना, थकान पेट दर्द आदि लक्षण दिखाई देने लगते हैं। उन्होंने कहा कि मलेरिया का ईलाज और रोकथाम संभव है। मलेरिया के लक्षण दिखाई देने पर तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जाकर चिकित्सक से परामर्श लेना चाहिए।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि मलेरिया की रोकथाम के लिए उचित कार्ययोजना बनाकर कार्य किया जा रहा है। इसके अंतर्गत मैदानी स्तर पर फोकस एरिया का चिन्हांकन, मलेरिया के संदेहास्पद रोगियों की रक्त जांच, आर.डी. टेस्ट, माइक्रोस्कोपिक जांच के माध्यम से मलेरिया पैरासाइट स्टेज एंड डेंसिटी का पता लगाना, स्वास्थ्य कार्यकर्ता द्वारा गृह भेंट कर रैपिड फीवर सर्वे, सुदूर वनांचल सहित स्कूल, छात्रावास हाट बाजार आदि स्थलों में कैंप लगाकर मलेरिया प्रकरणों की जांच, लार्वा नियंत्रण कीटनाशक छिड़काव किया जा रहा है तथा मलेरिया की रोकथाम के प्रति आमजनों को जागरुक भी किया जा रहा है। डीपीएम गिरीश कुर्रे ने बताया कि मलेरिया की रोकथाम के लिए मच्छरों पर नियंत्रण तथा उनके काटने से बचाव जरूरी है।

## आदित्य मंगलम में छग स्टेट जूनियर अंडर-19 फीड़े रेटेड स्टेट चैंपियनशिप

**मुंगेली/नवप्रदेश।** आदित्य मंगलम में छत्तीसगढ़ स्टेट जूनियर वर्ग अंडर-19 फीड़े रेटेड स्टेट चैंपियनशिप का उद्घाटन हुआ। उद्घाटन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी चंद्रकुमार घृतलहरे थे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के राज्य सचिव हेमन्त खुंटे ने की। मुख्य अतिथि ने शतरंज के उद्घाटन अवसर पर शतरंज की बिसात पर प्यादे की चाल चलकर राज्य चयन स्पर्धा का उद्घाटन किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि चंदकुमार घृतलहरे ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि शतरंज एक बेहतरीन रोचक खेल है। यह आपके सीखने का स्तर को बढ़ाता है इसलिए इस खेल को हमेशा खेलते रहना चाहिए। जैसे-जैसे हम आगे सीखते जाते है। वैसे-वैसे हमारे सीखने की क्षमता में वृद्धि होती है। खेल में निखार आता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे छग प्रदेश शतरंज संघ के राज्य सचिव हेमन्त खुंटे ने कहा कि मुंगेली सरीखे एक छोटी सी जगह में विगत चार सालों से लगातार कोई न कोई स्टेट सिलेक्शन का होना और यहां के आयोजन पर खिलाड़ियों का बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना वाकई उपलब्धि व गौरव की बात है। जिला शतरंज संघ प्रदेश की अत्यंत सक्रिय संघ है। मुंगेली जिला आयोजन को लेकर न सिर्फ आगे रहता है बल्कि मुंगेली से सभी आयु वर्गों की चैंपियनशिप में खिलाड़ी प्रदेश के अन्य जिलों में शिरकत करते हैं।

## कुण्डा-फास्टरपुर मार्ग पर गड्ढे ही गड्ढे

**मुंगेली/नवप्रदेश।** कुण्डा-फास्टरपुर मार्ग में बड़े-बड़े गड्ढे हो जाने से सड़क पर गड्ढे या गड्ढो में सड़क नजर आता है। गड्ढेयुक्त सड़क होने की वजह से आये दिन दुर्घटनाएं हो रही है। मुख्य मार्ग मुंगेली कुंडा सड़क फास्टरपुर के गड्ढे को अविलंब मरम्मत कराने ब्लॉक युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कलेक्टर से की है। मुख्य मार्ग सड़क मुंगेली कुंडा के फास्टरपुर, केसलीकला, माड़ाडबरी आदि जगह के सड़क बहुत ही बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं। जो मरम्मत नही होने के चलते लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मरम्मत नहीं होने से इस मार्ग पर आये दिन दुर्घटनाएं होते रहती है। युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष ने कलेक्टर से मुख्य मार्ग मुंगेली कुंडा सड़क फास्टरपुर केसलीकला, माड़ाडबरी सड़क को अतिशीघ्र मरम्मत कराने की मांग की है।

## शिवसेना नेताओं का जिला व ब्लाक के पदाधिकारियों ने किया स्वागत

**मुंगेली/नवप्रदेश।** शिवसेना नेताओं के आगमन पर जिला एवं ब्लाक के पदाधिकारियों ने स्वागत किया। इस अवसर पर नेता द्वय ने शिवसैनिकों को लगातार जनहित के मुद्दे उठाने एवं जन समस्याओं का समाधान कराये जाने की बात कही गई। जिले में भ्रष्टाचारियों के विरूद्ध लड़ाई तेज करने की बात कही गई। प्रदेश प्रमुख डॉ. आनंद सिंह मल्होत्रा के निर्देशानुसार प्रदेश महासचिव एवं बिलासपुर संभाग प्रभारी एचएन सिंह व ठाकुर हरिकपूर का आगमन हुआ।

महासचिव एचएन सिंह पालीवार ने कहा कि जिले में शिवसैनिकों के लगातार जनहित के मुद्दे को उठाने एवं जन समस्याओं का समाधान करने से जनता बहुत प्रभावित है। इसी प्रकार से आम जनता के समस्याओं का निराकरण करवाते रहिये एवं पार्टी को भी आगे बढ़ाते रहने की सलाह दिए। बिलासपुर संभाग प्रभारी ठाकुर हरिकपूर ने शिवसेना को और भी मजबूती प्रदान करने हेतु जिला एवं ब्लॉक के रिक्त पदों पर जल्द ही पदाधिकारियों का नियुक्ति की बात कही। जिला पदाधिकारियों के मनोबल को बढ़ाते हुए जिले में हो रहे भ्रष्टाचार के खिलाफ अपनी लड़ाई को तेज करने और भ्रष्टाचारियों को किसी भी प्रकार का ढील न देने की हिदायत दिए। वहीं जिलाध्यक्ष संतोष साहू ने कहा कि प्रदेश पदाधिकारियों के मार्गदर्शन में हम लगातार जनता की लड़ाई को लड़ते रहेंगे एवं पार्टी का विस्तार भी करते रहेंगे। महासचिव के द्वारा आगामी चुनाव को लेकर तैयारी की भी बात कही गई। जिला संगठन सचिव भानू निषाद ने जिला वासियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि किसी भी सरकारी या प्राइवेट कर्मचारी के द्वारा आपका शोषण किया जाता है।

आयोजन | 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत जिला स्तरीय अभियान

# जिले के स्कूलों में लगाए 25 हजार पौधे

**अम्बिकापुर/नवप्रदेश।** अम्बिकापुरः छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार पर्यावरण संरक्षण और हरियाली को बढ़ावा देने के लिए 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत शनिवार को एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय परिसर, घंघरी में जिला स्तरीय पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में सरगुजा संभागायुक्त जीआर चुरेंद्र शामिल हुए। इस अवसर पर संभागायुक्त चुरेंद्र ने कहा कि छत्तीसगढ़ शासन की मंशानुरूप जिला स्तरीय पौधारोपण कार्यक्रम किया गया है जिसमें एकलव्य आवासीय विद्यालय और अन्य स्कूलों के छात्रों सहित जनप्रतिनिधियों ने एक पेड़ मां के नाम' लगाया।

इस कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को पेड़ लगाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि एक 'पेड़ मां के नाम' अभियान पूरी वर्षा ऋतु में चलाया जाएगा जिससे अधिक से अधिक पर्यावरण संरक्षण किया जा सके। स्थानीय जनप्रतिनिधि आलोक दुबे ने भी प्रकृति के संरक्षण में अपना बहुमूल्य योगदान देने पौधरोपण एवं उसकी सुरक्षा अवश्य करने की अपील की।

जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि जिले के स्कूलों में वृहद स्तर पर पौधारोपण कार्यक्रम किया जा रहा है। जिले के 2053 स्कूलों में एक साथ तक तकरीबन 25 हजार पौधारोपण कर लोगों को पौधा संरक्षण की शपथ दिलाई जा गई है। कार्यक्रम की शुरुआत में एकलव्य आवासीय विद्यालय के पहाड़ी कोरवा छात्रों ने स्वागत गीत और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इस आयोजन में एकलव्य आवासीय विद्यालय विद्यालय के छात्र, स्काउट गाइड, प्रयास आवासीय विद्यालय के छात्रों सहित जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारियों ने अशोक, आंवला, जामुन, आम आदि पौधों का रोपण किया। जिला स्तरीय पौधारोपण कार्यक्रम में वरिष्ठ नागरिक ललन प्रताप सिंह, अम्बिकेश केसरी और कैलाश मिश्रा सहित प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

## 13 लीटर महुआ शराब के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**सक्ती/नवप्रदेश।** 26 जुलाई को सूचना मिला कि गेवाडीन कालोनी सक्ती निवासी दुमान दास भारद्वाज गुडडी सतनामी निवासी गेवाडिन कॉलोनी सक्ति अपने निवास स्थान के पास में हाथ भट्टी से निर्मित देसी महुआ शराब अवैध रूप से बिक्री हेतु रखे है कि सूचना पर वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराकर मुखबिर के बताये स्थान पर जाकर रेड कार्यवाही करने पर आरोपी दुमान दास भारद्वाज पिता कोटवार भारद्वाज साकिन गेवाडिन कॉलोनी सक्ती थाना सक्ती के कब्जे से 07 लीटर हाथ भटठी से निर्मित कच्ची महुआ शराब 2. गुडडी सतनामी पति बाबुलाल लहरे साकिन गेवाडिन कॉलोनी सक्ती थाना सक्ती के कब्जे से 06 लीटर हाथ भटठी से निर्मित कच्ची महुआ शराब जुमला 13 लीटर हाथ भटठी से निर्मित कच्ची महुआ शराब मिलने से आरोपियो को धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत गिरफ्तार किया।

## न्यूज़ गैलरी

### प्लेसमेंट कैम्प आयोजित

**सूरजपुर/नवप्रदेश।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र सूरजपुर के द्वारा प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जाना है, जिसमें निजी क्षेत्र के नियोजक स्कोप (सोसायटी फॉर कम्युनिटी ऑग्रेनाईजोन एण्ड पिपल इम्पावरमेंट) के द्वारा प्रशिक्षण कार्य के लिए मेसन, टेलर, कारपेंटर, लोहार, कुम्हार, नाई, हथौडा और टूलकिट निर्माता, गोल्ड स्मिथ, मूर्तिकार, टोकरी/चटाई/झाड़ू बनाने वाला, धोबी, मोची, गारलेंड मेकर पदों पर 29 जुलाई से 31 जुलाई तक भर्ती किया जाना है। भर्ती के उपरांत प्रति कार्य दिवस पर मानदेय 1000 रू का भुगतान किया जाएगा। यह प्लेसमेंट कैंप पूरी तरह से निःशुल्क है, किसी भी प्रकार की राशि की मांग किये जाने पर संबंधित नियोजक पर कानूनी कार्यवाही की जाएगी। प्लेसमेंट कैंप का आयोजन जिला रोजगार कार्यालय में किया जाएगा। प्लेसमेंट कैम्प से संबंधित अधिक जानकारी के लिए जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र सूरजपुर में संपर्क कर सकते है।

### महिला उत्पीड़न मामलों की सुनवाई

**सूरजपुर/नवप्रदेश।** आज कलेक्टर सभाकक्ष बैकुण्ठपुर जिला कोरिया में छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक द्वारा महिलाओं के उत्पीड़न से सम्बंधित मामलों को लेकर सुनवाई की गई। इस दौरान महिलाओं के उत्पीड़न से सम्बंधित मामलों को लेकर कोरिया, सूरजपुर एवं मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले से प्राप्त प्रकरणों की एक साथ सुनवाई की गई। आयोग की गठित न्यायपीठ की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक एवं सदस्य नीता विश्वकर्मा द्वारा सुनवाई की गई। इस सुनवाई के दौरान सूरजपुर जिले से तीन प्रकरण नस्तीबद्ध किये गये एवं दो प्रकरणों में अग्रिम कार्यवाही किये जाने हेतु जिला महिला संरक्षण अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग सूरजपुर को निर्देशित किया गया है।

### जिले में अब तक 184.7 मिमी औसत वर्षा

**अम्बिकापुर/नवप्रदेश।** भू-अभिलेख शाखा के अधिकारियों ने आज यहां बताया कि जिले के सभी तहसीलों में 24 घण्टे के दौरान 4.4 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। इस दौरान सर्वाधिक 14.8 मि.मी. वर्षा लुण्ड्रा तहसील में दर्ज की गई है। इसे मिलाकर पूरे जिले में जून से अब तक 184.7 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज़ की गई है। उन्होंने बताया कि 01 जून 2024 से 26 जुलाई 2024 तक अम्बिकापुर में 199, दरिमा में 100.9 ,लुण्ड्रा में 212.1 सीतापुर में 222.4 लखनपुर में 186.9, उदयपुर में 177, बतौली में 195.3 एवं मैनपाट में 183.6 मिमी वर्षा दर्ज की गई है।

### हाईस्कूल के 903 विद्यार्थियों ने दी अंग्रेजी की पूरक परीक्षा

**सूरजपुर/नवप्रदेश।** छ.ग. माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर के द्वारा आयोजित हाई स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा 2024 में आज कक्षा 10 वीं के विषय-अंग्रेजी की परीक्षा जिले के निर्धारित 9 परीक्षा केन्द्रों में सफलतापूर्वक संचालित किया गया। जिसमें कुल दर्ज-903 परीक्षार्थियों में से 67 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। राम ललित पटेल, जिला शिक्षा अधिकारी के मार्गदर्शन में लता बेक सहायक संचालक एवं संदीप कुमार बेहरा परीक्षा प्रभारी के द्वारा परीक्षा केन्द्र क्रमांक-(741025) शा.उ.मा.वि. बिहारपुर एवं केन्द्र क्रमांक- (741024) शा.उ.मा.वि. ओड़गी का औचक निरीक्षण किया गया, जहाँ परीक्षा सुचारू एवं शांतिपूर्वक संचालित होना पाया गया।

### 300 लोगों को दिया जाएगा रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण

**अम्बिकापुर/नवप्रदेश।** केन्द्रीय पेट्रोरसायन अभियांत्रिकी एवं प्रोद्योगिकी संस्थान (सिपेट) रायपुर में एसईसीएल बिलासपुर द्वारा प्रायोजित रोजगारोन्मुखी निःशुल्क आवासीय कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम हेतु 300 जरूरतमंद युवाओं को प्रशिक्षण दिया जाना है। उक्त जानकारी देते हुए सहायक संचालक, जिला कौशल विकास प्राधिकरण ने बताया कि आवेदकों के चयन हेतु 01 अगस्त को लाईवलीहुड कॉलेज अंबिकापुर, 02 अगस्त को जनपद सभाकक्ष लखनपुर और 03 अगस्त को जनपद सभाकक्ष मैनपाट में काउंसिलिंग हेतु शिविर आयोजित की गई है। जिसमें 06 कोर्स मशीन ऑपरेटर- प्लास्टिक प्रोसेसिंग, मशीन ऑपरेटर- इंजेक्शन मोल्डिंग, मशीन ऑपरेटर- प्लास्टिक एक्सट्रूजन, मशीन ऑपरेटर- ब्लो मोल्डिंग, मशीन ऑपरेटर-टूल रूम, मशीन ऑपरेटर और प्रोग्रामर - सी.एन.सी. मिलिंग, के 06 माह के कोर्स में प्रशिक्षण हेतु जिले के खनन प्रभावित क्षेत्रों के बेरोजगार युवाओं का चयन किया जायेगा। आवेदन करने हेतु न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 10वीं उत्तीर्ण एवं आयु 18 से 28 वर्ष होना चाहिये (अ.जा./अ.जा. अ.ज.जा. हेतु 05 वर्ष तथा अ.पि.व. हेतु 03 वर्ष की छूट)। इच्छुक उम्मीदवार 10वीं की अंक सूची, आधार कार्ड की प्रति, छायाप्रति एवं 02 रंगीन फोटो के साथ शिविर स्थल पर उपस्थित होकर लाभ ले सकते हैं।

### प्लेसमेंट कैम्प 2 को

**अम्बिकापुर/नवप्रदेश।** जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि जिला रोजगार मार्गदर्शन केन्द्र अम्बिकापुर के द्वारा 2 अगस्त को प्रातः 11 बजे से सायं 4 तक प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया गया है। जिसमें निजी नियोजक भारतीय जीवन बीमा निगम एवं रवि डीटीएच एण्ड माबाईल सेंटर के मनीष कुमार गुप्ता एवं विनय गौर उपस्थित रहेंगे। जिसके अन्तर्गत अभिकर्ता पद 50 एव सेल्स प्रमोटर पद 10 पदों पर भर्ती की जानी है। जिस हेतु योग्यता न्यूनतम 10वीं उत्तीर्ण, संभावित वेतन कमीशन 8 हजार से 10 हजार निर्धारित है। उन्होंने बताया कि प्लेसमेंट कैम्प पूर्णतः निःशुल्क है।

# बारिश में आवारा मवेशियों का सड़कों पर डेरा

## गौठानों में तालाबंदी, रोका-छेका की पहले वाली बंदिश भी नहीं रही

**सूरजपुर/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ राज्य में पिछली सरकार ने आवारा घूम रहे मवेशियों के लिए गांव-गांव में रोका छेका योजना के तहत गौठान की स्थापना पंचायतवार कराई थी,,,लेकिन वर्तमान में अब जिले के लगभग सभी ग्राम पंचायतों के गोठानों में ताले पड़ चुके हैं ऐसे में सभी छुट्टा मवेशी सड़कों पर आ गए हैं। इन आवारा घूम रहे मवेशियों के चलते इलाके से गुजरने वाले नेशनल हाईवे हो या गली मोहल्ले में जगह-जगह मवेशियों का झुंड दिखना आम सी बात हो गई है,, जो की एक चिंता का विषय है लगातार हो रहे सड़क हादसे का प्रमुख वजह भी मानी जाती है, जो की रोज के रोज हादसे भी हो रहे हैं जिले सहित ग्रामीण अंचल वासियों को छुट्टा मवेशियों से निजात दिलाने की कोशिश लगता है की अब सफल नहीं हो पाएगी, क्योंकि ग्राम पंचायतों को मवेशी मुक्त रखने पंचायतों की कोशिश कारगर नहीं हो पा रही है, जबकि जिला मुख्यालय सहित वर्तमान में नई सरकार आने के बाद रोका-छेका अभियान अब नई सरकार के आते ही हालात कुछ और है। अभियान नहीं चलने से सड़के अब इन आवारा घूम रहे मवेशियों के चलते यम द्वार बन गए। इधर लाखों रुपए की लागत से बनाए गए गोठानों पर भी ताले पड़ हुवे हैं जिसके चलते सड़क से लेकर अन्य जगहों पर मवेशी खुले घूम रहे हैं आम लोगों को हो रही परेशानी के बाद भी छुट्टा मवेशियों की धरपकड़ बंद है इसका सबसे ज्यादा खामियाजा रात में चलने वालें चारपहिया व दुपहिया वाहन चालक भुगत रहे हैं। बता दें कि सड़कों पर आए दिन मवेशियों के कारण होने वाली दुर्घटनाओं में होने वाली दिक्कतों से निजात दिलाने के लिए जिले के ग्राम पंचायतों में लाखों रुपए की लागत से गोठान बनवाए गए हैं, लेकिन यहां एक भी मवेशी नही हैं इसके चलते नेशनल हाईवे पर मवेशियों का जमघट लगा रहता है और सड़को पर तो इनका एक तरफा राज है। एक समय था जब इन गोठानों में सैकड़ों से ज्यादा मवेशियों को रखा जाता था आज ये वीरान व खाली पड़े हैं।

### शहरों के साथ गांवों में भी एक जैसी परेशानियां सामने आ रही है

ग्राम पंचायतों में गोठान से पहले कांजी हाउस की व्यवस्था थी पंचायतों में गोठान बनने के बाद कांजी हाउस की ओर भी ध्यान नहीं दिया गया। इस वजह से अब ये कंडम हो चुके हैं,, ऐसे में मवेशियों के लिए न गोठान बचे, न कांजी हाउस, ग्राम पंचायतों सहित जिला प्रशासन के सामने भी एक बड़ी चुनौती है कि मवेशियों को अब रखें कहां। ग्रामीण अंचल सहित जिला मुख्यालय के लोग बाइक चालक सहित राहगीर बाजारों में सब्जी लेने आ रहे हैं, लेकिन इन आवारा घूम रहे मवेशियों के चलते जा रहे हैं सीधे अस्पताल, बाजारों में भी मवेशी बढ़ गए हैं जिसका मुख्य वजह ये कि बाजार में इन्हें खाने के लिए फेंकी गई सब्जियां आसानी से मिल जाती है। व्यापारी इन्हें हांकते हैं तो कई बार अफरातफरी मच जाता है। ऐसे में सब्जी खरीदने आए लोग। आए दिन यहां से घायल हो कर सीधे अस्पताल पहुंच रहे हैं।

# राजस्व प्रकरणों के निपटरारे में तेजी लाएं

### कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों की बैठक में दिए निर्देश

**अम्बिकापुर/नवप्रदेश।** कलेक्टर विलास भोसकर ने शुक्रवार को राजस्व अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में कलेक्टर श्री भोसकर ने सभी अधिकारियों को विवादित एवं अविवादित नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, खाता विभाजन, सीमांकन, व्यपवर्तन के कार्यों में गति लाने निर्देशित किया। उन्होंने राजस्व न्यायालयों में लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी एसडीएम प्रकरणों की पुनर्समीक्षा कर आवश्यकतानुसार प्रकरण नस्तीबद्ध करने की कार्यवाही करें। उन्होंने राजस्व वसूली में प्रगति लाने, डायवर्सन के प्रकरणों में प्रभावी कार्यवाही करने निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार आपसी सामंजस्य के साथ फील्ड में सक्रियता पूर्वक ढंग से कार्य करें। बैठक में कलेक्टर श्री भोसकर द्वारा आरबीसी 6-4 के प्रकरणों, भू अर्जन के प्रकरणों में मुआवजा वितरण, अभिलेख अद्यतन पंजी, नक्शा आबंटन, डिजिटल हस्ताक्षर, आधार सीडिंग, जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, नक्शा बटांकन की समीक्षा की गई। बैठक में अपर कलेक्टर सुनील नायक और एएल ध्रुव उपस्थित थे।

# पंचायत भवन से सबमर्सिबल पम्प चोरी के मामले में 4 गिरफ्तार

**सूरजपुर/नवप्रदेश।** जिले के ब्लॉक मुख्यालय प्रतापपुर थाने में ग्राम गोंदा निवासी सीनोद कुमार कौशिक ने थाना प्रतापपुर में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 22 जुलाई की शाम से 23 जुलाई के सुबह 6 बजे के मध्यम किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा पंचायत भवन के बाउंड्री वाल के अंदर लगा समरसिबल पम्प को चोरी कर ली गई है प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना प्रतापपुर में अपराध क्रमांक 215/24 धारा 331(4), 305 बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया।

मामले की सूचना पर डीआईजी एवं एसएसपी सूरजपुर एम.आर. आहिरे ने अज्ञात चोर की हरसंभव पतासाजी कर जल्द पकड़ने के निर्देश दिए एएसपी संतोष महतो व एसडीओपी प्रतापपुर अरूण नेताम के मार्गदर्शन में थाना प्रतापपुर पुलिस ने विवेचना जारी करते हुए आरोपी की पतासाजी के दौरान संदेही हीराचंद बरगाह को पकड़ा पकड़े जाने पर

पूछताछ के दौरान उसने बताया कि 22 जुलाई के रात्रि में पंचायत भवन परिसर में लगा सबमर्सिबल पम्प को अपने भाई व गांव के ही वीरसाय के साथ चोरी करना उन्होंने स्वीकार करते हुए इसके अलावे अन्य तीनों ने अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर पूर्व में भी पंचायत भवन से एक सबमर्सिबल पम्प और हरिनंदन राजवाड़े का 2 समरसिबल पम्प चोरी कर तीनों पम्प को गांव के रिंकू सिंह को बिक्री करना बताए, प्रार्थी के चोरी किए गए पम्प को अपने घर के पीछे छिपाकर रखना बताते हुए अपने मेमोरण्डम कथन के आधार पर उक्त सबमर्सिबल पम्प को जप्त कराया गया प्रकरण के अन्य आरोपियों की पतासाजी करते हुए खरीददार आरोपी विवेक सिंह उर्फ रिंकू से चोरी के 3 नग सबमर्सिबल पम्प जप्त कर प्रकरण में धारा 317(2), 3(5) बीएनएस जोड़ी गई है,, आरोपियों से कुल 04 नग सबमर्सिबल पम्प एवं केबल तार कुल कीमत 40 हजार 4 सौ रूपये का जप्त कर आरोपी (1) हीराचंद पिता स्व. सोहर साय बरगाह उम्र 20 वर्ष (2) वीर साय पिता हीरालाल देवांगन उम्र 18 वर्ष 1 माह (3) विवेक सिंह उर्फ रिंकू पिता परमेश्वर सिंह उम्र 30 वर्ष सभी निवासी ग्राम गोंदा, थाना प्रतापपुर को गिरफ्तार किया गया वहीं मामले में एक विधि विरूद्ध संघर्षरत बालक को पकड़कर विधि अनुसार किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष पेश किया गया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी प्रतापपुर लक्ष्मण सिंह धुर्वे, सहित प्रधान आरक्षक राहुल गुप्ता, रजनीश त्रिपाठी, विनोद परीडा, आरक्षक इन्द्रजीत सिंह, भीमेश आर्मो, निशांत टोप्पो, निरंजन एक्का व राजू एक्का सक्रिय रहे।

# शिक्षा सप्ताह के पांचवे दिन कौशल व डिजिटल पहल दिवस मनाया

**सूरजपुर/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा चलाये जा रहे शिक्षा सप्ताह के पांचवें दिवस पर आज जिले के सभी विद्यालयों में कौशल एवं डिजिटल पहल दिवस का आयोजन किया गया। डिजिटल शिक्षा में मल्टीमीडिया तत्व शामिल होते हैं, जिससे सीखना अधिक आकर्षक और इंटरैक्टिव हो जाता है। वीडियो और एनिमेशन छात्रों को जटिल अवधारणाओं को आसानी से समझने में मदद कर सकते हैं। जिस कारण उसे बेहतर तरीके से याद रखने में मदद मिलती है। वहीं शासकीय माध्यमिक शाला पतरापाली में शिक्षक योगेश साहू द्वारा बच्चों को इंटरनेट, दीक्षा एप

का उपयोग, गूगल मैप देखना, गूगल से जानकारी सर्च करना, गूगल लेंस से अंग्रेजी विषय के पाठ या कठिन शब्दों का हिंदी रूपांतरण कर सीखने में सरल बनाया जा सकता है। बच्चों को कंप्यूटर के बारे में जानकारी दी गई साथ ही फोटो बनाना एवं फोटो प्रिंट कर के दिखाया गया। कंप्यूटर, टेबलेट एवं अन्य डिजिटल सामग्रियों के कौशल विकास के बारे में बताया गया। आज के युग मे अब यह कहना अनुचित नहीं होगा कि डिजिटल शिक्षा छात्रों को जानकारी के भंडार तक पहुंच प्रदान करती है। कार्यक्रम को अन्य शिक्षकों ने बच्चों को बताया कि शिक्षा अब केवल पाठ्यपुस्तकों और कक्षाओं तक सीमित नहीं है। यह तकनीक, नवीन शिक्षण और डिजिटल सामग्री का एक संयोजन बन गई है। इंटरनेट कहीं अधिक किफायती और सुलभ हो गया है और इससे डिजिटल और पारंपरिक शिक्षण विधियों का अधिक संगम होगा। कार्यक्रम में प्रधान पाठक बीआर हितकर, संकुल समन्वयक जीडी सिंह, शिक्षक महेंद्र पटेल, अनिता सिंह, कृष्ण कुमार यादव, योगेश साहू, रघुनाथ जयसवाल, सरिता सिंह एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### पशुक्रूरता मामले के दो फरार आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़।** पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा निर्देशन पर लंबित मामलो के फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है जिसमें तमनार पुलिस द्वारा पशुक्रूरता मामले में फरार चल रहे दो आरोपी- फिलमन डुगडुग और अमित साहू निवासी सुंदरगढ़ ओड़िसा की गिरफ्तारी के लिए सुंदरगढ़ (ओड़िसा) में दबिश दिया गया और आज दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है ।

जानकारी के मुताबिक 27 जनवरी 2024 की रात्रि दोनों आरोपी पिकअप वाहन में कृषक मवेशी ठुंस-ठूस कर भरे हुए थे जिन्हें बूचड़खाने ले जाया जा रहा था । मुखबीर सूचना पर रात्रि गस्त दौरान पेट्रोलिंग कर रहे तमनार पुलिस के कर्मचारी हमीरपुर बॉर्डर के पास पालीघाट की ओर से तेज रफ्तार आते हुए पिकअप वाहन को देख कर रोकने का इशारा किये । वाहन में बैठे 02 मवेशी तस्कर पुलिस की नाकेबंदी देखकर तेजी से वाहन आगे ले जाकर उतारकर अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गए । पुलिस

ने पिकअप वाहन में रखें 8 नग कृषक मवेशी कीमत करीब ?40000 का मुक्त कराकर पिकअप वाहन क्रमांक ओडी 14 एन-4473 की जप्ती की गई तथा वाहन चालक व एक अन्य आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 41/2024 छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 की धारा 4, 6, 10, 11 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया । थाना प्रभारी तमनार द्वारा वाहन के डिटेल से आरोपियों की जानकारी ली गई जिसमें आरोपी फिलमन डुगडुग और अमित साहू निवासी सुंदरगढ़ ओड़िसा का पता चला ।अपराध कायम के बाद से दोनों आरोपी सकुनत से फरार होकर लुक छिप रहे थे ।

**आयोजन** रक्तदान शिविर और चित्रकला स्पर्धा का भी आयोजन किया गया

# जेएसपी में कारगिल के शहीदों को श्रद्धांजलि

**रायगढ़/नवप्रदेश।** कारगिल विजय दिवस के अवसर पर जिंदल स्टील एंड पॉवर में विशेष कार्यक्रम का आयोजन कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर स्कूली बच्चों के लिए देशभक्ति की थीम पर चित्रकला स्पर्धा का आयोजन भी किया गया। साथ ही जेएसपी परिवार के सदस्यों ने बड़ी संख्या में रक्तदान किया। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण जेएसपी सिक्योरिटी विभाग के डॉग स्क्वाड का शो रहा।

देश की सेना के शौर्य और पराक्रम से कारगिल में मिली जीत के 25 वर्ष पूरे होने के अवसर पर पूरे देश के साथ ही जिंदल स्टील एंड पॉवर के रायगढ़ संयंत्र में भी विजय दिवस उत्साह और देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। सुबह 8 बजे कंपनी परिसर स्थित जिंदल सेंटर के सामने स्थित विशाल ध्वजस्तंभ पर तिरंगा फहराया गया। यहां कार्यपालन निदेशक पी.के. बीजू नायर ने जेएसपी परिवार के सदस्यों की उपस्थिति में तिरंगा फहराया। फिर सभी ने

एक स्वर से राष्ट्रगान गाया। सिक्योरिटी विभाग द्वारा राष्ट्रीय ध्वज को सलामी के बाद मार्च पास्ट किया गया। साथ ही सिक्योरिटी विभाग के डॉग स्क्वाड ने विशेष डॉग शो का प्रदर्शन किया।

सभी उपस्थितों ने इसका खूब आनंद लिया। जेएसपी के कार्यपालन निदेशक श्री नायर ने अपने संदेश में कहा कि कारगिल विजय दिवस के अवसर पर हम देश के वीर जवानों को सादर नमन करते हैं। यह उनके बलिदान का ही परिणाम है कि हम सभी देशवासी आजादी से सांस ले पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस पावन अवसर पर हमें देशसेवा में हरसंभव योगदान देने का संकल्प लेना चाहिए।

इसके बाद सिक्योरिटी विभाग के प्रमुख ब्रिगेडियर एम. कार्तिकेयन (रि.) ने कार्यक्रम में उपस्थित जेएसपी परिवार के सभी सदस्यों और स्कूली बच्चों को कारगिल युद्ध के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि युद्ध के मैदान में किस तरह की परिस्थितियां होती हैं और वीर सैनिकों को किस तरह अनेक मोर्चों पर लड़ना होता है। उन्होंने युवाओं को सेना से जुड़कर देश की सेवा करने के लिए भी प्रेरित किया।

#### देश की रक्षा के लिए प्रेरित करता रहेगा कारगिल विजय दिवस: जिंदल

कारगिल विजय दिवस के अवसर पर शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए लोकसभा सांसद एवं जिंदल स्टील एंड पॉवर के चेयरमैन नवीन जिंदल ने अपने संदेश में कहा कि कारगिल विजय दिवस पर मातृभूमि की रक्षा में अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाले अमर शहीदों को शत–शत नमन। आज भारतीय सेना के साहस और पराक्रम के 25 साल पूरे हो गये। राष्ट्रीय गर्व और सम्मान के रूप में कारगिल विजय दिवस सदैव हमारी प्रेरणा का स्रोत रहेगा। 1999 में हमारी सेना की शौर्य और बलिदान की सर्वोच्च परंपरा का निर्वहन करते हुए हमारे वीर जवानों ने पाकिस्तानी घुसपैठियों को मार भगाया था और लेह की अनेक चोटियों पर तिरंगा फहराते हुए देशवासियों का मस्तक गर्व से ऊंचा किया था। कारगिल युद्ध में मिली विजय असाधारण थी। इस युद्ध से हमें सीख मिली कि कितनी भी कठिन परिस्थितियां हों, हम अपने साहस और एकजुटता से विजय प्राप्त कर सकते हैं। इस युद्ध के समय देशवासियों ने यह दिखाया कि जब भी राष्ट्रीय एकता व अखंडता पर संकट आएगा।

### इंस्टाग्राम पर बच्चों का अश्लील विडियो, आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़/नवप्रदेश।** इंटरनेट पर चाइल्ड पोर्नोग्राफी से जुड़े कंटेट एक्सेस करने वाले और शेयर करने वालों पर राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो की निगरानी पर हैं । प्राय- देखा जा रहा है कि बार-बार चेतावनी के बावजूद भी लोगों मोबाइल पर चाइल्ड पोर्नोग्राफी के कंटेंट देखते और शेयर करते हैं । ऐसे सभी सोशल साइट राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो की निगरानी में हैं, जो सोशल साइट पर ऐसे कंटेंट, फोटो, वीडियो शेयर करने वालों को चिन्हांकित कर उन पर आईटी एक्ट की धारा 67 (बी) कार्यवाही करती है । इसी कड़ी में एनसीआरबी द्वारा पुलिस मुख्यालय नवा रायपुर को प्रेषित साइबर टीप लाइन जांच हेतु थाना घरघोड़ा को प्राप्त हुई । जांच पर पाया गया कि मोबाईल नंबर 626336XXXX का धारक 6 जुलाई सोशल मीडिया प्लेटफार्म इंस्टाग्राम पर बच्चों से संबंधित अश्लील विडियो अपलोड किया गया था, उक्त विडियो चाईल्ड पोर्नोग्राफी की श्रेणी का पाये जाने पर दिनांक 25/07/2024 को थाना घरघोड़ा में मोबाईल नंबर 626336XXXX के धारक आरोपित संजय कुमार राठिया पर अप.क्र. 220/2024 धारा 67 (बी) आईटी एक्ट के तहत अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया । विवेचना दरम्यान विधिवत सीडी का पंचनामा तैयार कर आरोपी संजय कुमार औराईमुड़ा,रायगढ़ को गिरफ्तार किया गया।

## न्यूज गैलरी

### सखी सेंटर की समझाइश पर पति-पत्नी के बीच हुई सुलह

**रायगढ़/नवप्रदेश।** सखी सेंटर रायगढ़ में एक प्रकरण प्राप्त हुआ, जिसमें पत्नी ने पति के शराब पीने और मारपीट करने की शिकायत की थी। सखी सेंटर के सेवा प्रदाताओं ने दोनों पक्षों का लिखित बयान लिया और चार बार संयुक्त काऊंसलिंग की। धीरे-धीरे पति के व्यवहार में सुधारात्मक परिवर्तन होने लगा और दोनों पक्ष प्रेमपूर्वक जीवन व्यतीत करने लगे। दोनों पक्ष सखी सेंटर में उपस्थित हुए और पत्नी ने बताया कि पति के व्यवहार में सुधार होने से दोनों पक्ष प्रेमपूर्वक जीवन व्यतीत कर रहे हैं। सखी सेंटर रायगढ़ के सेवा प्रदाताओं ने इस प्रकरण को सफलतापूर्वक समाप्त किया और दोनों पक्षों को सुखी जीवन की शुभकामनाएं दीं।

### स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाए स्टॉल में 156 लोग लाभान्वित

**रायगढ़/नवप्रदेश।** कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में धरमजयगढ़ विकासखण्ड के विजयनगर में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया था। जहां मौके पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्टॉल लगाए गए थे। स्वास्थ्य विभाग द्वारा हितग्राहियों के मेडिकल टेस्ट कर उन्हें बुखार, उल्टी-दस्त, हीमोग्लोबिन, शुगर जैसी दवाइयों का वितरण किया गया। जहां 156 लोगों ने स्वास्थ्य सुविधा का लाभ लिया। सीएमएचओ डॉ. बी.के.चंद्रवंशी के मार्गदर्शन में जिला टीकाकाकरण अधिकारी डॉ.भानु पटेल व जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुश्री रंजना पैंकरा द्वारा सिविल अस्पताल धरमजयगढ़ जिला रायगढ़ में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ीकरण करने के लिये आज प्रात~ 9 बजे से विजयनगर के चिकित्सक/कर्मचारी की ड्यूटी एक दिवस के लिये शिविर में लगायी गयी। जिसमें स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार हेतु चिकित्सा अधिकारी डॉ. विनोद कुमार जायसवाल, डॉ.रितु, एवं श्री भूपेन्द्र पटेल आर.एम.ए द्वारा जांच किया गया तथा दवा वितरण लैब जांच, एन.सी.डी. आयुष्मान कार्ड आवश्यक व्यवस्था किया गया। इस दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा कुपोषित बच्चे के आवासीय परिसर का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। जिसमें मनोरंजन के साधन हेतु खिलौने, टी.वी. की व्यवस्था तथा उनके परिजनों को काउसिलिंग करते हुए आवयश्क दिशा निर्देश दिए।

### कारगिल विजय दिवस पर पौधा रोपण का आयोजन

**रायगढ़/नवप्रदेश।** कृषि महाविद्यालय एवं अनुसन्धान केंद्र, रायगढ़ में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में कारगिल विजय दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ.ए.के.सिंह ने वीर सपूतों को नमन करते हुए शहीद भगत सिंह के तैल चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित करते हुए दीप प्रज्वलित किया। उन्होंने सभी को सम्बोधित करते हुए कहा कि हम सभी देश की रक्षा के खातिर अपने वीर जवानों की शहादत के हमेशा ऋणी रहेंगे और नमन करते रहेंगे क्योंकि आज हम सभी उनके द्वारा दी गयी प्राणों की आहूति के वजह से सुरक्षित जीवन जी पा रहे हैं। कार्यक्रम में एन.एस.एस. के सह.समन्वयक डॉ.ब्रिजेश पटेल के मार्गदर्शन एवं डॉ.संदीप पैंकरा, डॉ.मीनाक्षी चन्द्रा,डॉ.संध्या सिन्हा, गामिनी वर्मा,सी.के.पुरेना, जी.एल.कुर्रे, चैन सिंह पटेल, अतुल भोंसले की उपस्थिति में महाविद्यालय परिसर बालक छात्रावास एवं डॉ. सरिता अग्रवाल की उपस्थित में बालिका छात्रावास में पपीता, मुनगा, नीम का पौधरोपण किया गया। मंच संचालन सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष सुनील कुमार गौतम द्वारा किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त अधिकारी- कर्मचारी एवं एनएसएस के छात्र-छात्रायें शामिल हुये।

### बैहाटोला में 40 छात्राओं को मिली साइकिल

**खैरागढ/नवप्रदेश।** । ब्लाक के शासकीय हाईस्कूल बैहाटोला में सायकल वितरण एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम जिपं सभापति घम्मन साहू के मुख्य आतिथ्य, सरपंच राधे लाल उइके की अध्यक्षता , गोरेलाल वर्मा , घनष्याम वर्मा , सुकृत वर्मा , ,छगन वर्मा ,उमेंद उइके , मानिक टंडन के विशेष आतिथ्य में संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि घम्मन साहू ने निःशुल्क सायकल वितरण करते कहा कि छात्राओं को स्कूल आने-जाने में असुविधा नहीं होगी शासन महत्वाकांक्षी योजना के साथ शिक्षा के प्रति छात्र छात्राओं को प्रोत्साहित करने हेतु अनेक योजना चला रहीं है जिसका लाभ लेकर ब%चें अपने उ%जवल भविश्य बना सकते हैं । शिक्षा की महत्ता बताते साहू ने कहा कि शिक्षा जीवन के लिये आवश्यक व भविष्य का सही मार्गदर्शन करती हैं। स्कूल की मांग पर घम्मन साहू ने स्कूल बाउड्रीवाल के लिये जल्द राशि स्वीकृत कराने का आश्वासन देते शिक्षा के लिए हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया ।

# जिले के अंतिम छोर पर पहुंचा प्रशासन, सुनी समस्याएं

### शिविर में 108 आवेदनों का किया निराकरण

**रायगढ़/नवप्रदेश।** जनसामान्य की समस्याओं के निराकरण के लिए जिला प्रशासन जन समस्या निवारण शिविर के माध्यम से लगातर दूरस्थ ग्रामीण अंचल के गांवों में पहुंचकर ग्रामीणों की समस्याओं को दूर कर रहे है। इसी क्रम में रायगढ़ जिला मुख्यालय से लगभग 135 किलोमीटर दूर धरमजयगढ़ के दूरस्थ ग्राम विजयनगर में जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन हुआ। मौके पर 108 आवेदनों का निराकरण किया गया। शेष आवेदनों को कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने शीघ्र गुणवत्तापूर्ण निराकरण करते हुए आवेदकों को सूचित करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने कहा कि स्थानीय समस्याओं का त्वरित निराकरण के उद्देश्य से जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मौके पर जिला प्रशासन की पूरी टीम मौजूद है, ताकि ग्रामीणों की जो भी समस्याएं है उसका निराकरण स्थल पर किया जा सके। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य व शिक्षा पर विशेष रूप से कार्य किया जा रहा है। उन्होंने सभी को विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल में योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने हेतु कहा। इस दौरान कलेक्टर श्री गोयल ने आम नागरिकों से रूबरू होकर समस्याएं सुनी, कुछ समस्याओं का मौके पर निराकरण किया। उन्होंने कुछ के लिए समय-सीमा निश्चित कर समाधान करने अधिकारियों को निर्देश दिए। शिविर स्थल में विभागों द्वारा आकर्षक स्टॉल लगाया गया था, जिसमें अपने-अपने विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में जानकारी आमजनों की दी गई। मौके पर कलेक्टर श्री गोयल ने विभाग द्वारा लगाए गए स्टॉल का निरीक्षण किया और हितग्राहियों को सामग्री वितरित किए। स्वास्थ्य विभाग द्वारा हितग्राहियों के मेडिकल टेस्ट कर उन्हें बुखार, उल्टी-दस्त, हीमोग्लोबिन, शुगर जैसी दवाइयों का वितरण किया गया। आयोजित शिविर में वन विभाग द्वारा एक पेड़ मां के नाम पर लोगों को पौधे का वितरण किया गया। शिविर में पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल, सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव, डीएफओ धरमजयगढ़ अभिषेक जोगावत, जिला पंचायत सदस्य बलवंत तिग्गा, जनपद अध्यक्ष पुनीत राठिया, बीडीसी गणेश राम राठिया, सरपंच विजयनगर धनकुंवर, विनय पाण्डेय,नीरज शर्मा, विनोद गुप्ता, देवेन्द्र वर्मा, जगजीत महंत, तुलसी प्रसाद दुबे, कार्तिक श्रीवास सहित बड़ी संख्या ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### विभागीय योजनाओं से लाभान्वित हुए हितग्राही

विजय नगर में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में पांच हितग्राहियों का मौके पर बीपीएल एवं एपीएल राशन कार्ड बनाया गया। इनमें सुकरी यादव, सुभ्रित, सुमन्ती, सिरमोती, कौशल्या शामिल थे। इसी तरह तीन स्व-सहायता समूह का बैंक लोन पास किया गया। शिविर में श्री गजानंद राठिया को स्प्रिंकलर सेट, श्री मनमोहन राठिया एवं श्री मुरलीधर यादव को विद्युत पंप एवं श्री मनोज माझी, श्री लोहर साय, श्री अरूण कुमार सिदार, श्री ललित चौहान एवं श्री पेनसाय सिदार को मृदा स्वास्थ्य कार्ड एवं सूक्ष्म पोषक तत्व से लाभान्वित किया गया। मछली पालन विभाग अंतर्गत श्रीमती जयमोती नगेशिया एवं श्रीमती राजू बाई यादव को जाल तथा श्रीमती गनपति नाग एवं श्रीमती देवंती नाग को आईस बाक्स प्रदान किया गया। मौके पर 10 हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड बनाया गया। इसी तरह पांच बच्चों को गणवेश, पांच बच्चों को सुपोषण किट दिया गया। वहीं स्कूली बच्चों को जाति प्रमाण-प्रदाय किया गया। इसी तरह 9 गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की गई एवं 10 बच्चों का अन्नप्रासन्न कराया ।

### लखपति दीदी हुई सम्मानित

जनसमस्या निवारण शिविर में धरमजयगढ़ विकासखण्ड अंतर्गत की 4 महिलाओं को लखपति दीदी से सम्मानित किया गया। इनमें ग्राम-रतनपुर की हेमलता बंजारा, विजयनगर की मोहरमती महंत, कुमरता की अम्बिका सिदार एवं कमरई की टिकेश्वरी राठिया को लखपति दीदी सम्मान पत्र से सम्मानित किया गया।

### जिला शिक्षा अधिकारी ने परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

**रायगढ़/नवप्रदेश।** प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी रायगढ़ टी एक्का ने घरघोड़ा मुख्यालय में छत्तीसगढ़ बोर्ड परीक्षा के अंतर्गत चल रही दसवीं एवं बारहवीं की पूरक परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय घरघोड़ा में छात्र-छात्राओं द्वारा शांतिपूर्वक परीक्षा देते हुए पाए गए। ज्ञात हो छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा साल में दो बार आयोजित करने का निर्णय लिया है, इसी निर्णय के परिपालन में जिले के 07 विकासखण्ड मुख्यालय में परीक्षा केंद्र कक्षा 10 वी एवं 12 वी के परीक्षार्थियों के लिए बनाया गया है। उक्त द्वितीय अवसर परीक्षा में जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा अपनी टीम के साथ निरीक्षण किया। साथ ही उन्होंने शासकीय कन्या पूर्व माध्यमिक शाला में चल रहे कक्षाओ का निरीक्षण करते हुए छात्राओं से विषय संबंधी जानकारी ली एवं स्कूली विद्यालयों में संचालित शासकीय योजनाओं, गणवेश वितरण, मध्यान्ह भोजन, पाठ्य पुस्तक उपलब्धता, पाठ्यक्रम पूर्णता की जानकारी लेते हुए शैक्षणिक गतिविधियों पर संतोष जाहिर किया। इस अवसर पर जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा रायगढ़ एन के चौधरी, सहायक परियोजना संचालक भुवनेश्वर पटेल शामिल रहे। निरीक्षण के दौरान पाठ्य विषय संबंधी जानकारी ली गई। संस्था के प्रभारी प्राचार्य हरिश्चंद्र बेहरा प्रधान पाठक अखिलेश मिश्रा एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिका उपस्थित रहे।

# कारगिल विजय दिवस पर शहीद जवानों को दी गई श्रद्धांजलि

**रायगढ़/नवप्रदेश।** रायगढ़ शहर के कारगिल चौक में आज सुबह कारगिल विजय दिवस जयंती समारोह मनाया गया। इस दौरान उपस्थित सभी लोगों ने भारतीय जवानों की वीरता को नमन करते हुए कारगिल युद्ध के शहीदों को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

कारगिल विजय दिवस के दिन हम देश के उन वीर जवानों की बहादुरी को याद करते है, जिन्होंने देश की सीमाओं की रक्षा के लिए अपनी प्राणों की परवाह न करते हुए कारगिल को मुक्त कराया। उनकी बहादुरी और शौर्य की गाथा हमें सदैव प्रेरणा देती रहेगी। यह देश के वीर सपूतों, कारगिल योद्धाओं की बहादुरी का स्मरण करने, उनके प्रति सम्मान और कृतज्ञता प्रगट करने का दिन है। इस अवसर पर नेता प्रति नगर निगम पूनम सोलंकी, सुभाष त्रिपाठी, आशा त्रिपाठी, जिला सैनिक कल्याण के कर्नल आशीष पाण्डेय एवं कर्मचारीगण, एन.सी.सी. बटालियन के कमाण्डिग ऑफिसर कर्नल हेमन्त झा एवं एन.सी.सी. केडेट्स तथा पूर्व सैनिक संगठन के सदस्य एवं जनसामान्य उपस्थित रहे।

### सोसायटी से 40 बोरा चावल चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**अंबिकापुर/नवप्रदेश।** मिली जानकारी अनुसार प्रार्थी दिनेश कुमार पोर्ते साकिन कोट वंदना थाना सीतापुर 25 जुलाई कों थाना सीतापुर आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि प्रार्थी कोट राशन दुकान का संचालन करता हैं, 19 जुलाई कों माह अगस्त में सार्वजानिक वितरण प्रणाली हेतु 511 बोरा चावल सोसायटी में आया था जिसे वितरण किया जाना था, घटना 23 जुलाई कों अज्ञात व्यक्तियों द्वारा सोसायटी का ताला तोड़कर 40 बोरी चावल चोरी कर लिया गया हैं, प्रार्थी कि रिपोर्ट पर थाना सीतापुर मे अपराध क्रमांक 231/24 धारा 331(4), 305 (इ) बी.एन.एस. का अपराध दर्ज कर विवेचना मे लिया गया। दौरान विवेचना पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए घटनास्थल का निरीक्षण कर आस पास के सीसीटीवी फूटेज का अवलोकन किया गया, सीसीटीवी अवलोकन पर मामले के संदेही एवं घटना में प्रयुक्त वाहन का पहचान कर पता तलाश किया जा रहा था, पुलिस टीम के सतत प्रयास से मामले के संदेही कों पकड़कर घटना के सम्बन्ध मे पूछताछ किये जाने पर अपना नाम ललन यादव उम्र 36 वर्ष साकिन सोनतरई थाना सीतापुर का होना बताया एवं अपने अन्य साथियो के साथ मिलकर सोसायटी से 40 बोरा चावल चोरी की घटना कारित किया जाना स्वीकार किया गया, आरोपी के निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त वाहन छोटा हाथी वाहन क्रमांक सीजी/30/डी/9048 एवं सोसायटी से चोरी किया गया 29 बोरा चावल बरामद किया

# कारगिल विजय दिवस पर निकाली मशाल रैली

**गौरेला पेन्ड्रा मरवाही/नवप्रदेश।** जिला भाजपा युवा मोर्चा के तत्वाधान में पेन्ड्रारोड में कारगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ के एक दिन पूर्व मसाल रैली का आयोजन किया गया जिसमे भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और साथ ही देश के अमर शहीद जवानों ने जिस जज्बे के साथ इस युद्ध में भारत को विजय दिलाने का काम किया और कारगिल युद्ध जीतकर हमारे देश को सशक्त बनाने में योगदान दिया उसको याद करते हुए भारतीय जनता युवा मोर्चा राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला गौरेला-पेन्ड्रा-मरवाही के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में भाजयुमो के प्रदेश सहप्रभारी दीप ज्योति मुंड,भाजपा जिला अध्यक्ष कन्हैया राठौर, भाजयुमो प्रदेश उपाध्यक्ष रितेश मोहरे एवं प्रदेश मंत्री गौरी गुप्ता, भाजयुमो जिला अध्यक्ष अंकुर गुप्ता शामिल हुए ।

भाजपा युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष गौरव शर्मा, सौरभ अग्रवाल एवं जिला महामंत्री सिद्धार्थ दुबे के नेतृत्व में निकाली गई मशाल रैली की शुरुवात संजय चौक से की गई एवं वह रैली मंगली बाजार होते हुए सरस्वती शिशु मंदिर तक लाया गया तत्पश्चात अमर शहीदों को याद करते हुए अमर ज्योति दीप की स्थापना किया गया जो आज दिन गुरुवार से लेकर निरंतर 24 घंटे तक कल शुक्रवार तक प्रज्वलित रहेगा और इसके संपूर्ण देखरेख की जिम्मेदारी भी युवा मोर्चा के कार्यकर्ता द्वारा किया गया ,यहां आपको बता दे की युवा मोर्चा द्वारा स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं उनके बलिदान को याद किया गया और साथ ही देश के लिए अपनी जान न्यौछावर करने वाले जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके बलिदानों को पुनः देश के समक्ष रखते हुए युवा पीढ़ी के सामने उनके इस शहादत को रखा गया । इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुकेश दुबे, राखी सिंह, पवन पैकरा, बबूल रोहणी, शिव शर्मा, केशव पांडेय, रजनीश तिवारी, सन्नी आगवानी, मनोरम गुप्ता, रानू नामदेव, भावेश केशरवानी, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष एकलव्य केवट, प्रखर नामदेव, विक्की मिश्रा, करण साहू, अभिषेक जैसवाल, किशन रजक, सहित युवा मोर्चा कार्यकर्ता शामिल हुए ।

### क्लब ने स्कूल के छात्रों को किया बैग का वितरित

**पेण्ड्रा/नवप्रदेश।** द एसोसिएशन आफ वी क्लब आफ इंडिया की जिला अध्यक्ष अनीता फरमानिया ने संस्कृत विद्यापीठ अड़भार में सौ स्कूल बैग वितरित किए गए। उन्होंने स्कूल के लिए दो दीवाल घड़ी तथा एक आइना भेंट की। इस अवसर पर उनके साथ अलका फरमानिया, क्षेत्रीय अध्यक्ष पम्मी अरोड़ा एवं सविता गुप्ता वी क्लब पेंड्रा लक्ष्य की नीतू जैन, कविता थदलानी भी उपस्थित रहीं।

### शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाला गिरफ्तार

**अंबिकापुर सरगुजा।** मिली जानकारी अनुसार प्रार्थिया द्वारा 25 जुलाई कों थाना कोतवाली आकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि पिड़िता एवं मामले का आरोपी राजकुमार सोनी एक दूसरे से पूर्वपरिचित थे, आरोपी राजकुमार सोनी पिड़िता कों शादी करने का झांसा देकर दिनांक 01/09/18 से 30/06/24 तक लगातार जबरन दुष्कर्म की घटना कारित किया है,और अब शादी करने से इंकार कर रहा हैं, मामले मे प्रार्थिया के रिपोर्ट पर थाना कोतवाली मे अपराध क्रमांक 507/24 धारा 376 (2)(ढ) भा.द.वि. का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया।

दौरान विवेचना पुलिस टीम द्वारा मामले के आरोपी का पता तलाश कर घेराबंदी कर पकड़कर पूछताछ किया गया, जो आरोपी द्वारा अपना नाम राजकुमार सोनी 25 वर्ष पिपरा थाना पिपरा जिला पलामु झारखण्ड हाल मुकाम शास्त्री वार्ड मायापुर अम्बिकापुर का होना बताया, आरोपी से घटना के सम्बन्ध मे पूछताछ किये जाने पर अपराध घटित किया जाना स्वीकार किया गया, आरोपी के विरुद्ध अपराध सबूत पाये जाने से गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा मे भेजा जाता हैं।

### अंग्रेजी एवं संस्कृत की द्वितीय अवसर परीक्षा में 73 अनुपस्थित

**रायगढ़/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा संचालित द्वितीय मुख्य/ अवसर हाई एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा-2024 के तहत 26 जुलाई को 10 वीं बोर्ड के सामान्य अंग्रेजी की परीक्षा संपन्न हुई। जिसमें 1167 परीक्षार्थी संख्या दर्ज की गई थी। जिसमें से 1094 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दिलाई। 73 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इसी तरह 12 वीं बोर्ड के सामान्य संस्कृत की परीक्षा संपन्न हुई। जिसमें 32 परीक्षार्थी संख्या दर्ज की गई थी। जिसमें से 28 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दिलाई। 4 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। जिले में कहीं भी नकल प्रकरण दर्ज नहीं किया गया है। परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न हुआ।

### जिले में 369.3 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई

**रायगढ़/नवप्रदेश।** चालू वर्षा मौसम में रायगढ़ जिले में 26 जुलाई तक 369.3 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 2.5 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 416 मिली मीटर, पुसौर में 421.8, खरसिया में 322.3, घरघोड़ा में 387.3, तमनार में 294.1, लैलूंगा में 336.8, मुकडेगा में 404, धरमजयगढ़ में 291.8 छाल में 388.7 एवं कापू में 430 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

# असरा टूर एंड ट्रेवल्स की नई शाखा का उद्घाटन, हज व उमराह जाना हुआ आसान

**अंबिकापुर/नवप्रदेश।** असरा टूर एंड ट्रेवल्स ने राज्य के लोगों के सुविधा को ध्यान में रखते हुए हज व उमराह टूर ट्रेवल्स की नई शाखा का उद्घाटन किया उद्घाटन पर लोगों को हज और उमरा जाने के लिए किफायती दर पर बुकिंग की जानकारी दी गई।

शाखा द्वारा बताया गया कि यहां से किफायती दर पर बुकिंग होगी हज और उमराह के लिए पासपोर्ट भी बनवाया जाएगा जानकारी देते हुए असरा टूर एंड ट्रेवल्स के संचालक हाफिज अफजल ने बताया की वे सरगुजा संभाग के ही रहने वाले हैं वे पिछले विगत 8 वर्षों से हज व उमरा को जाने वाले यात्रियों की सुविधा हेतु कार्यों को नागपुर में रहकर यह कार्य कर रहा हूं अंबिकापुर सरगुजा के ग्राम पंचायत उदारी जनपद पंचायत लुंड्रा का रहने वाला हु पेशे से नागपुर के मस्जिद में वर्तमान में मस्जिद में इमामत करता हु सरगुजा सहित संभाग के लोगों को बेहतर से बेहतर सुविधा देने के मंसूबे से आज सरगुजा संभाग मुख्यालय अंबिकापुर के हरसागर तालाब के बगल में मैंने अपने नए कार्यालय का उद्घाटन किया है जिससे यहां के लोगों को सही जानकारी मिल सके उन्होंने बताया कि बहुत बार एजेंट को सही जानकारी नहीं होने से हज उमराह में जाने वाले लोगों को काफी तकलीफ होती है हमारी शाखा के द्वारा जियारत करने वाले काफी जायरीनों को हज उमराह के लिए सऊदी अरब मक्का मदीना भेजा जाता है हमारी शाखा नागपुर से ही डायरेक्ट फ्लाइट के माध्यम से लोगों को हज व उमरा करने भेजते है। उद्घाटन के अवसर पर मुख्य अतिथि शहरे काजी मौलाना अबुलेश आजमी मिसबाही इमाम नुरानी मस्जिद अल्पसंख्यक प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश प्रवक्ता जीशान खान जामा मस्जिद के इमाम मौलाना अबरार पूर्व पार्षद फारूक कबाड्डी पार्षद प्रतिनिधि हसन खान मुजीबुर रहमान बाबर इदरीशी शिक्षक मुस्ताक खान असफाक खान मो असलम खान नशीम खान शमीम खान सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### वाहन चालक को कर्तव्य पर उपस्थित होने नोटिस

**रायगढ़/नवप्रदेश।** कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में कलेक्टर कार्यालय रायगढ़ से वाहन चालक अपर्ण कुमार खेस, कार्यालय अनु. अधिकारी (रा)धरमजयगढ़ को बिना किसी पूर्व सूचना के अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने के कारण सूचना पत्र जारी किया गया है। उन्हें अंतिम अवसर प्रदान करते हुए कहा गया है कि वे सप्ताह के भीतर अपने कर्तव्य पर उपस्थित होना सुनिश्चित करें अन्यथा छ.ग.शासन वित्त विभाग के निर्देश 15/2018, दिनांक 22.3.2018 के कंडिका 03 के अनुसार शासकीय सेवा से त्याग पत्र दिया हुआ समझा जाकर उनकी सेवा समाप्ति कर दी जाएगी। जिसके लिए वे स्वयं व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार होंगे। अनुविभागीय अधिकारी (रा) धरमजयगढ़, जिला रायगढ़ द्वारा अवगत कराया गया है कि वाहन चालक अपर्ण कुमार खेस 20 नवम्बर 2017 से बिना किसी पूर्व सूचना के अनाधिकृत रूप से अपने कार्य से अनुपस्थित है। एसडीएम (रा) धरमजयगढ़ को उक्त कारण बताओ सूचना की प्रति आपसे प्राप्त जवाब का परीक्षण कर सहित कलेक्टर कार्यालय को उपलब्ध कराने निर्देशित किया गया।

■ न्यूज गैलरी

## जियो का धमाका ऑफर... नए AirFiber पर 1000 रुपये का इंस्टॉलेशन फ्री

**नई दिल्ली (ए)।** रिलायंस जियो (Reliance Jio) 15 अगस्त तक एयरफाइबर का कनेक्शन लेने पर 1,000 रुपये का इंस्टॉलेशन चार्ज नहीं लेगी. कंपनी से जुड़े सूत्रों ने कहा कि इससे शुरुआती स्तर के प्लान पर 30 प्रतिशत तक की छूट मिलेगी. बता दें कि जियो अपने नए एयरफाइबर कनेक्शन (New AirFiber Connections) पर 30 प्रतिशत की छूट दे रहा है.अब जियो फ्रीडम ऑफर (Jio Freedom Offer) के तहत आपको इंस्टॉलेशन चार्ज नहीं देना होगा. इस फ्रीडम ऑफर के तहत नए यूज़र्स को 1000 रुपये का इंस्टॉलेशन चार्ज (JioAirFiber installation charge) माफ किया जा रहा है. यानी आपको नए एयरफाइबर कनेक्शन के लिए स्टैंडर्ड 3 महीने का प्लान 1000 रुपये इंस्टॉलेशन चार्ज हटाने के बाद सिर्फ2121 रुपये में मिलेगा.ऑफर के बिना यह प्लान 3121 रुपये का आता है. बता दें कि ये ऑफर 15 अगस्त, 2024 तक उपलब्ध है. जियो एयरफाइबर कनेक्शन लेने वाले ग्राहकों को कम से कम तीन महीने के लिए भुगतान करना होगा. जियो ने जून, 2024 कर तिमाही में पूरे भारत में 11 लाख से अधिक नए एयरफाइबर कनेक्शन जोड़े थे.

## सी विजयकुमार बने सबसे अधिक वेतन लेने वाले भारतीय सीईओ

**नई दिल्ली (ए)।** एचसीएल टेक के सीईओ सी विजयकुमार सबसे अधिक वेतन पाने वाले भारतीय सीईओ बन गए हैं। कंपनी की वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार विजयकुमार को लगभग 1.96 मिलियन डॉलर (16.39 करोड़ रुपये) का बेसिक वेतन, 1.14 मिलियन डॉलर (9.53 करोड़ रुपये) का प्रदर्शन-लाइन बोनस, वहीं दीर्घकालिक प्रोत्साहन (एलटीआई) नकद घटक मद में लगभग 2.36 मिलियन डॉलर (19.74 करोड़ रुपये) का भुगतान किया गया था। एचसीएल टेक के सीईओ सी विजयकुमार सबसे अधिक वेतन पाने वाले भारतीय सीईओ बन गए हैं। 22 जुलाई को जारी कंपनी की वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2024 के लिए विजयकुमार का पारिश्रमिक लगभग 84.16 करोड़ रुपये रहा।

# श्रीकृष्ण जी की धरती पर 'सोना बनी जमीन'

**■ 60 लाख वाला प्लॉट बिका 30 करोड़ में**

**नई दिल्ली (ए)।** भगवान श्रीकृष्ण की धरती वृंदावन में आजकल जमीन के भाव आसमान छूट रहे हैं. इसकी बानगी मथुरा वृंदावन विकास प्राधिकरण के विभिन्न आवासीय योजनाओं के तहत प्लॉटों की ऑनलाइन नीलामी में देखने को मिला. इस नीलामी में वृंदावन के रुक्मणी विहार स्थित 300 वर्ग गज के एक प्लॉट की बोली 30.15 करोड़ रुपये लगी. इस प्लाट का बेस प्राइज केवल 60 लाख रुपये ही था.

इतनी ऊंची बोली देखकर एमवीडीए के अधिकारियों का भी सिर चकरा गया. अधिकारियों को इस तरह बेतहाशा बोली लगाने के पीछे साजिश की बू आ रही है. मना जा रहा है कि नीलामी को फेल करने के लिए कुछ लोगों ने जानबूझकर अनाप-शनाप रेट भरे हैं.

इस प्लाट के अलावा रुक्मणी विहार के 83 नंबर वाले 288 वर्ग मीटर के प्लॉट पर भी बोलीदाता टूटकर पड़े.

58.32 लाख रुपये वाले इस प्लाट की कीमत 19 करोड़ 11 लाख रुपये रुपए तक पहुंचा दी गई. एमवीडीए ने प्लाटों की बेतहाशा लगाई गई कीमत पर कहा है कि जिन लोगों ने प्लाट्स के लिए सबसे अधिक बोली लगाई है, अगर वो प्लाट नहीं लेते हैं तो नीलामी के लिए जमा कराई गई जमानत राशि जब्त कर ली जाएगी.

**36 भूखंडों की हो रही है नीलामी**

मथुरा वृंदावन विकास प्राधिकरण के विभिन्न आवासीय योजनाओं के तीन दर्जन प्लाट की ऑनलाइन प्रक्रिया गुरुवार से प्रारंभ हुई. पहले दिन 8 प्लाट का ई ऑक्शन हुआ. सभी प्लाट के लिए 889 आवेदक मैदान में है. सूत्रों का कहना आज के 8 प्लाट के बारे में कुछ दिन बाद स्पष्ट हो जायेगा. इनकी ई नीलामी शायद पुनः करानी पड़ेगी।

**आ रही है साजिश की बू**

प्रॉपर्टी जानकारों का कहना है कि 300 वर्ग गज के प्लाट के लिए 30 करोड़ रुपये की बोली लगाना अपने आप में हैरानीजनक है. इन प्लाटों को न बिकने देने और ऑनलाइन नीलामी प्रक्रिया को फेल करने के लिए लोगों ने बड़ी संख्या में भाग लिया. कुछ लोगों ने अपने जमानत धनराशि की परवाह न करते हुए बेहिसाब रेट भरे हैं.

**क्या होगा अगर नहीं लेंगे प्लाट**

मथुरा वृंदावन विकास प्राधिकरण के विशेष कार्य अधिकारी प्रसून द्विवेदी ने बताया कि बोली लगाने वाले आवेदक अगर निर्धारित अवधि में तय कीमत नहीं देंगे तो उनकी जमानत धनराशि जब्त कर ली जाएगी. जरूरत पड़ने पर बोली लगाकर छोड़े गए प्लाटों की नीलामी दोबारा की जाएगी।

## बंधन बैंक का कुल कारोबार 22 प्रतिशत बढ़कर हुआ 2.59 लाख करोड़ रुपए

Bandhan Bank

**रायपुर/नवप्रदेश।** बंधन बैंक ने वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही के लिए अपने वित्तीय परिणामों की घोषणा की। बैंक का कुल कारोबार 22 प्रतिशत बढ़कर 2.59 लाख करोड़ रुपए पर पहुँच गया। कुल जमा में अब बैंक की खुदरा हिस्सेदारी लगभग 69 प्रतिशत है। पिछली तिमाही में देखी गई उत्साहजनक बढ़त वितरण, व्यावसायिक दक्षता और अनुकूल परिचालन वातावरण में इसके विस्तार से प्रेरित है।

बैंक अब भारत में 6,300 बैंकिंग आउटलेट के माध्यम से 3.44 करोड़ से अधिक ग्राहकों को सेवाएँ प्रदान करता है। बंधन बैंक में कार्यरत कर्मचारियों की कुल संख्या अब लगभग 77,500 है। वित्त वर्ष 2025 की पहली तिमाही के दौरान बैंक की जमाराशि में पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 23 प्रतिशत की बढ़त हुई। कुल जमाराशि अब 1.33 लाख करोड़ रुपए हो गई है, जबकि कुल एडवांस 1.26 लाख करोड़ रुपए हैं। चालू खाता और बचत खाता (सीएएसए) अनुपात समग्र जमाराशि के 33.4 प्रतिशत है। बैंक की स्थिरता का सूचक पूँजी पर्याप्तता अनुपात (सीएआर) 15.7 प्रतिशत है, जो विनियामक आवश्यकता से अधिक है।

## TATA की एयरलाइन देगी ऐसी सुविधा जो भारत में आज तक किसी ने नहीं दी

**■ यात्रियों की होगी मौज**

**नई दिल्ली (ए)।** फ्लाइट के दौरान कुछ घंटों तक आप दुनिया से कट जाते हैं. दरअसल, फ्लाइट में मोबाइल और इंटरनेट सर्विस आपका साथ छोड़ देते हैं और आप फ्लाइट मोड में चले जाते हैं. हालांकि अब आप फ्लाइट में इंटरनेट का इस्तेमाल कर सकते हैं. इसके अलावा कुछ मिनट आप फ्री में इंटरनेट का इस्तेमाल कर सकते हैं.

दरअसल, टाटा ग्रुप की विमानन कंपनी विस्तारा की फ्लाइट में यात्रियों को 20 मिनट की कॉम्प्लिमेंटरी वाई-फाई इंटरनेट कनेक्टिविटी मिलेगी. कंपनी के मुताबिक, विस्तारा के यात्री बोइंग 787-9 ड्रीमलाइनर विमानों और एयरबस-321नियो विमानों द्वारा संचालित इंटरनेशनल फ्लाइट्स में इस सुविधा का फायदा उठा सकते हैं.

इन-फ्लाइट वाई-फाई सर्विसेज की सुविधा टाटा संस और एसआईए के स्वामित्व वाली विस्तारा एयरलाइन्स ने कहा, 20 मिनट की फ्री वाई-फाई सुविधा सभी केबिनों में यात्रियों को जुड़े रहने में सक्षम बनाएगी और यह उन लोगों के लिए भी आदर्श है जो भारतीय क्रेडिट/डेबिट कार्ड का इस्तेमाल करके एक्सटेंडेड वाई-फाई प्लान खरीदना चाहते हैं. कंपनी ने बताया कि कस्टमर्स को ईमेल के जरिए वन-टाइम पासवर्ड मिलेगा और एक्टिव सेशन के दौरान एक्सटेंडेड इन-फ्लाइट वाई-फाई सर्विसेज की खरीद की सुविधा मिलेगी.

**यह सर्विस देने वाली पहली भारतीय एयरलाइन:** विस्तारा के चीफ कमर्शियल ऑफिसर दीपक राजावत ने कहा, सभी केबिनों में इंटरनेशनल फ्लाइट्स में कॉम्प्लिमेंटरी वाई-फाई की पेशकश करने वाली पहली भारतीय एयरलाइन बनने की खुशी है. हमें विश्वास है कि ग्राहक इस वैल्यू एडिशन की सराहना करेंगे, जिसका मकसद उनकी विस्तारा सफर को ज्यादा सुविधाजनक, प्रोडक्टिव और सीमलेस बनाना है।

## लिवप्योर के एयर कूलर सेगमेंट में 6 गुणा और मॉडर्न ट्रेड में 197 प्रतिशत की बढ़ोतरी

**■ वित्त वर्ष 24 की पहली तिमाही में 50 प्रतिशत की वृद्धि हासिल की थी**

**नई दिल्ली, (वार्ता)।** लिवप्योर ने अपने पहली तिमाही में सभी व्यावसायिक वर्गों में 45 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है। वित्त वर्ष 24 की पहली तिमाही में कंपनी ने 50 प्रतिशत की वृद्धि हासिल की थी।

कंपनी ने जारी बयान में कहा कि पहली तिमाही में विभिन्न बिक्री चैनलों और उत्पाद कैटेगरी में प्रभावशाली बढ़ोतरी दर्शाते हैं।

मॉडर्न ट्रेड की आय में 197 प्रतिशत की शानदार वृद्धि हुई है जबकि जनरल ट्रेड की बिक्री 92 प्रतिशत बढ़ी है। ई-कॉमर्स ने भी 36 प्रतिशत की वृद्धि की है जो लिवप्योर की मजबूत ऑनलाइन उपस्थिति का संकेत है। कंपनी की विविधीकरण रणनीति अत्यधिक सफल साबित हुई है। कूलर सेगमेंट में 6 गुणा की बढ़ोतरी हुई है। लिवप्योर के मुख्य प्रोडक्ट लाइन वाटर प्यूरीफायर ने 21 प्रतिशत की वृद्धि की है।

**ओरिएंटेड सेगमेंट्स ने भी बेहतर प्रदर्शन किया**

लिवप्योर के सर्विस ओरिएंटेड सेगमेंट्स ने भी उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है। कंपनी के सर्विस राजस्व में 33 प्रतिशत की वृद्धि हुई। कंपनी के प्रबंध निदेशक राकेश कौल ने कहा, हमारे पहली तिमाही के नतीजे लिवप्योर की नए-नए आविष्कार करने और ग्राहक संतुष्टि को लेकर हमारी प्रतिबद्धता से पूरी तरह से मेल खाते हैं। हमारे एयर कूलर सेगमेंट में और डब्ल्यूएएएस ग्राहकों में शानदार बढ़ोतरी हमारे उत्पाद विविधीकरण और सदस्यता-आधारित मॉडल की सफलता को उजागर करते हैं। ये संख्याएं हमारी सफलता को दर्शाती हैं और आने वाली तिमाहियों में निरंतर ग्रोथ के लिए मंच तैयार करती हैं।

**नवाचार करना लाभदायक साबित हुआ**

हमने नवाचार करना और उपभोक्ता आवश्यकताओं के अनुसार खुद को ढालना जारी रखा है। हमें विश्वास है कि लिवप्योर इस विकास की इस दर को बनाए रखेगा, जिससे होम अप्लायंस और वाटर प्यूरीफिकेशन मार्केट लीडर के रूप में हमारी स्थिति और मजबूत होगी। इस तिमाही के परिणाम सिर्फ़ शुरुआत हैं। हमें लगता है कि यह लिवप्योर और हमारे ग्राहकों के लिए एक बड़ा बदलाव लाने वाला वर्ष होगा।

## बीएसपी ने दैनिक उत्पादन का बनाया नया रिकॉर्ड

सेल SAIL Bhilai Steel Plant

**दुर्ग/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में स्थित भिलाई स्टील प्लांट (बीएसपी) के स्टील मेल्टिंग शॉप-3 ने दैनिक उत्पादन का नया रिकॉर्ड बनाया है। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के मॉडेक्स इकाई स्टील मेल्टिंग शॉप-3 (एसएमएस-3) ने दैनिक उत्पादन का एक और नया कीर्तिमान स्थापित करते हुए 24 जुलाई 2024 को 38 हीट (6222 टन) ब्लूम कास्टिंग का उत्पादन रिकॉर्ड दर्ज किया। गत 22 दिसम्बर 2022 को दर्ज 36 हीट (5989 टन) ब्लूम कास्टिंग के पिछले सर्वश्रेष्ठ उत्पादन रिकॉर्ड को पार कर अब तक का सर्वश्रेष्ठ उत्पादन रिकॉर्ड बनाने में कामयाबी हासिल की है। एसएमएस-3 द्वारा उत्पादित कास्ट ब्लूम्स का उपयोग संयंत्र के यूनिवर्सल रेल मिल में वांछित ग्रेड और लंबाई की रेल्स की रोलिंग में किया जाता है। सेल-बीएसपी के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता तथा कार्यपालक निदेशक (वर्क्स) श्री अंजनी कुमार ने स्टील मेल्टिंग शॉप-3 और संबंधित विभागों के सदस्यों को उनकी इस उपलब्धि के लिए बधाई प्रेषित की है।

# एक बार मेहनत और विजिटिंग कार्ड से 6 महीने में 10 लाख की कमाई

**■ हर महीने डिमांड नहीं होती इसलिए वेंडर एग्रीमेंट नहीं कर सकते**

**बिजनेस डेस्क/नवप्रदेश।** यह एक जीरो इन्वेस्टमेंट हाई प्रॉफिट बिजनेस आइडिया है। भारत के कई शहरों में सफलतापूर्वक संचालित किया जा रहा है लेकिन, जितने लोग इस बिजनेस को कर रहे हैं, वह भी अब तक सभी ग्राहकों के पास पहुंच नहीं पाए हैं। प्रतिस्पर्धा का प्रश्न ही नहीं है। अभी जो भी शुरू करेगा उसे सिर्फ सफलता ही मिलेगी।

एक बात तो आप भी मानेंगे कि भारत के हर शहर में अच्छे अस्पताल नहीं होते लेकिन हर शहर में अच्छे स्कूल जरूर होते हैं। बड़ी बिल्डिंग, कई सारी फैसिलिटी, पढ़ाई के साथ एक्टिविटीज और काफी कुछ ऐसा होता है जो सिर्फ बच्चों को ही नहीं बल्कि पेरेंट्स को भी आकर्षित कर लेता है। इन स्कूलों में स्टूडेंट के लिए आईडेंटिटी कार्ड, लेमिनेशन वाले आईडी कार्ड, पीवीसी वाली आईडी कार्ड, बटन बैच, मैग्नेट बैच, स्पोर्ट्स इवेंट्स, हेड गर्ल, हेड बॉय, क्लास मॉनिटर आदि के लिए shashe, सिल्क और शाइनिंग वाले कपड़े पर बैनर और बैकड्राप, lanyard, प्रिंटेड t-shirt, प्रिंटेड कैप इत्यादि बहुत सारे प्रोडक्ट्स होते हैं जिनकी जरूरत पड़ती है।

**साल में केवल एक बार संपर्क की जरूरत**

हर महीने डिमांड नहीं होती इसलिए वेंडर एग्रीमेंट नहीं कर सकते। साल में एक बार जरूरत पड़ती है। इसके लिए या तो स्कूल संचालक को पूरे बाजार का चक्कर लगाना पड़ता है या फिर किसी कर्मचारी को भेजना पड़ता है। कर्मचारी एक तरफ अपने कर्तव्य से अनुपस्थित हो जाता है और दूसरी तरफइस प्रकार की खरीदारी में कमीशन भी कमा लेता है। स्कूल संचालकों का मानना है कि यदि कमीशन ही देना है तो फिर किसी और को देंगे। कर्मचारियों को उसके काम से डिस्टर्ब क्यों करें। यही स्थिति आपके लिए बिज़नेस अपॉर्चुनिटी है।

**फर्म के लोकल ट्रेड रजिस्ट्रेशन की जरूरत**

आपको सिर्फअपनी फर्म का लोकल ट्रेड रजिस्ट्रेशन करवाना है। अपने विजिटिंग कार्ड प्रिंट करवाने हैं और सारे स्कूल संचालकों से मिलने के लिए निकल पड़िए। पहले राउंड के बाद ही आपको रिस्पांस मिलना शुरू हो जाएगा। आपको सिर्फ ऑर्डर कलेक्ट करना है और ऑर्डर के अकॉर्डिंग प्रोडक्ट तैयार करवा कर स्कूल में डिलीवरी करनी है।

इस काम के बीच में आपको काफी अच्छा प्रॉफिट मार्जिन मिल जाएगा। जब काम जम जाए और आपके पैनल में स्कूलों की संख्या 100 से ज्यादा हो जाए तो फिर कुछ मशीन खरीद लेना और अपने स्टाफसे काम करवाना। इससे आपका प्रॉफिट और ज्यादा बढ़ जाएगा।

**संस्थाओं को लें पैनल में**

कॉलेज स्टूडेंट अथवा प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले उम्मीदवारों के लिए यह वाकई में एक अच्छा विकल्प है। यह बिजनेस ना तो साल भर चलता है और ना ही इसमें दिनभर काम करने की जरूरत है।

आप जितने स्कूल संभाल सकते हैं, उनको अपने पैनल में ले लीजिए। इसके बाद भी ऑर्डर बढ़ते चले जाते हैं तो, आप केवल ऑर्डर कलेक्ट करने का कम कीजिए। प्रोडक्ट बनवा कर डिलीवरी करने के लिए स्टाफ नियुक्त कर सकते हैं।

## मॉडल कौशल ऋण योजना एक सुधार और उदारीकरण है, जैसा कि जनता चाहती थी: जयंत चौधरी

**नई दिल्ली (ए)।** जयंत चौधरी, राज्य मंत्री (स्वतन्त्र प्रभार), कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई) और राज्य मंत्री, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार ने संशोधित मॉडल कौशल ऋण योजना का उद्घाटन किया, जिसका उद्देश्य युवाओं के लिए कौशल पाठ्यक्रमों, खासतौर पर ऊँचे शुल्क वाले आधुनिक पाठ्यक्रमों को सुलभ बनाना है, ताकि वे बिना आर्थिक बोझ के इन पाठ्यक्रमों का लाभ उठा सकें। यह योजना भारत के युवाओं को भविष्य के लिए तैयार कर उन्हें सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

योजना का उद्देश्य मेधावी छात्रों के लिए आधुनिक कौशल पाठ्यक्रमों को सुलभ बनाना है, जो आर्थिक बाधाओं के चलते इन पाठ्यक्रमों का लाभ नहीं उठा पाते। इस तरह उम्मीदवारों के लिए उद्योग जगत के अनुकूल भावी कौशल प्राप्त करना आसान हो जाएगा। कौशल ऋण बाज़ार में एनबीएफसी एवं माइक्रो फाइनैंस संस्थानों की भूमिका को देखते हुए, एमएसडीई ने वित्त मत्रांलय के अनुमोदन से, इस योजना में उल्लेखनीय संशोधन किए हैं। अब एनबीएफसी, माइक्रो फाइनैंस संस्थान और छोटे फाइनैंस बैंक भी ऋण दे सकेंगे, जो दिए गए ऋण की 75 फीसदी राशि तक डिफॉल्ट पर गारंटी द्वारा समर्थित होंगे। इसके अलावा क्रेडिट गारंटी कवर के लिए व्यक्तिगत ऋण का अधिकतम टिकट साइज़ बढ़ाकर रु 7.50 लाख कर दिया गया है, जबकि पहले इसकी सीमा रु 1.50 लाख थी।

**टैक्स** | किसी भी देश की व्यवस्था और सुचारू संचालन व सुरक्षा के लिए आय का साधन होना जरूरी है

# UAE, बहरीन के अलावा दुनिया के कई देशों में जनता नहीं देती Income Tax

**■ चेक करें टैक्स-फ्री देशों की लिस्ट**

**नई दिल्ली (ए)।** टैक्स किसी भी देश के संचालन के लिए बहुत जरूरी माना जाता है। कहा जाता है कि देश की इकोनॉमी में जनता द्वारा दिए जाने वाले टैक्स की अहम भूमिका होती है। लेकिन, दुनिया के कई देश ऐसे भी जहां जनता से कोई इनकम टैक्स नहीं लिया जाता है। इस लिस्ट में यूएई, सऊदी अरब जैसे कई देशों के नाम शामिल हैं।

**UAE**

डायरेक्ट टैक्स फ्री इकोनॉमी की लिस्ट में सबसे पहला नंबर संयुक्त अरब अमीरात आता है। यहां जनता से कोई व्यक्तिगत टैक्स नहीं लिया जाता है। इस देश में इकोनॉमी के संचालन के लिए सरकार अप्रत्यक्ष करों जैसे वैट (वैल्यू एडेड टैक्स) और कई चार्ज लेती है।

वैसे तो यूएई ऑयल और टूरिज्म सेक्टर में भी काफी मजबूत है, जिसकी वजह से यहां की जनता को इनकम टैक्स में राहत मिली है।

**बहरीन**

बहरीन के निवासी भी सरकार को टैक्स नहीं देती है। यहां भी सरकार डायरेक्ट टैक्स की जगह अप्रत्यक्ष करों और अन्य शुल्कों पर निर्भर है। कहा जाता है कि इस तरीके से देश की इकोनॉमी में भी रफ्तार आती है और यह बिजनेस-स्टार्टअप्स के लिए भी काफी अच्छा अवसर पैदा करता है।

**कुवैत**

टैक्स-फ्री देशों (Tax Free Countries) की लिस्ट में कुवैत का नाम शामिल है। कुवैत पूरी तरह से ऑयल से होने वाली इनकम पर बेस्ड इकोनॉमी है। यहाँ जनता से कोई व्यक्तिगत टैक्स नहीं लिया जाता है। चूंकि, कुवैत की इनकम का बड़ा हिस्सा तेल निर्यात से आता है। इस वजह से यहां सरकार जनता से डायरेक्ट टैक्स नहीं लेती है। टैक्स-फ्री देश होने के बावजूद कुवैत की इकोनॉमी काफी मजबूत है।

**सऊदी अरब**

सऊदी अरब की जनता भी एक रुपये का डायरेक्ट टैक्स नहीं देती है। सऊदी अरब की सरकार ने डायरेक्ट टैक्स सिस्टम को खत्म कर दिया है। यहां अप्रत्यक्ष कर व्यवस्था लागू है जो इकोनॉमी को बूस्ट करने में मदद करता है। दुनिया की समृद्ध अर्थव्यवस्थाओं की लिस्ट में सऊदी अरब का नाम शामिल है।

**द बहमास**

वेस्टर्न हेमिस्फीयर में मौजूद द बहमास भी टैक्स फ्री देश है। द बहमास को टूरिज्म के लिए हेवन यानी जन्नत कहा जाता है। चूंकि यहां टूरिज्म सेक्टर काफी मजबूत है, इस वजह से यहां कि सरकार जनता से कोई टैक्स नहीं लेती है।

**ब्रुनेई**

दुनिया के साउथ ईस्ट एशिया मौजूद ब्रुनेई इस्लामिक किंगडम के लोग भी इनकम टैक्स नहीं देते हैं। इस देश की कमाई का मुख्य सोर्स तेल का भंडार है।

**केमैन आइलैंड्स**

उत्तर अमेरिका महाद्वीप में कैरेबियन क्षेत्र केमैन आइलैंड्स है। यह टूरिज्म के लिए काफी आकर्षक जगहों में से एक है। इस देश में भी लोगों को कोई इनकम टैक्स नहीं देना होता है।

**ओमान**

खाड़ी देशों की लिस्ट में बहरीन और कुवैत के अलावा ओमान का नाम भी शामिल है। ओमान के नागरिक को कोई इनकम टैक्स नहीं देना होता है। ओमान में ऑयल और गैस सेक्टर का काफी मजबूत है, जिसकी वजह से यहां के नागरिक को यह राहत मिली है।

**मोनाको**

मोनाको काफी छोटा देश है। यह यूरोप में स्थित है। मोनाको में भी नागरिकों से कोई इनकम टैक्स नहीं वसूला जाता है।

# ज्वैलरी बिजनेस में उतरे बिड़ला, टाटा की तनिष्क को आने लगा पसीना!

**■ दिल्ली, जयपुर और इंदौर में खोले स्टोर**

**नई दिल्ली (ए)।** कुमार मंगलम बिड़ला की अगुवाई वाला आदित्य बिड़ला ग्रुप अब ज्वैलरी बिजनेस में बड़ा दांव खेलने की तैयारी में है. दरअसल, ग्रुप ने शुक्रवार को अपने ज्वैलरी ब्रांड इंद्रिय लॉन्च किया. बिड़ला ग्रुप ने 'इंद्रिय' की शुरुआत के साथ ही 6.7 लाख करोड़ रुपये के भारतीय ज्वैलरी मार्केट में कदम रखा.

ग्रुप ने एक बयान में कहा कि उसने ज्वैलरी बिजनेस का रिटेल नेटवर्क स्थापित करने के लिए 5,000 करोड़ रुपये निर्धारित किए हैं. इसके साथ ही ग्रुप ने अगले 5 साल में ज्वैलरी सेक्टर के टॉप-3 रिटेलर्स में शामिल होने का लक्ष्य रखा है.

**अगले 6 महीनों में 11 स्टोर खोले जाएंगे:** इंद्रिय ब्रांड के 4 स्टोर तीन शहरों- दिल्ली, इंदौर और जयपुर में खोले जाएंगे. ग्रुप की योजना 6 महीने के भीतर 10 से ज्यादा शहरों में इसका विस्तार करने की है.

**टाटा ग्रुप के Tanishq से होगा मुकाबला:** बयान के मुताबिक, ग्रुप अपने मजबूत ब्रांड इक्विटी और बाजार की गहरी जानकारी का लाभ उठाते हुए अपने कंज्यूमर पोर्टफोलियो को मजबूत कर रहा है. ब्रांडेड ज्वैलरी सेगमेंट में 'इंद्रिय' के साथ कदम रखने के बाद आदित्य बिड़ला ग्रुप बाजार के अगुवा ब्रांड टाटा ग्रुप के तनिष्क के साथ मुकाबला करेगा.

## न्यूज़ गैलरी

### आयुष मेडिकल एसोसिएशन का चिकित्सक सम्मेलन आज

**कोरबा/नवप्रदेश।** आयुष मेडिकल एसोसिएशन का चिकित्सक सम्मेलन 28 जुलाई रविवार को मध्यान्ह 2 बजे से होटल टॉप इन टाउन में आयुष मेडिकल एसोसिएशन कोरबा एवं झंडू फार्मा कोलकाता के संयुक्त तत्वाधान में अस्थिसुशिरता (आस्टीयोपोरोसिस) रोग पर विशेष संभाषा परिषद के रूप में आयोजित है। जिसमे झंडू फार्मा कोलकाता के एएसएम बृजेश पांडे नागपुर द्वारा आयुर्वेदानुसार अस्थिक्षय (आस्टीयोपोरोसिस) रोग के कारण, निदान एवं उपचार पर विशेष प्रकाश डालकर इस विषय पर चिकित्सकों के अनुभवों को साझा करने के साथ परिचर्चा की जाएगी।

### दो पक्ष आपस में भिड़ में भिड़े

**रायपुर/नवप्रदेश।** सेलटेक्स कालोनी में लोन पटाने को लेकर दो पक्ष आपस में भिड़ गए। दोनों पक्षों की शिकायत पर खम्हारडीह पुलिस ने काउंटर अपराध दर्ज किया है। पहले पक्ष से आईसीआईसीआई बैंक के कर्मचारी प्रार्थी भानुप्रताप सिंह 21 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी विनोद कुमार ने प्रार्थी के बैंक से लोन लिया था। जिसे पटाने कहने पर आरोपी ने प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। वहीं दूसरे पक्ष से प्रार्थी विनोद कुमार ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी भानुप्रताप सिंह, अमन पोदार व निलेश प्रताप ने प्रार्थी को न्यायालय में चल रहे केश को वापस ले लो कहकर प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। दोनों पक्षों की शिकायत पर खम्हारडीह पुलिस ने काउंटर अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### निर्माणाधीन मकान से सामान पार

**रायपुर/नवप्रदेश।** भावना नगर स्थित निर्माणाधीन मकान से अज्ञात चोर ने हजारों रुपए के सामान पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर खम्हारडीह पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी सुमीत सोंधी 40 वर्ष भावना नगर खम्हारडीह का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि उसके निर्माणाधीन मकान में अज्ञात चोर ने प्रवेश कर 2 नग टूल्लू पंप एवं पड़ोस में लगे 2 नग सीसीटीवी कैमरा पार कर दिया। चोरी गए सामानों की कीमत करीब 15 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर खम्हारडीह पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### सट्टा खिलाते आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर/नवप्रदेश।** सिविल लाइन पुलिस ने सट्टा खिलाते एक अधेड़ को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से सट्टा-पट्टी, मोबाइल व नकदी 2400 रुपए जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार सिविल लाइन पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर उत्कलनगर स्थित मां काली ऑटो मोबाइल दुकान के पास सट्टा खिलाते आरोपी संजय डागा 50 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से मोबाइल, सट्टा-पट्टी सहित नकदी 2400 रुपए जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### अवैध शराब के साथ दो व्यक्ति गिरफ्तार

**रायपुर/नवप्रदेश।** सरस्वती नगर और खरोरा पुलिस ने अवैध शराब के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 33 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 590 रुपए जब्त किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार सरस्वती नगर पुलिस ने बरगद झाड़ के पास कुकुरबेड़ा में दबिश देकर आरोपी काशीराम निर्मलकर 38 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 26 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 390 रुपए जब्त किया है। वहीं खरोरा पुलिस ने ग्राम भैंसा में दबिश देकर आरोपी राजू नारंग 42 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 7 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 290 रुपए जब्त किया है।

# जनसमस्या निवारण शिविर में होगा सभी प्रकारणों का निराकरण

### डिप्टी सीएम साव ने सभी निगम आयुक्तों और क्षेत्रीय संयुक्त संचालकों से बात कर नागरिकों की समस्याएं निराकृत करने के दिए निर्देश

**रायपुर/नवप्रदेश।** राज्य के सभी नगरीय निकायों में से जनसमस्या निवारण पखवाड़ा प्रारंभ हो गया है। उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री श्री अरुण साव ने सभी नगर निगमों के आयुक्तों और विभाग के पांचों क्षेत्रीय कार्यालयों के संयुक्त संचालकों से फोन पर बात कर गंभीरता से नागरिकों की समस्याएं निराकृत करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने जनसमस्या निवारण पखवाड़ा के दौरान वार्डवार आयोजित शिविरों में आधार कार्ड, राशन कार्ड, जन्म-मृत्यु प्रमाण

पत्र, भवन निर्माण अनुज्ञप्तियां, नल कलेक्शन, राष्ट्रीय परिवार सहायता, वृद्धावस्था पेंशन, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी करने तथा नामांतरण व स्वरोजगार के प्रकरणों का निपटारा करने भी कहा है।

उप मुख्यमंत्री श्री साव ने नगर निगम आयुक्तों और संयुक्त संचालकों को वार्डवार आयोजित शिविरों के सतत निरीक्षण और इनके सुचारू संचालन के भी निर्देश दिए हैं। उन्होंने राजस्व मामलों के निराकरण के साथ ही संपत्ति कर और अन्य करों की वसूली की भी व्यवस्था बनाने को कहा है।

### 10 अगस्त तक चलेगा जनसमस्या निवारण पखवाड़ा

प्रदेश के सभी 184 नगरीय निकायों में आज से शुरू जनसमस्या निवारण पखवाड़ा 10 अगस्त तक चलेगा। इस दौरान नगर निगमों, नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों में वार्डवार शिविरों का आयोजन कर लोगों की समस्याओं का निदान किया जाएगा। इन शिविरों के आयोजन से स्थानीय प्रशासन में लंबित शिकायतों का त्वरित निदान होगा और नागरिकों को जरूरी सुविधाएं मिलेंगी। नगरीय प्रशासन विभाग ने नगरीय निकायों के सभी विभागों के अधिकारियों को शिविर में मौजूद रहकर समस्याओं का निराकरण यथासंभव मौके पर ही करना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

### केंद्रीय बजट की विशेषताएं बताने छत्तीसगढ़ पहुंचे सेंट्रल मिनिस्टर

# विकसित भारत को दिखा रहा मोदी सरकार 3.0 का पहला बजट : मनसुख मंडाविया

**रायपुर/नवप्रदेश।** शनिवार को छत्तीसगढ़ के रायपुर पहुंचे केंद्रीय मंत्री मनसुख मंडाविया ने बजट की विशेषताएं बताते हुए कहा की मोदी सरकार का 3.0 का पहला बजट विकसित भारत के संकल्प को दिखा रहा है। मोदी जी की सोच इस बजट मे साफ़ दिखाई पड़ती है। देश के आज़ादी के वक्त रोटी, कपड़ा और मकान का नारा था। जो अब पूरा हो चुका है। देश को विकसित बनाने के लिए मोदी जी काम कर रहे हैं यह बात केंद्रीय मंत्री मनसुख मंडाविया ने केंद्रीय बजट को लेकर पत्रकारों से चर्चा में कही। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव, कैबिनेट मंत्री रामविचार नेताम, केदार कश्यप, ओपी चौधरी, टंकराम वर्मा, सांसद बृजमोहन अग्रवाल समेत वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में केंद्रीय मंत्री मनसुख मंडाविया ने बताया कि हमारी सरकार ने इस बजट में नौ प्राथमिकता तय की है। देश में खेती किसानी में सुविधा देने की व्यवस्था की गई है। किसान सम्मान निधि से छह हज़ार रुपए देने का कार्य हो रहा है। मोदी सरकार ने 1 लाख 52 हज़ार करोड़ रुपए का प्रावधान रखा है। हमारी सरकार ने प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए काम किया है। उन्होंने कहा कि इस देश में रोजगार बहुत आवश्यक है। 1 लाख 48 हजार करोड़ रुपए का ऐम्प्लॉयमेंट लिंक से जोड़ा जाएगा। ईपीएफओ के माध्यम से युवाओं के खातो में 12 हजार रुपए दिया जाएगा। हमारी सरकार स्किल डेवलपमेंट के लिए हर राज्य की सरकार के साथ मिलकर योजनाएँ बनाएगी। हब और स्पॉक के मॉडल से आईटीआई बनाई जाएगी। स्किल पॉवर को डेवलप कर हमारे युवाओं को रोजगार दिया जाएगा। एक करोड़ युवाओं की स्किलिंग कर इंटर्नशिप कराना है, हमारी सरकार अगले पांच साल में चार करोड़ युवाओं को नौकरी दिलाने का काम करेगी। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि सिटी प्लानिंग पर हमारी सरकार काम कर रही है। इस प्लानिंग पर डिजिटल टेक्नोलॉजी का उपयोग करने की तैयारी है। सरकार का बजट किसी भी सरकार के विजन की जानकारी देता है। शहरी क्षेत्र में 10 लाख करोड़ रुपए के निवेश से 1 करोड़ शहरी आवास बनाया जाएगा। मेरे चुनाव के वक्त शहरी आवास की लाभार्थी महिला मेरी नॉमिनी बनी थी।

### केंद्र सरकार करेगी 11 लाख करोड़ इन्वेस्ट

मनसुख मंडाविया ने कहा कि हमारी सरकार बजट में इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट सेक्टर पर 11 लाख करोड़ रुपए इन्वेस्ट करने जा रही है। इस देश में विकास की गति तीन गुना बढ़ चुकी है। आज 30 से 32 किलोमीटर हर दिन नेशनल हाईवे बन रहा है। इसी गति से इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट पर कार्य किया जा रहा है। हमारी सरकार 2047 के विजन को पूरा करने के लिए कार्य कर रही है। रिसर्च और इन्वेस्टमेंट पर सरकार काम कर रही है जो आने वाले समय के लिए बहुत लाभदायक रहने वाला है।

# बंटी बबली ने सौ से ज्यादा लोगों से की करोड़ों की ठगी, राज खुलने से पहले हुए रफूचक्कर

### अब तक 32 लोगों ने की थाने में शिकायत, पुलिस जांच में जुटी

**रायपुर/ नवप्रदेश।** अगर आप भी रायपुर के कमल विहार में मकान लेना चाहते है तो हो जाइए सावधान क्यूंकि शातिर ठगों की नज़र है आपकी जेब पर। पूरा मामला टिकरापारा थाना का है जहाँ दो लोगों ने मिलकर 100 से ज्यादा लोगों को कमल विहार के सेक्टर 1 में मकान दिलाने का झांसा देकर करोडो रूपए का चूना लगा दिया है। इस मामले में अबतक 32 लोगों ने टिकरापारा थाने में शिकायत दर्ज करा दी है और भी पीड़ितों की शिकायत पुलिस को लगातार मिल रही है । इन 32 पीड़ितों से ठगी हुई रकम का आंकड़ा 90 लाख रूपए पार हो चूका है। पुलिस के मुताबिक कौशल्या विहार स्थित आरडीए कॉलोनी में स्वतंत्र मकान दिलाने के नाम पर ठगी की वारदात को अंजाम दिया गया है। पुलिस ने इस मामले को गंभीरता से लेते एफआईआर दर्ज कर ली है एवं आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

### 2022 से चल रहा था ठगों का दफ्तर

मामले की जानकारी देते हुए टिकरापारा टीआई मनोज साहू ने बताया की अभय यादव , निहाल यादव और उनकी महिला मित्र द्वारा सन 2022 से लालपुर में एक दफ्तर खोल कर कमल विहार में लोगों को मकान दिलाने का झांसा देकर ठगी का कारोबार किया जा रहा था। पुलिस की जांच में अब तक यह पता चल पाया है की इन लोगों द्वारा लगभग 100 लोगों से ज्यादा के साथ ठगी कर करोड़ों रूपए का चूना लगाए जाने का अनुमान लगाया जा रहा है। वहीँ आरोपियों को उनके इस अवैध कारोबार से पर्दा उठने की भनक लगते ही तीनों शातिर जून महीने के मध्य में ही बोरिया बिस्तर समेट कर फरार हो गए। पुलिस ने लोगों द्वारा मिली शिकायत के बाद जब ठगों के दफ्तर जाकर उसे खोल कर देखा तो मैदान साफ़ था। फिलहाल आरोपियों की शिनाख्त हो चुकी है और उनकी मुस्तैदी से तलाश जारी है।

# सरेआम शराब पीते 13 गिरफ्तार

**रायपुर/नवप्रदेश।** राजधानी पुलिस ने नशेडियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते महिला सहित 13 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। गुढियारी पुलिस ने रामनगर कबीर चौक के पास सरेआम शराब पीते आरोपी सीताराम साहू 42 वर्ष व कृष्ण कुमार साहू 35 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं खमतराई पुलिस ने आरोपी सागर साहू 30 वर्ष व प्रमोद निषाद 19 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह मोवा पुलिस ने आरोपी रूपेंद्र वर्मा 30 वर्ष व नरेंद्र पटेल 38 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं नेवरा पुलिस ने आरोपी रामेश्वर प्रसाद साहू 30 वर्ष, जीवन लाल कुर्रे 34 वर्ष, कृष्णा शर्मा 25 वर्ष, गणेश साहू 25 वर्ष, दुर्गेश यादव 27 वर्ष व दीपक वर्मा 26 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

## विस अध्यक्ष ने सदन की समाप्ति पर सभी को धन्यवाद किया

**रायपुर/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कल सदन की समाप्ति पर सभी सदस्यों, अधिकारियों और कर्मचारियों को उनके सहयोग और समर्थन के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि सभी के सामूहिक प्रयासों से सदन का पावस सत्र की कार्यवाही सफलतापूर्वक संपन्न हुई है।

डॉ. सिंह ने विशेष रूप से उन सदस्यों की सराहना की, जिन्होंने अपनी महत्वपूर्ण बातें रखी और विधायकों के बीच स्वस्थ चर्चा और विचार-विमर्श को प्रोत्साहित किया। उन्होंने यह भी कहा कि सदन के सभी कर्मचारियों ने अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक पालन किया और सदन की कार्यवाही को सुचारू रूप से संचालित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

विधानसभा अध्यक्ष ने इस सत्र के दौरान पारित किए गए महत्वपूर्ण विधेयकों और प्रस्तावों का भी उल्लेख किया और कहा कि ये विधेयक राज्य के विकास और जनहित में महत्वपूर्ण साबित होंगे। अंत में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सिंह ने सभी को शुभकामनाएँ देते हुए सदन के पावस सत्र की समाप्ति की घोषणा की और कहा कि वह भविष्य में भी सभी के सहयोग की अपेक्षा करते हैं।

# शादी के 2 महीने बाद ही 19 वर्षीय नवविहिता की संदिग्ध मौत

### परिजनों ने लगाया ससुराल पक्ष पर हत्या का आरोप, पुलिस जांच में जुटी

**रायपुर/नवप्रदेश।** शनिवार को राजधानी रायपुर में एक नवविवाहिता की संदिग्ध मौत का मामला सामने आ रहा है। 19 साल की शुक्रवार को नवविवाहिता की अचानक तबियत ज्यादा बिगड़ जाने के चलते ससुराल वालों ने रायपुर के पचपेड़ी नाका स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। परिजनों ने नवविवाहिता के ससुराल वालों पर शारीरिक और मानसिक प्रताड़ित करने के आरोप लगाए हैं। जानकारी के अनुसार मृतक महिला की राजिम के गोबरा नवापारा निवासी उमाशंकर भिंजेकर के साथ मई 2024 में शादी हुई थी।

बीती रात नवविवाहिता की हालत अचानक गंभीर होने पर रायपुर के अस्पताल में भर्ती कराने की मृतक महिला के परिजनों को खबर दी जहाँ पचपेड़ी नाका स्थित निजी अस्पताल में उसकी संदिग्ध मौत हो गई। नवविवाहिता की मौत के बाद परिजनों ने अस्पताल में जमकर हंगामा मचाया। मौके पर पहुंची टिकरापारा थाना की पुलिस ने पहले को शांत कराया फिर परिजनों के कथन पर मामले की जांच में जुट गई है।

## दुर्घटनाग्रस्त कार का टायर पार

**कोरबा/ नवप्रदेश।** जिलान्तर्गत कुसमुंडा थाना क्षेत्र के शिव मंदिर चौक से कुछ दूर मुख्य मार्ग पर खड़े ट्रेलर से चोरों ने डीजल की चोरी की हैं। चालक के गहरी नींद में होने से चोरों की आहट का पता नहीं चल सका। वाहन के टैंक में पाइप लगाकर चोर गिरोह के सदस्य डीजल की चोरी कर रहे थे, तभी डॉयल 112 पुलिस वाहन में गश्त कर रहे जवानों की नजर पड़ी। मौका पाकर डीजल चोर गिरोह के सदस्य भाग निकले। इधर, हाइवे मार्ग पर चैतमा के पास दुर्घटनाग्रस्त कार का टायर चोरों ने पार कर दिया है। जानकारी के अनुसार कुसमुंडा मुख्य मार्ग पर शिव मंदिर चौक से गुरुद्वारा के बीच रोड किनारे ट्रेलर को खड़ा कर वाहन का चालक सो गया। डीजल चोर गिरोह के सदस्यों ने वाहन के टैंक में पाइप लगाकर डीजल की चोरी कर लिया। घटना 24-25 जुलाई की दरम्यानी रात की बताई गई। डॉयल 112 वाहन में गश्त कर रहे पुलिस जवानों की नजर भारी वाहन से डीजल चोरी कर रहे गिरोह के सदस्यों पर पड़ी।





स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्प्लेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- चन्द्रशेखर धोटे, स्थानीय संपादक अशोक शर्मा, फोन नंबर : 0771-3526755, डाक पंजीयन क्रमांक G -2-112 //CG/BPL/108/2020-22